रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 07, संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 13 जून 2024, वर्ष-25, अंक-131, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com






संसेक्स
76,606.57 ↑ +149.98

डॉलर
83.483 ↑ -0.105

रांची सर्राफा
10 ग्राम 70,930
01 किलो 95,000

## एक नजर

### पीएम मोदी 18 जून को किसानों से करेंगे संवाद

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक दिवसीय दौरे पर 18 जून को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आएंगे और मेहदीगंज में किसानों के साथ संवाद करेंगे। लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी का यह वाराणसी का पहला दौरा होगा। प्रधानमंत्री इस दौरे में काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे और शाम को गंगा आरती में शामिल होंगे।

### शेखर कुशवाहा को ईडी ने किया गिरफ्तार

**रांची।** ईडी ने रांची के बड़े जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया है। ईडी ने भूमि घोटाला से संबंधित केस में शेखर की गिरफ्तारी की है। ईडी शेखर कुशवाहा को गुरूवार के कोर्ट के समक्ष पेश कर सकती है। 16 अप्रैल को जमीन घोटाले में ईडी ने शेखर कुशवाहा समेत चार लोगों के कुल 9 जगहों पर छापेमारी की थी।

### 24 जून से शुरू होगा लोकसभा का सत्र

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा। वहीं, राज्यसभा का सत्र 27 जून से शुरू होगा। दोनों सदनों की कार्यवाही 3 जुलाई तक चलेगी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि सत्र के दौरान लोकसभा के नए चुने गए सांसद शपथ ग्रहण करेंगे।

## आज | कल




## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

**1994** से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

### झारखंड मंत्रालय में दूसरे दिन भी सीएम ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

# अबुआ आवास व रोजगार सृजन योजना की धीमी गति से नाराज

ब्यूरो रिपोर्ट

**रांची ।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बुधवार को लगातार दूसरे दिन भी झारखंड मंत्रालय में कई विभागों के विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस मौके पर संबंधित विभाग के प्रधान सचिव, सचिव और प्रमंडलीय आयुक्तों के साथ जिलों के उपायुक्त भी मौजूद थे। समीक्षा बैठक में अबुआ आवास और रोजगार सृजन योजना की धीमी गति से सीएम चंपाई सोरेन ने असंतोष जताया और अधिकारियों के कार्य से काफी नाराज दिखें।

**अबुआ आवास योजना में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई:** समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन अबुआ आवास योजना को लेकर बेहद गंभीर दिखें, उन्होंने अधिकारियों को साफ संदेश दिया कि अबुआ आवास योजना किसी तरह की अनियमिता और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीएम ने कहा कि इस योजना के लाभुक गरीब और जरूरतमंद होते हैं ।ऐसे में न्यूनतम दर पर उन्हें आवास निर्माण के लिए बालू जैसी निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने की पहल करें। लाभुकों के चयन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरतने का सीएम ने निर्देश दिया। जिन्हें अबुआ आवास आवंटित हो चुका है और उनका पहला चरण का कार्य संतोषजनक है तो उन्हें दूसरी किस्त की राशि जारी करें। सीएम ने अबुआ आवास योजना के तहत पहले चरण में स्वीकृत किए गए 2 लाख आवास और इसकी पहली किस्त की राशि जारी होने के उपरांत आवास निर्माण के प्रगति की जानकारी ली और इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया।

## रोजगार सृजन योजना में क्यों कम आ रहे आवेदन

मुख्यमंत्री ने रोजगार सृजन योजना की धीमी कार्य प्रगति पर असंतोष जताया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से पूछा कि आखिर क्यों मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत कम आवेदन आ रहे है, कहां कमी रह गई है, अधिकारी इसकी समीक्षा करें । मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना बेरोजगार लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने का एक महत्वकांक्षी योजना है। जो आवेदन आते हैं उसका शीघ्र निस्तारण करें। विभाग में आवेदन लंबित नहीं रहनी चाहिए। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। विभाग साइकिल वितरण योजना में तेजी लाए। साइकिल वितरण के निर्धारित लक्ष्य को ससमय पूरा करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के विस्तार हेतु कार्य प्रगति में तेजी लाएं।

**डीएमएफटी फंड की राशि कम खर्च पर सीएम हुए नाराज :** मुख्यमंत्री ने डीएमएफटी फंड की भी गहन समीक्षा की, जिसमें कई जिलों में फंड की राशि काफी कम खर्च की है। पाकुड़, गढ़वा, चतरा, रामगढ़ जिला सहित कई जिलों में डीएमएफटी की राशि का खर्च कम हुआ है, वहां के डीसी को सीएम ने अधिक से अधिक योजना लेकर फंड की राशि खर्च बढ़ाने का निर्देश दिया।




मुख्यमंत्री लगातार दूसरे दिन भी झारखंड मंत्रालय में कई विभागों के विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। दीपक बिरुआ और मिथिलेश ठाकुर मौके पर मौजूद थे।

### सभी पंचायत में 10 ड्रील नलकूप लगाने का निर्देश

मुख्यमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा करते हुए अबुआ आवास योजना से शौचालय निर्माण योजना को जोड़ने का निर्देश दिया। जो अबुआ आवास स्वीकृत हो चुके हैं, वहां इस योजना के तहत शौचालय निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू हो। राज्य के जिन गांवों को ओडीएफ प्लस घोषित किया गया है, उन गांवों को और बेहतर तथा अन्य सुविधाएं देने की पहल करें। सीएम ने कहा कि राज्य के सभी पंचायत में 10 ड्रील नलकूपों का लक्ष्य निर्धारित है । लेकिन, वर्तमान समय में जल का स्तर काफी नीचे चला गया है । ऐसे में नलकूप लगाने के लिए ड्रीलिंग का काम तब तक किया जाए, जब तक जल स्तर नहीं मिल जाए, इसका ध्यान जरूर रखें, वरना चापाकल लगाने की योजना बेकार हो जाएगी। सभी आंगनबाड़ी केंद्र जो अब तक नल जल से आच्छादित नहीं हैं, वहां जल जीवन मिशन के तहत जल्द से जल्द नल जल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी सीएम ने निर्देश दिया।

### म्यूटेशन में कई जिलों की रिपोर्ट पर नाराज

म्यूटेशन और सुओ मोटो म्युटेशन मामलों से समीक्षा करते हुए सीएम चंपाई सोरेन ने कई जिलों के रिपोर्ट पर काफी नाराजगी जाहिर की। हजारीबाग, रांची , गिरिडीह और पलामू के कई अंचलों में म्यूटेशन के मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया काफी खराब है। ऐसे में इन जिलों के खराब परफॉर्म करने वाले अंचलों को चिन्हित कर वहां के अंचल अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का प्रस्ताव भेजें। सीएम सभी जिला के डीसी को निर्देश दिया कि अपने जिले के अंतर्गत आने वाले उन अंचलों को चिन्हित करें, जहां बिना किसी वजह के म्यूटेशन के मामले 90 दिनों से ज्यादा समय से लंबित हैं, उन्हें शो कॉज जारी करें और कार्रवाई का प्रस्ताव भेजे।

## शपथ ग्रहण

### चंद्रबाबू नायडू ने ली आंध्र प्रदेश के सीएम पद की शपथ

**विजयवाड़ा।** तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू ने आंध्र प्रदेश के नए मुख्यमंत्री के रूप में बुधवार को शपथ ली। राज्यपाल सैयद अब्दुल नजीर ने कृष्णा जिले के केसरपल्ली में आयोजित समारोह में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में टीडीपी से 20, जनसेना पार्टी से पवन कल्याण समेत दो विधायकों और भाजपा से एक विधायक को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल, केंद्रीय मंत्री राममोहन नायडू एवं चिराग पासवान समेत कई प्रमुख लोग शामिल हुए। पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और भाजपा के महामंत्री संगठन बीएल संतोष भी समारोह में मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी समेत मंच पर मौजूद मेहमानों ने चंद्रबाबू को शुभकामनाएं दीं।



### मोहन माझी ने ली ओडिशा के मुख्यमंत्री पद की शपथ

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में पहली बार भाजपा की सरकार बनी। क्योंझर से विधायक मोहन चरण माझी ने आज भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उनके साथ केवी सिंह देव और प्रभाती परिदा ने राज्य के उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसी के साथ ओडिशा में पहली बार एक सीएम, दो डिप्टी सीएम और 13 मंत्रियों की सरकार बनी। शपथ ग्रहण समारोह शाम 5 बजे शुरू हुआ। इस कार्यक्रम को भुवनेश्वर के जनता मैदान में आयोजित किया गया। ओडिशा के मुख्यमंत्री के तौर पर मोहन चरण मांझी के शपथ समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भुवनेश्वर पहुंचे। एयरपोर्ट पर ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास और स्वयं मोहन चरण मांझी ने पीएम मोदी का स्वागत किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल भी शपथ समारोह में मौजूद रहे।



## कठुआ में मुठभेड़, दूसरा आतंकी भी हुआ ढेर, सीआरपीएफ जवान शहीद

एजेंसी

**हीरानगर/कठुआ।** जम्मू संभाग के जिला कठुआ की तहसील हीरानगर के गांव सैडा सोहल में बुधवार दूसरे दिन फिर आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने दूसरे आतंकी को भी ढेर कर दिया है। पुलिस, एसओजी, सीआरपीएफ, सेना के जवानों ने इलाके की घेराबंदी की हुई है। तलाशी अभियान चल रहा है। एडीजीपी जम्मू आनंद जैन ने यह जानकारी दी है। एडजीपी ने कहा कि हीरानगर में हुई मुठभेड़ में बहादुर जवानों ने दोनों आतंकी मार गिराए हैं।

हालांकि ऑपरेशन अभी चल रहा है। इलाके में किसी अन्य आतंकी के छिपे होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। आसपास के इलाके में भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि ड्रोन से भी घटनास्थल पर नजर रखी जा रही थी। इसी दौरान आतंकी की मौजदूगी का पता चला। इसके बाद शुरू हुई गोलीबारी में आतंकवादी को मार गिराया गया। सुरक्षाकर्मी धीरे-धीरे घेरा और छोटा करते गए। खुद को घिरता हुए देख आतंकी ने सुबह दस बजे के करीब फिर गोलीबारी की। इसके जवाब में मुठभेड़ शुरू हुई। इस मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए हैं। शेष पेज 11 पर



### इलाके की हुई घेराबंदी

अन्य आतंकियों की तलाश में ऑपरेशन शुरू हुआ। मौके पर पुलिस, सेना, एसओजी, सीआरपीएफ की टीमें पहुंच गई। इलाके की घेराबंदी कर ली गई। अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। अलसुबह करीब तीन बजे यहां आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक सीआरपीएफ का जवान घायल हो गया।

### ब्राउन शुगर के छह सौदागर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस और लखनऊ आर्मी इंटेलीजेंस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करते चार महिलाओं सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 11.27 ग्राम ब्राऊन शुगर, 90 हजार रुपये, छह मोबाइल, एल्यूमिनियम फॉयल का एक रोल, तीन एटीएम कार्ड और एक अधार कार्ड बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपितों में रांची के गोंदा थाना निवासी आरती देवी, शुगन देवी, मुंबई के शांताक्रुज निवासी नीतु नन्द किशोर, नन्द किशोर मिस्त्री, रांची के लालपुर थाना निवासी पृथ्वी कुमार और लोहरदगा के कुडू थाना निवासी प्रियंका कुमारी शामिल हैं। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई।

## कुवैत के अपार्टमेंट में लगी भीषण आग में कई भारतीयों की हुई मौत

एजेंसी

**कुवैत।** कुवैत में एक इमारत में भीषण आग में 41 लोगों की मौत हो गई है। खबर है कि इनमें से कई भारतीय भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह कुवैत के दक्षिणी अहमदी प्रांत के मंगफ इलाके में छह मंजिला इमारत की रसोई में आग लग गई थी।

जिस इमारत में यह भीषण आग लगी, उसमें 160 लोग मौजूद थे और सभी एक ही संस्थान में काम करते हैं। बताया गया है कि इन मजदूरों में कई भारत के रहने वाले थे।

**भारतीय दूतावास ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर :** कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने इसे लेकर हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। दूतावास का कहना है कि इस अग्निकांड में भारतीयों की मौत के संबंध में जानकारी हासिल करने के लिए +965-65505246 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। दूतावास की तरफ से हर संभव मदद का एलान किया गया है। शेष पेज 11 पर



### विदेश मंत्री जयशंकर ने जताया दुख

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा 'कुवैत में आग की घटना से आहत हूं। इस घटना में 40 लोगों की मौत और 50 लोगों के अस्पताल में भर्ती होने की खबर है। हमारे राजदूत शिविर में गये हैं। हम आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं।' विदेश मंत्री ने इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने आशा जताई है कि जो लोग घायल हुए हैं वे जल्द ही पूर्ण स्वस्थ होंगे। बता दें कि कुवैत में करीब 10 लाख भारतीय रहते हैं, जिनमें से करीब 9 लाख भारतीय वहां काम करते हैं।

## इंडिया



सुनील बादल

*शिक्षा में अग्रणी राज्य केरल ने पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए केरल के सभी स्कूलों की हर क्लास में बच्चों को मुफ्त में अखबार दिए जाने की तैयारी शुरू की है।*

# पेशेवर और स्वरोजगार के लिए कब शुरू होगी शिक्षा?

भारत में सबसे ज्यादा प्रयोग शिक्षा के क्षेत्र में हुए हैं और कभी शिक्षा दान की अवधारणा अब व्यापार का रूप ले चुकी है। जिसके पास सबसे अधिक पैसे वो सबसे अच्छी शिक्षा पास सकता है । शिक्षा और ज्ञान दो अलग शब्द हैं पर धीरे धीरे दोनों का अंतर इतना बढ़ गया है कि शिक्षा मात्र पैसे कमाने का माध्यम बनती जा रही है । नैतिक शिक्षा अब पाठ्यक्रम से भी हट गई है और आज नौकरी में अधिक पगार वाली अवधारणा ने रही सही कसर निकाल दी है। पर यह एक पक्ष ही है प्रतियोगिता और प्रतिस्पर्द्धा के दौर में गुणवत्ता भी सुधरी है और भारत में शिक्षा का स्तर वैश्विक स्तर पर भी पहुंचा है। शिक्षा में अग्रणी राज्य केरल ने पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए केरल के सभी स्कूलों की हर क्लास में बच्चों को मुफ्त में अखबार दिए जाए जाने की तैयारी शुरू की है ।इसे करिकुलम का हिस्सा बनाया जाएगा और इसका लगातार मूल्यांकन भी होगा। केरल की स्टेट काउंसिल ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग ने इस बारे में ड्राफ्ट तैयार किया है। एससीईआरटी एसेसमेंट सेल अखबार पढ़ने का मूल्यांकन करने के पैमाने भी तैयार कर रही है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि क्लास शुरू होने से पहले बच्चे अखबार पढ़ें। हफ्ते में एक बार हर क्लास में हफ्ते की सबसे बड़ी खबर बताई जाएगी। इसके लिए अलग-अलग तरह की क्रिएटिविटी भी की जा सकती है। किसी एक छात्र को यह काम नहीं सौंपा जाएगा और सभी छात्र हफ्ते की सबसे बड़ी खबर प्रजेंट करने के लिए तैयार रहेंगे। बेस्ट प्रजेंटर को पुरस्कार भी दिया जाएगा।केरल के इतिहास में पहली बार, केरल में संशोधित स्कूली पाठ्यपुस्तकों में देश के संविधान की प्रस्तावना भी शामिल होगी। सरकार ने बच्चों के मन में संवैधानिक मूल्यों को स्थापित करने के प्रयासों के तहत कक्षा 1 से 10 तक की पाठ्यपुस्तकों में प्रस्तावना को शामिल करने का फैसला किया है।इस पहल का उद्देश्य युवाओं के बीच संविधान के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना है। इससे बच्चों को कम उम्र से ही संविधान के महत्व को समझने में मदद मिलेगी।

अधिकारी ने आगे कहा, शिक्षकों को बच्चों को पढ़ाने के दौरान संविधान और उसकी प्रस्तावना का अर्थ और संदेश देने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा।चार वर्ष पूर्व तकनीक और समय के बदलाव के साथ पढ़ाई करने और कराने के तरीके में भी बदलाव शुरू किया गया है। स्लेट पेंसिल से पढ़ाई का दौर पीछे छूट चुका है का यों कहें कि लगभग खत्म होने को है। स्मार्ट क्लास अब वक्त की जरूरत बन रही है। ब्लैकबोर्ड का वक्त भी खत्म होता जा रहा है। अब बच्चों को ऑडियो वीडियो माध्यम से पढ़ाया जा रहा है। क्लास में कंप्यूटर, वेबकैम, प्रोजेक्टर के जरिए पढ़ाई हो रही है। कोरोना काल में ऑनलाइन पढ़ाई हमारे जीवन का हिस्सा बन चुका है।




झारखंड में भी झारखंड शिक्षा परियोजना से जुड़े एक बाल शिक्षा विशेषज्ञ बैकुंठ पांडेय ने अनेक स्कूलों में कई प्रयोग किए थे जिसमें प्रमुख थे प्रार्थना के बाद प्रमुख समाचारों का पाठ, हमसे पूछिए के क्रम में वहां बोर्ड पर एक कठिन सवाल लिखना , जिसका उत्तर छात्र भी दे सकते थे या अगले दिन शिक्षक देते थे । एक गतिविधि थी हम बताएँ- इसमें एक अभिनव जानकारी दी जाती थी । सरकारी विभागों के साथ त्रासदी यह होती है कि अधिकारी के बदलने या सेवानिवृत होने पर नए लोग किसी लीक से हटकर किए गए कार्यों को बंद कर देते हैं या उसकी उपयोगिता पर सवाल उठाते हैं ।सबसे बड़ा सवाल जो एक आम आदमी पूछता है कि करोड़ों के खर्च पर संचालित स्कूल यदि सिर्फ डॉक्टर, अफसर,इंजीनियर और प्रबंधक पैदा करेंगे तो पेशेवर या स्वरोजगार के लिए फिट युवा कहां से निकलेंगे जिसकी आज सबसे ज्यादा आवश्यकता है । आज भारत में पढ़े लिखे बेरोजगारों की संख्या बढ़ती जा रही है पर वे खुद का कारोबार करने या उसका प्रबंधन करने का हुनर नहीं जानते । एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर घर की बिजली ठीक नहीं कर सकता । समय की मांग है कि हम गुणवत्तापूर्ण वोकेशनल कोर्स की पढ़ाई पर फोकस करें तभी विकसित भारत का सपना पूरा हो सकता है।

### गढ़वा में सहायक अभियंता रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**गढ़वा।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र के सहायक अभियंता (एई) सह प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अनुज कुमार रवि को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी ने बुधवार को बताया कि पीड़ित ने आवेदन दिया था कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत उन्हें एक डोभा मिला है, जो कि ग्राम डोल में है। उन्हें उनकी खेत में डोभा निर्माण करना है, जिसका वर्क कोर्ड संख्या-7080902616855 है। यह योजना कुल 4,96,000 रुपये का है, जिसमें मापी पुस्तिका में हस्ताक्षर करने के लिए अनुज कुमार रवि (सहायक अभियंता) ने पांच प्रतिशत घूस मांग रहे हैं और नहीं देने पर मापी पुस्तिका पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं।

## एक नजर

### पहाड़ी मंदिर की दान पेटी को खोला गया

**रांची।** पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सचिव राकेश सिन्हा एवं राजेश साहू के नेतृत्व में बुधवार को पहाड़ी मंदिर के मुख्य दान पेटियों को खोला गया। इसकी गिनती की प्रक्रिया में सभी सदस्य एवं मंदिर के पुजारी और सुखदेवनगर थाना एवं श्रद्धालु की उपस्थिति में वीडियोग्राफी करा कर दान पेटी खोला गया। उसकी गिनती की गई, जिसमें दो लाख सत्तर हजार रुपये निकले। नकद साथ ही कुछ खराब नोट हो गए थे, जिसको आरबीआई से बात कर के एक्सचेंज कर दिया जाएगा। इन सारी प्रक्रिया में समिति के सचिव राकेश सिन्हा एवं वित्त प्रभारी राजेश साहू, राजेंद्र सिंह, दीपक नंदा, जीतू,राम सिंह, पुजारी मनोज मिश्रा, बेबी सिंह, बद्री, राजकुमार तलेजा, मंदिर के लोग उपस्थित थे। इन दान पेटियों के खुलने के पश्चात कुछ दिनों के बाद बाकी के दान पेटियों को भी खोला जाएगा।

### डॉ परमेश्वर भगत बीमारी से पीड़ित पत्रकार डॉ संजय प्रसाद से मिले

**मांडर।** पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत वरिष्ठ पत्रकार डॉ. संजय प्रसाद से मिलकर उनके स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में गहराई से सुना और भगवान से जल्द ठीक हो इसके लिए प्रार्थना की। डॉ. प्रसाद ने भी उनके प्यार और ध्यान के लिए आभार व्यक्त किया। इस संवाद ने न केवल एक दूसरे के साथ जुड़ने का मौका दिया, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और समर्थन भी प्रदान किया। इस भावनात्मक संवाद ने मानवता के मूल्यों को मजबूत किया और एक अच्छे संबंध का निर्माण किया। डा. परमेश्वर लोगों से मिलकर समस्याओं की भी जानकारी ली।

## यूकेएस कॉलेज के विद्यार्थियों ने सीओ से ली कृषि योजनाओं की जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
यूकेएस महाविद्यालय डकरा के भूगोल स्नातक प्रतिष्ठा सत्र 2021-24 के सेमेस्टर छह के विद्यार्थियों का एक दल कृषि एवं प्रादेशिक नियोजन से संबंधित क्षेत्र सर्वेक्षण के लिए खलारी ब्लाक व मैकलुस्कीगंज का दौरा किया गया। क्षेत्र सर्वेक्षण के क्रम में विद्यार्थियों के दल ने अंचल अधिकारी खलारी प्रणव अम्बष्ट से मुलाकात कर क्षेत्र में सरकार द्वार चलाए जा रहे कृषि विकास से संबंधित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने खलारी सीओ से पूछा कि खलारी क्षेत्र में कौन कौन सी कृषि योजनाएं शुरू की गई है। भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही कृषि नियोजन से संबंधित जानकारी ली। प्रखंड स्थापना सहित खलारी प्रखंड में गांवों की संख्या की भी जानकारी ली। सीओ प्रणव अम्बष्ट ने छात्र-छात्राओं के सभी प्रश्नों का विस्तार पूर्वक व रिकार्ड आधारित जानकारी दिया। वहीं विद्यार्थियों का दल मैकलुस्कीगंज क्षेत्र की जैव विविधता, वन संरक्षण का भी सर्वेक्षण किया। विद्यार्थियों के दल में अनु विश्वकर्मा, निशु सोनी, रिचा यादव, गीता कुमारी, खुश्बू कुमारी, अंजलि कुमारी, मनीषा कुमारी, अंजलि कुमारी, संदीप विश्वकर्मा, दयानंद कुमार, सोनुकुमार भोगता, रिंकी कुमारी, पवन कुमार, साक्षी कुमारी, संजय कुमार, शशि महतो आदि शामिल थे।

## 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से मजदूरी कराना दंडनीय अपराध : एलएडीसी



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) व्यवहार न्यायालय रांची द्वारा खलारी के बमने पंचायत भवन में विश्व बाल निषेध निषेध दिवस के अवसर पर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं बच्चों को बाल श्रम के प्रति जागरूक किया गया। डालसा सिविल कोर्ट की एलएडीसी कविता खाटी ने बताया कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से मजदूरी कराना दंडनीय अपराध है। बच्चों को असुरक्षित जगहों पर कार्य कराने से उनके स्वस्थ्य पर असर पड़ता है। उनका भविष्य अधर में चला जाता है। वहीं एलएडीसी शिवानी सिंह ने कहा कि कम उम्र के लड़के लड़कियों को काम दिलाने के बहाने दूसरे राज्यों में ले जाया जाता है। ऐसे बच्चे मानव तस्करी के शिकार हो जाते है। इसके लिए कानून में कड़े नियम बनाए गए है। जिससे उनके मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इसे रोकने के लिए सभी को आगे आने की जरूरत है। ग्रामीणों को आपसी विवाद पर डालसा द्वारा मध्यस्थता कराने, आपदा में पीड़ित व्यक्ति को मुआवजा के प्राविधान सहित सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए लोगों के अधिकारों की जानकारी दी गई।

### हुटाप मंडा पूजा में दहकते अंगारों पर चले आस्था में डूबे शिवभक्त

**खलारी।** हुटाप शिव मंडा पूजा समिति द्वारा भक्तिभाव से भगवान शिव की उपासना का पर्व मंडा पूजा मनाया गया। आयोजन बुधवार को हुटाप स्थित शिव मंदिर परिसर में हुआ। शिव भक्तों ने मंगलवार दिन भर उपवास रखा। शाम को सोनाडुबी नदी से कलश में जल लेकर कलश स्थापना किया तथा शिव-पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की। गांव के पाहन दीपक मुंडा ने पूजन कराया। भगवान शिव के प्रति आस्था में डूबे भक्त महिला पुरूष दहकते अंगारों में नंगे पांव चलकर फुलखुंदी का विधान किए। मंगलवार पूरी रात मस्ताना म्यूजिकल ग्रुप द्वारा नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन जिप सदस्य सरस्वती देवी ने फीता काटकर किया। बुधवार सुबह भक्तों ने करीब 20 फीट ऊंचे खंभे से झूलकर झूलन विधान को संपन्न किया। इस झूलन करते हुए भक्त ने श्रद्धालुओं के बीच आस्था के फूल बरसाए। जिसे पाने के लिए लोगों में होड़ मची रही।

### सिल्ली से अपहृत किशोर धनबाद से सकुशल बरामद

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत हांकेदाग निवासी ईश्वर दयाल महतो का पुत्र निर्मल कुमार महतो उम्र 14 वर्ष मंगलवार के शाम 5 बजे अचानक गायब हो गया। परिजनों ने ढूंढने का प्रयास किया। परंतु गांव के समीप के भुली में मेला लगा होने के कारण परिजनों को लगा कि किसी दोस्त के साथ मेला चला गया होगा। बच्चा गांव के ही सरकारी स्कूल राजकीय कृत उत्क्रमित विद्यालय हांकेदाग में आठवीं कक्षा का छात्र है। बच्चे की मां तिलेश्वरी देवी ने बताया कि रात्रि में लगभग 2 बजे के आसपास धनबाद रेलवे पुलिस ने फोन कर हम लोगों को जानकारी दिया कि आपका बच्चा धनबाद रेलवे पुलिस के पास सुरक्षित है और आप लोग आकर अपने बच्चों को ले जाएं।

## आग लगने से लाखों का नुकसान



**चान्हो।** प्रखंड अंतर्गत सोंस पंचायत के ग्राम ओपा में बिनोद साहु में आग लगने से घर का सामान जलकर राख हो गया. परिवार के सदस्यो के मुताबिक किसी ने चोरी करने के मकसद से घर मे मौजूद नगद और गहनो की चोरी कर आग लगा दी। जिससे पुरे परिवार के आशियाना सहित नगदी, जेवर, कपड़े, जरुरी कागज की सामग्री सहित सारा सामान जलकर राख हो गया। लोगों ने बहुत प्रयास कर आग पर काबू पाने का प्रयास कर आग पर काबू पाया गया. मौके पर मौजूद भाजपा नेता कृष्ण मोहन के ने बताया कि यह एक गरीब परिवार है. इनको अपने स्तर से जितना हो पाया, मदद की जाएगी . आगे चान्हो पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर छानबीन कर पीड़ित परिवार को मदद देने का आश्वासन दिया है. स्थानीय लोगों ने बताया कि हमलोगों ने जब देखा कि आग लगी है. तुरंत पहुंचकर अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया. लेकिन हवा रहने के कारण काफी नुकसान हो चुका था।

### आसिफ अंसारी झारखंड छात्र संघ के रांची जिला अध्यक्ष बने

**रांची ।** पिठौरिया कांके निवासी आसिफ अंसारी को झारखंड छात्र संघ का रांची जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। झारखंड छात्र संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष एस अली ने मनोनयन पत्र जारी करने के साथ में निर्देश दिया कि रांची जिला अन्तर्गत सभी प्रखंडों के अलावा रांची विश्वविद्यालय एवं शायमा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय और अन्तर्गत सभी कॉलेजों में कमिटी का विस्तार अविलंब करेंगे, साथ ही छात्रों के समस्याओं और शैक्षणिक समाधान के लिए काम करेंगे।

## मंडा पूजा के सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने बांधा समा



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के भुलि गांव के चंडी स्थान में मंडप पूजा धूमधाम से संपन्न हो गया। मुख्य रूप से जिला परिषद उपाध्यक्ष बीना देवी एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य सुशील महतो उपस्थित थे।मंडा पूजा कमेटी द्वारा सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया गया। जिसके बाद पूरी रात बंगाल के कलाकारों ने छऊ नृत्य के साथ लोगों के बीच समां बांध दिया। बुधवार को अहले सुबह दहकते अंगारों पर चलकर अनुष्ठान में शामिल भगतियों ने अटूट आस्था का परिचय दिया। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी ने कहा किमंडा पर्व झारखंड के लोकप्रिय सस्कृति एवं भगवान के प्रति एक प्रेम और आस्था का पर्व है। मंडा पर्व वर्षों से हमारे पूर्वजों के द्वारा मनाये जाने वाला मुख्य पर्व है। इस पर्व में गांव भोक्ताओं के द्वारा कई दिनों तक विधिवत पूजा अर्चना कर मंडा पूजा को संपन्न किया जाता है। आसपास के सैकड़ों ग्रामीण इस छऊ नृत्य मेला का आनंद उठाया।इसे सफल बनाने में मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय मंडल, सचिव भुनेश्वर बेदिया, ,कोषाध्यक्ष प्रकेशवर बेदिया, सक्रिय सदस्य नरेश बेदिया, मिथुन बेदिया,ए और बी महावीर बेदिया,अमर बेदिया,भोजोहरि मंडल,संतोष मंडल का सराहनीय योगदान रहा।

## न्यूज बॉक्स

### खलारी में डालसा ने किया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति सह कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा न्यायायुक्त सह अध्यक्ष डालसा, रांची, दिवाकर पांडे के मार्गदर्शन में बुधवार को बमने पंचायत भवन में विश्व बाल श्रम विरोधी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी अधिवक्ता, शिवानी सिंह, कविता खाती, पीएलवी सत्यपाल शर्मा, राजेंद्र महतो, सीमा देवी, बरखा तिर्की एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। इस अवसर पर अधिवक्ता कविता खाती ने बच्चों के अधिकार, बाल श्रम निषेध विनियमन अधिनियम पर प्रकाश डाला। अधिवक्ता शिवानी सिंह ने शिक्षा का अधिकार, घरेलू हिंसा निषेध अधिनियम, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, मानव तस्करी निषेध अधिनियम, डालसा द्वारा कोर्ट से निः शुल्क वकील पाने का अधिकार, जेल से छुटकारा पाने का अधिकार, नशापान निषेध अधिनियम, स्पोन्सरसीप योजना, आपदा राहत योजना आदि की जानकारी दी गयी।

### बाल श्रम उन्मूलन दिवस पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**रांची।** विश्व बाल श्रम उन्मूलन दिवस के अवसर पर श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, झारखंड के मार्गदर्शन में और बाल कल्याण संघ तथा अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के संयुक्त तत्वावधान में हितधारकों के संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम होटल कैपिटल हिल, रांची में आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों और संगठनों के प्रतिनिधि, गैर सरकारी संस्थाओं के सदस्य और चाइल्ड चैंपियन सहित लगभग 250 लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा, आज हम यहां विश्व बाल श्रम उन्मूलन दिवस के अवसर पर एकत्र हुए हैं, जो हमारे समाज में एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान देने का दिन है। मैं बाल कल्याण संघ, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन और श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, झारखंड को इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम हितधारकों का संवाद के आयोजन के लिए धन्यवाद देना चाहता हू।

### महिलाओं के लिए जेड सर्टिफिकेशन काफी उपयोगी है : ज्योति

**रांची।** लघु उद्योग से जुड़ी महिलाओं को एमएसएमई की योजनाओं के तहत लाभान्वित करने के उद्देश्य से फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा गठित ट्राइबल वूमन एंटरप्रिन्योरशिप उप समिति द्वारा बुधवार को चैंबर भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित महिलाओं को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की जेड सर्टिफिकेशन (जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट) की योजना और इसके लाभ से अवगत कराया गया। कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी और उप समिति चेयरपर्सन माला कुजूर ने संयुक्त रूप से बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की अधिकांश महिलाएं सिलाई, कढ़ाई में ही सीमित हैं। एमएसएमई मंत्रालय की ऐसी कई आकर्षक योजनाएं हैं जिसका लाभ लेकर महिलाएं उद्यमिता की ओर अग्रसर हो सकती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि महिलाओं के लिए जेड सर्टिफिकेशन काफी उपयोगी है। जेड प्रमाणित एमएसएमई को बैंकों से कर्ज देने में वरीयता दी जाती है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने छोटे छोटे गृह उद्योग, कुटीर उद्योग से जुड़ी महिलाओं को एमएसएमई मंत्रालय की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की।




PR No. 326230 (Health Med Edu and Family Welfare) 2024-25

## भारतीय टीम में चयनित पारा थ्रो बॉल के खिलाड़ी मुख्यमंत्री से मिले

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से बुधवार को बूटी रोड, मोरहाबादी स्थित आवास पर पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि 13 से 19 जून तक आयोजित होने वाले भारत और थाईलैंड के बीच दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पारा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में राज्य के नौ पैरालंपिक खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम में हुआ है। मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को राज्य सरकार की ओर से राज्य के चयनित खिलाड़ियों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने पूरी टीम को शुभकामनाएं दी।



## ईंधन की कमी से परेशान हैं सीएनजी ऑटो चालक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सरकार के प्रोत्साहन और सस्ते ईंधन के कारण बड़ी संख्या में ऑटो चालक सीएनजी वाहन लेकर परेशान हैं। रातू स्थित पेट्रोल पंप में दो दिनों से लंबी लाइन लगी है, पर कब सीएनजी की आपूर्ति होगी पता नहीं। कुछ वाहन चालकों ने बताया कि उन्होंने लोन पर गाड़ी खरीदी है और महीने के चार पांच दिन उन्हें सीएनजी के लिए बर्बाद करना पड़ता है। इससे ईएमआई भरने में भी कठिनाई हो रही है। प्राइवेट फाइनेंस के कारण गाड़ी खींचने की धमकी अलग से मिल रही है। सीएनजी आपूर्तिकर्ता गेल इंडिया के अधिकारी इस पर स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहे हैं। ड्राइवरों की समस्या का एक-दो दिनों में समाधान कर देने की बात कह रहे हैं, पर सीएनजी के लिए लाइन लगने का क्रम महीनों से चल रहा है।







## एक नजर

### माहेश्वरी युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष झारखंड और बिहार की बैठक में हुए शामिल

**रांची।** झारखंड-बिहार की प्रादेशिक बैठक में आए माहेश्वरी युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद सोनी अपनी पूरी टीम के साथ प्रदेश भ्रमण करते हुए बुधवार को रांची आए। रांची युवा संगठन अध्यक्ष विनय मंत्री एवं सचिव हेमंत माहेश्वरी के नेतृत्व में स्थानीय माहेश्वरी भवन में युवा संगठन पूर्वांचल के उपाध्यक्ष महावीर चांडक, प्रदेश युवा अध्यक्ष विवेक साबू, सचिव रुचिर मूंधड़ा का स्वागत किया गया। शरद सोनी ने अपने विचारों में युवा साथी के लिए परिवार, समाज, एवं व्यवसाय में आगे बढ़ने के उत्साह बढ़ाया। कैसे डिजिटल की इस दुनिया में अपनी नई सोच के साथ औरों को जोड़ कर ऊंचाई हासिल कर सकते हैं।

### समर्पण शाखा ने किया खाद्य सामग्री का वितरण

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने महावीर चौक स्थित गणेश मंदिर के पास बुधवार को को सुबह 7:30 बजे खाद्य सामग्री और शर्बत का वितरण मंदिर परिसर में आने-जाने वाले राहगीरों के बीच किया। यह कार्य सहयोग शाखा सदस्य शशि बंका द्वारा करवाया गया। इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से जनसेवा प्रभारी दीपिका मोतीका, चंद्रकला और संयोजिका कविता सोमानी ने संपन किया। संयोजिका ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है।

### किशोरों में हेल्थ अवेयरनेस कम : आरएन शर्मा

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग के उपनिदेशक एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के कोषांग प्रभारी डॉ आरएन शर्मा ने कहा कि शहरी क्षेत्र के बच्चे-किशोर स्वास्थ्य के मामले में माता-पिता के निकट होते हैं, लेकिन ग्रामीण और गरीब परिवेश वाले बच्चों और किशोरों में स्वास्थ्य वार्ता का विषय नहीं है। इसलिए राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है। नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान (आईपीएच) में बुधवार को युवा मैत्री केंद्र के लिए एएनएम के प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा और अंतिम दिन था। इसमें राज्य के सभी जिलों से आए 36 एएनएम को किशोर स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

### मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन, देश-विदेश के विशेषज्ञ होंगे शामिल

# 'निपुण भारत' समागम 4 जुलाई से

- *रांची के टाना भगत इंडोर स्टेडियम में होगा तीन दिवसीय आयोजन*
- *सभी जिलों के 2400 शिक्षक लगाएंगे टीएलएम की प्रदर्शनी*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 'निपुण भारत' मिशन के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चार से छह जुलाई तक राज्यस्तरीय 'निपुण भारत' समागम का आयोजन रांची के टाना भगत इंडोर स्टेडियम में होगा। इसमें राज्य के सभी जिलों के 2400 शिक्षक टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मैटेरियल) की प्रदर्शनी लगाएंगे। साथ ही, 20 स्वयंसेवी संगठन प्रदर्श सामग्री प्रस्तुत करेंगे। समागम का उद्घाटन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन करेंगे। समागम में देश-विदेश के प्रख्यात विशेषज्ञ भी शामिल होंगे।

इस प्रदर्शनी में आठ अन्य राज्यों के प्रतिनिधियों के साथ राज्य सरकार के अन्य विभागों को भी प्रदर्शनी के लिए आमंत्रित किया जाएगा। निपुण भारत समागम में 8,000 से अधिक विद्यार्थियों को समागम भ्रमण कराया जाएगा। राज्यस्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिले को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस समागम का मुख्य उद्देश्य राज्य में बुनियादी शिक्षा एवं साक्षरता के प्रति शिक्षकों एवं समुदाय को जागरूक करते हुए राज्य के कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों को निपुण बनाना है।



### निपुण भारत समागम की समीक्षा बैठक

समागम की तैयारियों की समीक्षा के लिए झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने बुधवार को वर्चुअल बैठक की। इसमें राज्य के सभी डीईओ-डीएसई शामिल हुए। बैठक में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों के साथ जिलास्तरीय कार्यशाला, टीएलएम मेले के सफल संचालन और समागम की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक ने जिला शिक्षा पदाधिकारियों को आयोजन के लिए टास्क भी दिए। बैठक में झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी अभिनव कुमार, आईपीईएल, एफएलएन-पीएमयू की स्टेट लीडर पारोमिता मजूमदार एवं लीप फॉर वर्ड संस्था के प्रतिनिधि के रूप में मुकेश कुमार उपस्थित थे।

### समागम से पहले सोशल मीडिया महाअभियान

राज्यस्तरीय निपुण भारत समागम से पहले दो जुलाई को सोशल मीडिया महाअभियान चलाया जाएगा। दो जुलाई को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न दो बजे तक सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर #मेरा विद्यालय निपुण और #निपुण समागम झारखंड हैशटैग पर फोटो वीडियो आदि शेयर कर इस महाअभियान की सफलता सुनिश्चित की जाएगी। इस महाअभियान में राज्य के सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी, शिक्षक, बीआरपी, सीआरपी सदस्य शामिल होंगे। सोशल मीडिया पर किये गए पोस्ट में @jepcjharkhand और @EduMinOfIndia को टैग करना अनिवार्य होगा।

### 24-25 जून को जिलास्तरीय टीएलएम मेला का उद्घाटन

'निपुण भारत' समागम से पहले राज्य के सभी जिलों में 24-25 जून (सुविधानुसार किसी एक दिन) को टीएलएम मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रत्येक प्रखंड के तीन सदस्यीय टीम शामिल होगी। मेले का उद्घाटन जिले के उपायुक्तों द्वारा किया जाएगा। इस मेले में शिक्षकों द्वारा जिलास्तरीय कार्यशाला में बनाए गए सभी टीएलएम के साथ जिले के सभी प्रखंडों में एफएलएन (फाउंडेशनल साक्षरता और संख्यात्मकता) को लेकर किए जा रहे कार्यों का प्रदर्शन किया जाएगा। जिलास्तरीय प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रखंड को पुरस्कृत किया जाएगा। मेले को बाल केंद्रित बनाने के लिए पोस्टर्स, बैनर्स, सेल्फी प्वॉइंट, गेम्स आदि की व्यवस्था भी की जाएगी।

## आदिवासी समुदाय के संबंध में डाटा एकत्र करने पर कार्यशाला आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** वीमेन एंड जेंडर रिसोर्स सेंटर (डब्ल्यूजीआरसी) ने बुधवार को आदिवासी वीमेन नेटवर्क के साथ एचआरडीसी रांची में एकदिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया। इस कार्यशाला में झारखंड के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी की। इनमें गुमला, खूंटी, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां और बोकारो के प्रतिनिधि शामिल थे। इंडिजेनस नेविगेटर इंडिया चैप्टर की समन्वयक एलिना होरो द्वारा संचालित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समुदायों को उनके अधिकारों और कल्याण के संबंध में व्यवस्थित रूप से डाटा एकत्र करने और विश्लेषण करने के लिए आवश्यक उपकरण इंडिजेनस नेविगेटर के बारे विस्तृत जानकारी साझा करना था। यह पहल इंडिजेनस नेविगेटर के व्यापक मिशन का हिस्सा है, जो संयुक्त राष्ट्र के आदिवासी लोगों के अधिकारों पर घोषणा (यूएनडीआरआईपी) और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ संरेखित होकर, आदिवासी समुदायों को उनकी स्थिति की जानकारी और निगरानी करने में सहयोग करता है।

इंडिजेनस नेविगेटर एक सहयोगात्मक प्रयास है, जिसे दुनिया भर के आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने के लिए आदिवासियों द्वारा ही डिजाइन किया गया है। यह पहल समुदायों को व्यापक डाटा संग्रह उपकरण प्रदान करके उन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा, भूमि अधिकारों और सांस्कृतिक संरक्षण सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनकी स्थितियों का आकलन और सुधार करने में सक्षम बनाती है। यह डाटा-चालित दृष्टिकोण न केवल स्थानीय स्वामित्व और सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है, बल्कि स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तरों पर नीति वकालत प्रयासों को भी मजबूत करता है।

कार्यशाला के दौरान, प्रतिभागियों ने इन उपकरणों का उपयोग करने पर व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्रों में भाग लिया। इससे उन्हें डाटा संग्रह प्रक्रिया और डाटा आधारित समुदाय के लिए कार्य करने में इसके महत्व के बारे में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त हुई। इन व्यावहारिक सत्रों ने प्रभावी नीति परिवर्तनों और सतत विकास के लिए समुदाय-चालित डोटा के महत्व पर जोर दिया।

## पत्नी के साथ अवैध संबंध में साढ़ू की गोली मारकर की थी हत्या, गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी की राहे थाना पुलिस ने अर्जुन महतो हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपित समीर कोईरी को पश्चिम बंगाल के झालदा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक लोडेड देसी कट्टा, एक गोली, एक खोखा, चाकू और घटना में इस्तेमाल किया गया बाइक बरामद हुआ है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि अर्जुन महतो और आरोपी समीर कोईरी दोनों रिश्ते में साढ़ू थे। आरोपित की पत्नी तीन बहनों में सबसे छोटी थी। जीजा अर्जुन महतो शादी के पूर्व से ही समीर कोईरी की पत्नी के साथ गलत संबंध बना रहा था। वर्ष 2012 में शादी होने के बाद भी उसके घर पर जाकर डरा-धमका कर संबंध बनाता था। इसकी जानकारी मिलने पर परिवार में झगड़ा-लड़ाई शुरू हो गया। समीर ने ससुराल वालों को भी मामले की जानकारी दी, लेकिन कुछ भी नहीं हुआ। इसके बाद समीर ने खुद से बदला लेने की ठान ली और 10 जून की रात घर में सोए हुए अर्जुन महतो के सिर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ रतीभान सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए बंगाल से आरोपी समीर को गिरफ्तार किया।

## न्यूज बॉक्स

### गोलीकांड का आरोपी गिरफ्त से बाहर स्थानीय लोगों ने घेरा कोतवाली थाना



**रांची।** कुछ दिनों पहले पुरानी रांची में हुए गोलीकांड के आरोपी पुलिस के गिरफ्त से बाहर होने पर स्थानीय लोगों ने बुधवार को कोतवाली थाना का घेराव किया। इस दौरान लोगों ने जमकर नारेबाजी करते हुए पुलिस को कहा कि यदि आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी तो हम लोग रोड जाम करेंगे। बता दें कि पुरानी रांची के अखरा चौक में बीते 5 जून को देर रात करीब 12 बजे दो गुटों के बीच जमकर मारपीट और गोलीबारी हुई थी। अचानक ताबड़तोड़ गोलियों की फायरिंग से मुकुल खलखो नामक युवक के मुंह में गोली लग गई, जिससे वह जख्मी हो गया। रिम्स में इलाज चल रहा है। उसी रात स्थानीय लोगों ने अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कोतवाली थाना पहुंचे थे। मौके पर पहुंचे सरना महासभा के महासचिव सोनू खलखो ने कहा कि एक सप्ताह बीत गए है। अब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस पर संदेह है कि वह किसी के इशारे पर काम कर रही है।

### नीट परीक्षा की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई हो : अभिषेक शुक्ल

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की रांची विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ल ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि नीट (राष्ट्रीय योग्यता सह प्रवेश परीक्षा) 2024 संदेह के घेरे में है। इतनी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को कैसे 720 अंकों की परीक्षा में 720 अंक प्राप्त हुए, जबकि इस परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग का भी प्रावधान है। एक ही सेंटर से सात छात्र-छात्राओं को 720 में 720 अंक मिले हैं। उन्होंने कहा है कि अगर पिछले 10 से 15 सालों का इतिहास उठाकर देखा जाए, तो अचानक कट ऑफ इतना ऊपर जाना संदेह के घेरे में है। बहुत सारे छात्र-छात्राओं को 718 और 719 अंक दिए गए हैं, जो की मैथमेटिकली किसी भी तरह से सही नहीं है। जिस नंबर पर छात्र-छात्राओं को पिछले वर्ष 2023 में 17,000 रैंकिंग आई थी, इस वर्ष उतने ही अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की रैंकिंग 50,000 के पार कैसे पहुंच गई। एनटीए (राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी) का कहना है की 2018 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार छात्र-छात्राओं को ग्रेस मार्क्स दिया गया है, जबकि वह 2018 का फैसला सिर्फ क्लैट (कंसोर्टियम ऑफ लॉ यूनिवर्सिटीज) के परीक्षा के लिए था। उस फैसले में साफ-साफ सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि नीट की परीक्षा में किसी प्रकार का कोई ग्रेस मार्क्स का प्रावधान नहीं होगा। उसके बावजूद किस आधार पर एनटीए (राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी) ने इतनी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को ग्रेस मार्क्स दिया।

### जेएसओयू शुरू करेगा प्री यूनिवर्सिटी सर्टिफिकेट कोर्स

**रांची।** झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय (जेएसओयू) ने बुधवार को रांची में प्री यूनिवर्सिटी सर्टिफिकेट कोर्स लांच करने के संबंध में प्रेस कांफ्रेंस किया। इसे जेएसओयू के कुलपति प्रो टीएन साहू, अंतरराष्ट्रीय आभासी शिक्षा परिषद के फाउंडर डॉ शबाब आलम ने संबोधित किया। इसमें विश्वविद्यालय ने नव संचालित पाठ्यक्रम विषयों पूर्व विश्वविद्यालय प्रमाण पत्र यानी प्री यूनिवर्सिटी सर्टिफिकेट कोर्स (दसवीं/बारहवीं / अन्य पारंपरिक व कौशल योजना पर आधारित) की बात बताई गई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो टीएन साहू ने बताया कि राज्य सरकार का अभी तक कोई ओपन डिस्टेंस लर्निंग का बोर्ड नहीं है। आज भी राज्य में केवल एनआईओएस ही कार्यरत है, क्योंकि विश्वविद्यालय दूरस्थ शिक्षा को समर्पित है। अंतरराष्ट्रीय आभासी शिक्षा परिषद् के फाउंडर शबाब आलम ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आभासी शिक्षा परिषद देश में ही नहीं, बल्कि कई अन्य देशों में भी दूरस्थ शिक्षा व ऑनलाइन शिक्षा पद्धति को बढ़ावा रहा है। प्रेस वार्ता में जेएसओयू के रजिस्ट्रार प्रो जीके सिंह, फाइनेंस अफसर डॉ वारुण मंडल, कोऑर्डिनेटर डॉ प्रेम सागर केशरी, विकास मौर्या, डॉ मनोज अगरिया आईसीवीई के कंट्री हेड एल मुथुवेलराज राजसेकर, वाइस प्रेसिडेंट अजय साहू, जेनरल सेक्रेट्री आचार्य महेंद्र पारीक और सेक्रेट्री नवनीत त्यागी आदि मौजूद थे।

### आईएचएम व पलाश-जेएसएलपीएस के साथ एमओयू

**रांची।** राज्य में खाद्य सेवा में सखी मंडलों की ग्रामीण महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए आईएचएम रांची, पलाश और जेएसएलपीएस (झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन समाज) के बीच बुधवार को एमओयू हुआ। एमओयू (मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) पर हस्ताक्षर आईएचएम के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार और राज्य सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव अवध नारायण प्रसाद ने किया। एमओयू के तहत आईएचएम रांची ग्रामीण महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए तकनीकी सेवा उपलब्ध कराएगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा क्षेत्रीय कलस्टर विकास परियोजना के तहत पलाश आजीविका दीदी कैफे खाद्य खुदरा श्रृंखला और खानपान सेवाओं के क्रियान्वयन लिए यह एमओयू किया गया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राज्य के लिए अनुमोदित क्षेत्रीय क्लस्टर विकास परियोजना के तहत पलाश आजीविका दीदी कैफे खाद्य खुदरा श्रृंखला और खानपान सेवाओं के कार्यान्वयन के लिए पलाश-झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी (जेएसएलपीएस), ग्रामीण विकास विभाग, जीओजे द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रीशन (आईएचएम) के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है। पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल और युवा मामले विभाग के अंतर्गत आईएचएम, रांची के तहत एक स्वायत्त संस्थान है, जो खाद्य सेवा में सखी मंडलों की ग्रामीण महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए तकनीकी सेवा एजेंसी (टीएसए) के रूप में देगा।

## विहिप ने बस पर आतंकी हमले को बताया कायराना कृत्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विहिप के अंतरराष्ट्रीय संगठन मंत्री मिलिंद परांडे ने कहा कि जम्मू कश्मीर में वैष्णो देवी कटरा से शिव खोड़ी जाते समय नौ जून को हिंदू श्रद्धालुओं की बस पर क्रूर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों ने कायराना हमला किया। इसमें 10 निर्दोष हिंदू तीर्थयात्री मारे गए। यह संपूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली घटना थी। परांडे बुधवार को रांची एयरपोर्ट रोड स्थित एक होटल में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस घटना से पूरा देश आहत है और तीव्र आक्रोश में है। जम्मू कश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है।





अनुच्छेद 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी है, लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है। हिंदुओं को चिह्नित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं। इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है। उन्होंने कहा कि देश की नई सरकार की शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसिक कृत्य करके इस्लामी आतंकवादियों ने देश की संप्रभुता को चुनौती दी है। शपथ ग्रहण के दिन हमला होना और तीन दिन में दो घटना होना निंदनीय हैं।

## राज्य में 15 तक हीट वेव का रेड अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। राज्य में हीट वेव (लू) के कारण लोग बेहाल हैं। फिलहाल, इससे अभी राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विज्ञान केंद्र ने भी 15 जून तक हीट वेव का रेड अलर्ट जारी किया है। जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज को छोड़ सभी जिलों में तापमान 41 डिग्री से ऊपर है। इन जिलों के लिए 14 जून तक का अलर्ट जारी है। सबसे अधिक तापमान गढ़वा, सरायकेला और डालटनगंज का 45 डिग्री दर्ज किया गया। रामगढ़, गिरिडीह, पश्चिमी और पूर्वी सिहभूम, बोकारो का तापमान 43 डिग्री तक दर्ज किया गया। लातेहार, चतरा, खूंटी, धनबाद का तापमान 42 डिग्री दर्ज किया गया। लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, हजारीबाग, देवघर,



रांची का तापमान 41 डिग्री दर्ज किया गया है। जामताड़ा, साहेबगंज, पाकुड़ का तापमान 39 से 36 डिग्री तक दर्ज किया गया।

रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार सुबह दस बजे के आंकड़े जारी करते हुए बताया कि हीट वेव का सबसे अधिक प्रभाव पलामू, चतरा, गढ़वा, सरायकेला, पश्चिमी और पूर्वी सिंहभूम जिलों में देखा जाएगा। उन्होंने बताया कि बंगाल की खाड़ी में पिछले दिनों लो प्रेशर बना था, लेकिन ये काफी कमजोर निकला और बारिश लाने में इसकी भूमिका नहीं रही। ऐसे में 15 जून के पहले राज्यवासियों को गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। केंद्र ने हीट वेव से बचाव के लिएलोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। अभिषेक आनंद ने बताया कि राजधानी रांची में 13 जून के बाद से मौसम में बदलाव होगा। इस दौरान आंशिक बादल छाये रहने की संभावना है। साथ ही, दोपहर के पहले लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। हालांकि, 15 जून तक राजधानी समेत आसपास के हिस्सों में दोहपर बाद बूंदा-बांदी की संभावना है।

# दिल्ली से रांची तक मिलने और बधाई देने का सिलसिला


भारत के रक्षा राज्य मंत्री व रांची के सांसद संजय सेठ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।


संजय सेठ ने रांची लोकसभा सीट से दूसरी बार जीत दर्ज की है। मोदी सरकार के तीसरे टर्म में रक्षा मंत्रालय की अहम जिम्मेवारी मिली है।


झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने कल्पना सोरेन से की मुलाकात।


विधायक कल्पना सोरेन से बुधवार को झामुमो के विधायक मथुरा महतो ने शिष्टाचार मुलाकात की।


लोहरदगा के नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत ने शिष्टाचार मुलाकात की।


कल्पना सोरेन से बुधवार को रोशन लाल भाटिया, मंजूर अहमद अंसारी व शफीक अंसारी ने शिष्टाचार मुलाकात की।


झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश कांग्रेस कमिटि के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कल्पना सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की।


झामुमो विधायक भूषण तिर्की ने शिष्टाचार मुलाकात की।


कांग्रेस नेत्री और धनबाद से प्रत्याशी रहीं अनुपमा सिंह ने कल्पना सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की।

## अलग-अलग छापेमारी में मिले सबूतों का हेमंत सोरेन से जुड़ाव : ईडी

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में भूमि घोटाले के आरोपी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। ईडी ने बहस के दौरान कहा कि हेमंत सोरेन का जुड़ाव उन सबूतों से है, जो ईडी की अलग-अलग छापेमारी में मिले हैं। ईडी की बहस सुनने के बाद अदालत ने हेमंत सोरेन के अधिवक्ता को लिखित बहस जमा करने का निर्देश दिया। ईडी की बहस गुरुवार को भी होगी।

कोर्ट में ईडी ने कहा कि बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानू प्रताप के ठिकाने से दस्तावेजों से भरा हुआ जो ट्रंक बरामद हुआ था, उसमें कई ऐसे कागजात मिले थे, जो भूमि घोटाला से ही संबंधित थे। विनोद सिंह के मोबाइल से जो चैट और नक्शा बरामद हुआ था, उसके मुताबिक 8.86 एकड़ भूमि पर बैंक्वेट हॉल बनाए जाने की तैयारी थी। हेलेरियस कच्छप को इस भूमि की देखरेख के लिए हेमंत सोरेन ने रखा था।

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को मिलेंगी कई सुविधाएं

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ केंद्रीय मंत्रिपरिषद में रक्षा राज्य मंत्री बनाए गए हैं। केंद्रीय मंत्रिपरिषद के राज्यमंत्री को भी कई सुविधाएं मिलती हैं। राज्यमंत्री को मिलने वाली सुविधाओं में एक प्राइवेट सेक्रेटरी, एक एडिशनल प्राइवेट सेक्रेटरी, एक असिस्टेंट प्राइवेट सेक्रेटरी, एक फर्स्ट पर्सनल असिस्टेंट, दो सेकेंड पर्सनल असिस्टेंट, एक हिंदी स्टेनोग्राफर, एक एलडीसी, एक ड्राइवर, एक जमादार और तीन पिउन शामिल हैं।

### लोकसभा चुनाव में जीती और हारी सीटों का कांग्रेस ने की समीक्षा

# जनता ने विपक्ष को मजबूत कर केंद्र की तानाशाही पर लगाया अंकुश : गुलाम मीर

**ब्यूरो रिपोर्ट। रांची**

**झारखंड प्रदेश कांग्रेस की विस्तारित कार्य समिति की बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने की। जबकि बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर उपस्थित थे। बैठक में विगत दिनों संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के संदर्भ में प्रत्येक सीट की समीक्षा की गई। इस क्रम में संबंधित लोकसभा के अंतर्गत आने वाले जिला अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी से चुनावी गतिविधियों के संबंध में फीडबैक लिया गया। इस दौरान लोकसभा सीटों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए एक रूपरेखा जल्द तय करने का निर्णय लिया गया।**

## प्रयास बेहतर रहा, लेकिन सुधार की जरूरत : राजेश ठाकुर

अध्यक्षता करते हुए समीक्षा के क्रम में राजेश ठाकुर ने कहा कि विगत कई चुनाव की अपेक्षा इस चुनाव में हमारा प्रयास बेहतर रहा है जिसमें सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में अग्नि परीक्षा का समय आ गया है चार महीनो में चुनाव होने वाले हैं। हमारी सरकार ने जनता से किए हुए जो वादे पूरे किए हैं उन्हें आम लोगों तक पहुंचाया जाए। सरकार गठन के साथ कोविड महामारी का सामना करने,भाजपा द्वारा सरकार गिराने के कुचक्र से बचते हुए,केंद्रीय एजेंसीयों द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन,मंत्री आलमगीर आलम को जेल भेजने के बावजूद हमने जनहित के सारे काम किये और अभी भी सिलसिला जारी है। हम जनता की उम्मीदों को पूरा करेंगे। बैठक आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी का आगाज है, हमने आज से आगामी विधानसभा चुनाव की शुरूआत कर दी है। बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि झारखंड में इंडिया गठबंधन की जीत के लिए कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी को धन्यवाद देने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि विधानसभा चुनाव की तैयारी के पहले चरण में ₹एक दिन एक विधानसभा₹ कार्यक्रम चलाया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, सुबोध कांत सहाय, प्रदीप बालमुचू, डॉ रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, सुखदेव भगत,प्रदीप यादव, दीपिका पांडे सिंह,अनूप सिंह,अंबा प्रसाद,नमन विक्सल कोनगाड़ी, उमाशंकर अकेला,भूषण बारा, जयप्रकाश भाई पटेल,रामचंद्र सिंह,राजेश कच्छप,सोनाराम सिंकू,इरफान अंसारी,शिल्पी नेहा तिर्की,के एन त्रिपाठी,अनुपमा सिंह,अमूल्य नीरज खलको, राकेश सिन्हा,सतीश पाल मूंजनी, अजय शाहदेव,जयशंकर पाठक, राजीव रंजन प्रसाद उपस्थित थे।




## अब मनमानी फैसला नहीं थोप सकती है केंद्र : गुलाम मीर

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि आपकी मेहनत में हमें ताकत दिया। जनता ने अब हमें इतना मजबूत कर दिया है कि केंद्र अब तानाशाही नहीं कर सकती, जनता पर मनमाना फैसला नहीं लाद सकती है। जब तक हम पूरी समीक्षा नहीं कर लेते अगला कदम मजबूती से नहीं उठा सकते हैं। हम जीती और हारी दोनों सीटों के प्रत्येक स्तर पर समीक्षा करेंगे। हमें समय बर्बाद करने की अपेक्षा अपनी कमियों को दूर करना है,हमें देखना है कि जो काम बाकी है वह जल्द पूरा हो। समय कम है काम ज्यादा है, कमजोर कड़ी को ढूंढना है और उसे मजबूत करना है। संगठन की मजबूती के दृष्टिकोण से आप लोगों के द्वारा रखी गई सारी बातें मेरे जेहन में है और उसके अनुसार संगठन में कार्य होगा। भाजपा के सरकार गिराने की कोशिश को हमारे विधायकों ने फेल किया है। सरकार के स्तर पर रुके काम जो आचार संहिता के चलते रुके थे, उसे गठबंधन दलों से पर बात कर पूरा किया जाएगा। संगठन द्वारा दी गई ताकत और पद का इस्तेमाल किसने उपयोग किया है वह हम पूरे चुनाव के दौरान मैंने देखा है। चुनाव के दौरान केंद्रीय नेतृत्व से हमें पूरा सहयोग मिला है न्याय यात्रा पूरे देश के लिए था और उस यात्रा ने जनता के दिलों में एक छाप छोड़ी है जिसके कारण आज हम एक मजबूत विपक्ष के रूप में देश में है भाजपा अपने घुटनों पर बैठी है।

## आंध्र प्रदेश और ओडिशा की डबल इंजन सरकार राज्य व देश हित में करेगी कार्य : बाबूलाल



**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में तथा उड़ीसा में मोहन चरण मांझी के नेतृत्व में बनी राज्य सरकार के शपथ ग्रहण पर हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों प्रदेश के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री सहित प्रदेश की जनता को बधाई एवम शुभकामनाएं दी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एनडीए पूरे देश में और मजबूत हो रहा है। जनता नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के स्वप्न को साकार होते देखना चाहती है।भारत के विकास में प्रदेशों का विकास समाहित है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार आंध्र प्रदेश और उड़ीसा की जनता के हित में कार्य करते हुए विकसित भारत बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान देगी। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने बधाई एवम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उड़ीसा और आंध्र प्रदेश में एन डी ए सरकार नया सवेरा लेकर आएगी। जिसमें ,समृद्धि और विकास के साथ खुशहाली होगी।

## पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के दोषी को सात साल की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की कोर्ट ने बुधवार को पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दोषी पति मोहम्मद सद्दाम को सात साल की सजा सुनाई। साथ ही, उस पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्मानें की राशि नहीं देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। मामले में अदालत ने एक आरोपित मोहम्मद असलम को पूर्व में साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था। बता दें कि यह मामला अनगड़ा थाना क्षेत्र से जुड़ा है। बताया जाता है कि मो सद्दाम की पत्नी ने वर्ष 2018 में आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद मोहम्मद सद्दाम पर पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा था। इसे लेकर अनगड़ा थाने में कांड संख्या 22/2018 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## गुमला विधायक भूषण तिर्की सहित छह आरोपियों के खिलाफ आरोप गठन एक जुलाई को

**रांची।** रांची के एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत में गुमला विधायक भूषण तिर्की सहित छह आरोपियों से जुड़े मामले में बुधवार को सुनवाई हुई। इनके आरोप गठन पर अदालत अब एक जुलाई को सुनवाई करेगा। मामले में भूषण तिर्की, फ्लोरा मिंज, शीला टोप्पो, शांति मारग्रेट बाड़ा, पुष्पा किस्पोट्टा और रंजीत सरदार के खिलाफ आरोप गठन होना है। मामले में सहायक लोक अभियोजक सिद्धार्थ सिंह ने अभियोजन की ओर से पक्ष रखा। पूर्व में विधायक भूषण तिर्की ने इस मामले में डिस्चार्ज याचिका भी दाखिल की थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया था। मामले में गुमला थाने में दो दिसंबर, 2016 को कांड संख्या 421/2016 दर्ज की गई थी। इसमें गैरकानूनी मजमा लगाकर सड़क पर जाम लगाने के साथ सरकारी कामकाज में बाधा डालने का आरोप है। इसे लेकर गुमला के तत्कालीन बीडीओ उमेश कुमार स्वांसी ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# बच्चों को बेहतर शिक्षा देना हमारी प्राथमिकता : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस योजना, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना, पशुधन विकास योजना एवं सुखाड़ राहत योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की भी समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सीएम ने राज्य और जिलों के सभी स्तर के अधिकारियों को इन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों तक पहुंचाने का निर्देश दिया।



### रेगुलर टीचर की नियुक्ति करने का निर्देश

मुख्यमंत्री ने सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि शिक्षा ही सामाजिक उन्नति का आधार है। राज्य के सभी वर्गों के बच्चों को बेहतर शिक्षा देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बच्चों में शिक्षा का अलख जगाना हमारी सरकार की जिम्मेदारी है। आने वाले समय में सभी प्रखंड में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जाएंगे। सभी सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस में रेगुलर टीचर की नियुक्ति करें। राज्य में संचालित सभी सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस में गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई सुनिश्चित करें।

**वृक्षारोपण के बावजूद वनों के विस्तार में बृद्धि नहीं होना चिंता**

मुख्यमंत्री ने वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की समीक्षा इस बात पर चिंता जाहिर की कि हर वर्ष लाखों की संख्या में वृक्षारोपण किया जाता है, लेकिन लक्ष्य के मुताबिक वनों में विस्तार में बढ़ोतरी नहीं हो पा रही है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिया कि वे अपने स्तर से वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा किए गए वृक्षारोपण की स्थिति की जांच करें। इन्हें हर हाल में संरक्षित किया जाना चाहिए। वृक्षों का सही रख-रखाव और पानी का पटावन वृक्षारोपण योजना को सफल बनाएगी। वृक्षारोपण सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना पर राज्य सरकार काफी खर्च भी करती है। वृक्षारोपण पर्यावरण संतुलन के लिए भी काफी अहम कड़ी है। अतएव लक्ष्य के अनुरूप वृक्षारोपण के लक्ष्य को प्राप्त करें।

**मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना का लाभ सभी जरूरतमंद को दें**

मुख्यमंत्री ने कहा कि गंभीर बीमारी योजना राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिलना चाहिए। लोगों को इस योजना के साथ राज्य सरकार के स्वास्थ्य से संबंधित अन्य योजनाओं की जानकारी हो।

## खूंटी में विधायक ने सात सड़कों का शिलान्यास किया

**खूंटी।** खूंटी के विधायक और पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि सड़कें ही विकास का आधार हैं। अच्छी सड़कें ही प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती हैं। विधायक बुधवार को अमर शहीद भगवान बिरसा मुंडा के सेनापति रहे सरदार गया मुंडा की जन्मस्थली मुरहू प्रखंड के एटकेडीह में एक साथ सात सड़कों का शिलान्यास के बाद उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि पूर्व में शहीदों के गांव का विकास नहीं हुआ था। आज उलिहातू, डोम्बारी बुरू तक जाने के लिए सड़क है। एटकेडीह का भी विकास किया गया। आज सुदूर क्षेत्रों तक सड़क और पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया है।

## झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन के एक वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन में बुधवार को कामकाज शुरू हुए एक वर्ष पूरा हो गया। कामकाज शुरू होने के पहले वर्षगांठ पर हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन ने कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस समेत अन्य जस्टिस और बार एसोसिएशन के सदस्य शामिल हुए। पिछले वर्ष 24 मई को नए भवन का उद्घाटन हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड हाई कोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की मौजूदगी में हाई कोर्ट के नए भवन का उद्घाटन किया था। इसके बाद हाई कोर्ट का नया भवन राज्य को समर्पित कर दिया गया था। इसके बाद गर्मी छुट्टियां खत्म होने पर 12 जून को न्यायिक कार्य शुरू हुए थे।

## एक नजर

### हाजी अब्दुल हकीम शाह अफजली फरीदी का 45वां सलाना उर्स आज

**बरकट्ठा।** प्रखंड के कोनहाराखुर्द ग्राम स्थित बाबा हाजी अब्दुल हकीम शाह अफजली फरीदी का 45वां सलाना उर्स पाक 13 जून को मनाया जाएगा। उर्स पाक की सदारत पीरे तरिकत हजरत मौलाना सैयद शाह अरशद अफजली आस्ताना शेरपुर नवादा के द्वारा किया जाएगा। वहीं सरपरस्ती हजरत मौलाना सैयद शाह अरशद अफजली, हजरत मौलाना सैयद शाह फैजानु हुदा कादरी पिंड शरीफ समेत मुल्क के कई नामी गिरामी उलेमा व शायर शिरकत करेंगे। उर्स पाक पर नमाजे ऐशा पैगाम इस्लाम सह फैजाने अफजली कांफ्रेंस, सुबह में कुरानखानी एवं दोपहर को जोहर बाद शमा का प्रोग्राम होगा। उर्स मुबारक पर अकीदत मंदो के द्वारा बाबा के मजार पर चादर पोशी कर फातिहा खानी होगी।सफल बनाने में कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष शाहिद शेख, कमेटी के सदर नसीम खान, सेक्रेट्री यासिन खान, खादिम शाहनूर वारसी, हाजी मोहम्मद शमीम, इसरार खान, जसीम खान, सत्तार खान, गफ्फार खान, जाहीद खान, आबिद खान, वसिम अकरम, हाजी फहीम खान, मो मेराज राजू, महताब खान, सद्दाम, वारिश, बबलू खान समेत अन्य लोग शामिल हैं।

### दो पंचायत में चार दिन से ठप है सीसीएल की जलापूर्ति व्यवस्था

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा रिवर साईड स्थित दो पंचायत चीफ हाउस और इमलीगाछ में पानी के लिए हाहाकार मचा है। दोनों पंचायत की सीसीएल कॉलोनियों में विगत चार दिन से जलापूर्ति ठप है। एक ओर भीषण गर्मी का कहर तो दूसरी ओर पानी की समस्या से लोग बेहाल हैं। सुबह पौ फटते ही लोग पानी की तलाश में निकल पड़ते हैं। कुछ लोग भुरकुंडा का रूख करते हैं तो लगभग लोग दामोदर नद का सहारा लेने को बाध्य हैं। लेकिन सबसे बड़ी समस्या पेयजल को लेकर है। आलम यह है कि लोग 20 से 25 रुपया चुका कर पानी का जार खरीदने को बाध्य हैं। चीफ हाउस पंचायत के मुखिया विकास पांडेय और इमलीगाछ पंचायत की मुखिया चंद्रावती ठाकुर ने कहा कि लगभग तीन महीने से सीसीएल की जलापूर्ति व्यवस्था का हाल बेहाल है।

### डीसी की कार्रवाई से रेफरल अस्पताल की जमीन खाली होने की जगी उम्मीद

**कुजू।** रामगढ़ डीसी के सरकारी जमीन मामले में गंभीरता दिखाने व दखल कब्जा हटाने की कार्रवाई के बाद क्षेत्र के लोगों में अन्य स्थानों के सरकारी जमीन को खाली कराने की उम्मीद जगी है। डीसी चंदन कुमार ने जहां एक ओर नमामि गंगे योजना के तहत सीवरेज वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने को लेकर उखरबेड़वा के 71 एकड़ गैरमजरूवा जमीन पर जमाए गए अवैध कब्जा को समाप्त कर चार एकड़ जमीन पर उक्त प्लांट निर्माण के लिए जमीन चिन्हित कर घेराबंदी शुरू करा एक अच्छी पहल की है। वहीं मरमगढ़ा के निकट कब्जाए गए 4.13 एकड़ जमीन की जमाबंदी रद्द कर एक नए कल की ओर इंगित किया है। इससे क्षेत्र के भू माफियाओं व सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर आलीशान महल व व्यावसायिक प्रतिष्ठान बनाने वाले लोगों के बीच खलबली मची है।

### इनमोसा ने गिद्दी-सी के पीओ कार्यालय समक्ष दिया धरना

**गिद्दी।** इनमोसा ने बुधवार को गिद्दी सी पीओ कार्यालय समक्ष एकदिवसीय धरना दिया। धरना के दौरान सभा का भी आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए इनमोसा नेताओं ने गिद्दी सी प्रबंधन से मांगों पर कार्रवाई करने की मांग की। सभा की अध्यक्षता मधुसुदन सिंह और संचालन कृष्णा कुमार सिंह ने किया। धरना के सामापन पर इनमोसा प्रतिनिधिमंडल ने पीओ के नाम 13 सूत्री मांग पत्र सौपा। जिसमें खान सुरक्षा मानकों को गंभीरता से पालन करने, खदान में छोटे वाहनों के लिए सड़क की व्यवस्था करने, प्रबंधन के मजदूर और सुपरवाइजरी स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार पर रोक लगाने, मजदूरों का समय पर प्रमोशन करने, संडे ड्यूटी में पारदर्शिता लाने, अति संवेदनशील पदो पर वर्षो से जो अधिकारियों का तबादला करने, ऑफिस में कार्यरत मजदूरों का क्लर्क पद पर नियमित करने, मशीनों का रख रखाव ठीक से करने, वरीयता के अनुसार क्वार्टर का आवंटन करने, देवकी महतो एसपीए को आवंटित क्वार्टर अविलंब हस्तांरित करने, संजय सिंह को क्लास करने के लिए अनुमति देने आदि की मांग शामिल है।

## ऋण सह समझौता शिविर में एक लाख 80 हजार की हुई उगाही

# ऋण जमा नहीं करने वालों पर होगी कार्रवाई : प्रबंधक




**नवीनमेल संवाददाता। बरही**
बैंक ऑफ इंडिया बरही शाखा ने अपने केसीसी एनपीए खाता धारकों के लिए कोनरा पंचायत भवन में ऋण वसूली सह समझौता शिविर का आयोजन किया. इस शिविर में बरही शाखा के विभिन्न पंचायत से दर्जनों एनपीए खाता धारक पहुंचे. जिन्हें ऋण वसूली से संबंधित जानकारी दी गई. शाखा प्रबंधक आकाश सिंह ने बताया कि शिविर में कुल 22 ग्राहकों के 12 लाख ऋण को मात्र 4 लाख रुपए में समझौता किया गया. समझौता के तहत 1 लाख 80 हजार रुपए की अदायगी हुई. कई ग्राहकों को समझौता के बाद बुकिंग राशि जमा लेकर शेष राशि के लिए 30 दिन का समय दिया गया. शाखा प्रबंधक ने बताया कि सभी एनपीए खाता धारक एकमुश्त ऋण अदायगी योजना का लाभ उठाए. इस योजना के तहत अधिकतम छूट मिल रहे है. ऋण जमा नही करने वाले ग्राहकों के खिलाफ नियमसंगत कार्रवाई की जायेगी. उन्होंने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया के और बरही शाखा में 2808 केसीसी खाता एनपीए है. जिसके तहत करीब 19 करोड़ रुपए की राशि बकाया है. ऋण लेना अच्छी बात है पर उसकी अदायगी के लिए लोगो को सचेत और गंभीर होनी चाहिए. यह एक मुश्त योजना फिलहाल जारी है.एनपीए खाता धारकों को इसका लाभ लेने की आवश्यकता है. शिविर में बैंक कर्मी मधु दास, मोकीम अंसारी, बीसी जयदीप कुमार सिन्हा, मोती सिंह, शीला देवी, मनोज राणा मौजूद थे. ऋण वसूली शिविर में हकीम अंसारी ने भी सार्थक भूमिका निभाई. कई ऋण धारक अपने ऋण की राशि से अचंभित थे. आरोप था कि उन्हें अंकित राशि से कम ऋण मिला है।

**कुल 22 ग्राहकों के 12 लाख ऋण को मात्र 4 लाख रुपये में समझौता किया गया, समझौता के तहत 1 लाख 80 हजार रुपये की अदायगी हुई**

### शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज परिसर में लगे वाहनों का नहीं लगेगा पार्किंग शुल्क



**हजारीबाग।** नगर निगम द्वारा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लगे निजी एंबुलेंस पर पार्किंग शुल्क लगाने का निर्णय लिया गया था।इस बाबत एंबुलेंस चालकों द्वारा मामले की जानकारी समाजसेवी तथा भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद को दी गई थी।श्री प्रसाद ने बुधवार को नगर आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल से मुलाकात कर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज परिसर में लगने वाले पार्किंग शुल्क को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया है कि संबंधित एजेंसी से तत्काल जांच के बाद शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज परिसर से सभी वाहनों का पार्किंग शुल्क हटा दिया जाएगा।मौके पर मनोज श्रीवास्तव, प्रकाश झा, सुरेन्द्र सिंह, राजेश यादव,चंदन सिंह, राजा,भास्कर सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### बीसीएम संध्याकालीन स्नातक महाविद्यालय में समेस्टर-6 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह संपन्न




**बरकट्ठा।** प्रखंड के गंगपाचो स्थित बी. सी.एम. संध्याकालीन स्नातक महाविद्यालय में कला संकाय और वाणिज्य संकाय समेस्टर-6 सत्र 2021-24 के छात्रों का विदाई समारोह भव्य संस्कृति कार्यक्रम के साथ आयोजित किया गया। समारोह के प्रारम्भ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. इंद्रदेव प्रसाद ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए ईश्वर से प्रार्थना एवं मंगलकामना की।वहीं समेस्टर-1 एवं 3 के छात्रों द्वारा डांस, विदाई भाषण, विदाई गीत, नुक्कट-नाटक के साथ खुशी-खुशी विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।मौके पर महाविद्यालय के सहायक व्याख्याता डॉ. महेश प्रसाद, डॉ. अनिल कुमार राणा, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. ममता कुमारी डॉ. मोनिका कुजूर, डॉ. रामजीवन कुमार, गणेश कुमार दयानंद कुमार गिरी, बजरंगी मंडल, मुकेश मंडल आदि ने समेस्टर-श्कके छात्रों को उपहार देकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ विदाई दिया गया।वहीं प्राचार्य महोदय ने बताया कि कला संकाय और वाणिज्य संकाय में 2024-28 सत्र के लिए नामांकन जारी है।

### 11 हजार वोल्ट के तार की चपेट में आने से सात मवेशियों की मौत



**बरकट्ठा।** प्रखंड के कपका पंचायत अंतर्गत मासीपीढ़ी गांव में गिरे 11 हजार तार की चपेट में आने से सात मवेशियों की मौके पर मौत हो गई। वहीं ग्रामीण अनुप कुमार ने बताया कि तार गिरे जाने की सूचना देने के लिए घंटों तक जेइइ और एसडीओ साहब से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन फोन बंद थी ।जिसके उपरांत ही इतनी बड़ी घटना घटी है। घटना में रामचंद्र शर्मा की दो मवेशी, ठाकुर महतो की एक मवेशी, नागो महतो की एक मवेशी, लालधन राणा की एक मवेशी सुखदेव राम की एक मवेशी एवं सुरेश राम की एक मवेशी सभी मासीपीढ़ी निवासी के सात मवेशियों की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे भाजपा सांसद प्रतिनिधि रघुवीर महतो ने बिजली विभाग और जिला प्रशासन से बात कर घटना में मरे मवेशी के स्वामियों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

### नगर निगम की पार्किंग व्यवस्था की योजना से फुटपाथ दुकानदारों में दहशत



**हजारीबाग।** नगर निगम के द्वारा हर चौक चौराहे पर पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। इससे फुटपाथ दुकानदारों में भय का माहौल है। उनका कहना है कि जो पार्किंग का टेंडर लेते हैं वे फुटपाथ दुकानदारों से जबरन सौ से 2 सौ रुपए प्रतिदिन जबरन वसूलते हैं जिसके कारण फुटपाथ दुकानदारों को परिवार चलाना मुश्किल हो जाता है। फुटपाथ दुकानदार संघ ने इसकी सूचना सासंद, नगर आयुक्त, उपायुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी को देते हुए समस्या के समाधान की अपील की है। दुकानदार संघ के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि यदि हमारी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो विवश होकर उन्हे उग्र आंदोलन को बाध्य होना पड़ेगा।विरोध दर्ज करवाने वालों में संतोष कुमार गुप्ता, रविंद्र महतो, विजय गुप्ता, सलीम भाई ,इम्तियाज, प्रदीप कुमार, कुंती देवी, गीत देवी, कर्मी तिर्की ,प्रतिमा मसमा ,मंगल पांडे समेत कई अन्य फुटपाथ दुकानदार शामिल थे।

### प्रदीप प्रसाद के एक लाख पौधरोपण की मुहिम को सांसद मनीष जायसवाल ने सराहा



**हजारीबाग।** समाजसेवी प्रदीप प्रसाद द्वारा सदर विधानसभा क्षेत्र में एक लाख पौधों के वितरण के अभियान के तहत बुधवार को कुम्हारटोली पार तालाब एवं छठ घाट के समीप वृक्षारोपण किया गया।वहीं सांसद बनने के बाद पहली बार कुम्हार टोली पहुँचने पर स्थानीय लोगों द्वारा मनीष जायसवाल का स्वागत किया गया।इस मौके पर वे जनसमस्याओं से भी रूबरू हुए,साथ हीं छठ घाट के सौंदर्यीकरण का भी भरोसा दिलाया। श्री जायसवाल ने भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के द्वारा पर्यावरण सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे मुहिम की सराहना की। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल नें पौधारोपण व जल संरक्षण कार्यक्रम की सराहना कर उनका हौसला बढ़ाया है। मौके पर मनोज श्रीवास्तव, भूलन राम, दीपक वर्मा, अमित कुमार, राजेश कुमार, राजा जिमर, अशीष वर्णवाल, मुकेश साव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### बरकट्ठा पुलिस ने 6 अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ा, मामला किया दर्ज



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा पुलिस ने एनजीटी के रोक लगने पर छः अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को पकड़ा। इस बाबत थाना प्रभारी राजेश कुमार भोगता ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की रात को गंगपाचो पंचायत अंतर्गत ग्राम ढोढ़ीया के पास अवैध बालू के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध बालू लदा छः ट्रैक्टर को पकड़ा। पुलिस को देखते ही सभी ट्रैक्टर के चालक अंधेरे का लाभ उठा कर फरार हो गए। मौके पर पुलिस ने तीन लाल रंग के माहिन्द्रा ट्रैक्टर, दो ब्लू रंग का पावर ट्रैक ट्रैक्टर, एक न्यू हालैंड ट्रैक्टर जिस पर बालू लदा हुआ था, पकड़ कर बरकट्ठा थाना लाया गया। पुलिस ने सभी ट्रैक्टर के मालिक और अज्ञात चालकों पर मामला दर्ज किया। इस मामले का केस नम्बर 101/24 है।

## अवैध धंधा करने वाले दो व्यक्तियों को पुलिस ने भेजा जेल

# सूचना मिलने पर की जाएगी कार्रवाई : पुलिस इंस्पेक्टर



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
पुलिस ने बकरीद त्योहार से पहले ग्रामीणों की सूचना पर दुलमहा तेलोडीह से मंगलवार को करीब नौ बजे गोवंशीय पशु को बकरीद के अवसर पर कुर्बानी करने की नियत से ले जाने के क्रम में पकड़ कर पुलिस प्रशासन को फोन कर इसकी सूचना दी गयी। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए थाना के पुलिस पदाधिकारी सशस्त्र बल के साथ ग्राम तेलोडीह जाकर टैम्पु संख्या जेएच 02 एआर 4966 में दो बैल को क्रूरता पूर्वक पैर को रस्सी से बांधकर लादा हुआ पाया गया। इस सबंध में बरही थाना कांड संख्या 233/24 दर्ज किया गया और पकड़ाये दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पकड़ाए व्यक्तियों में मो इदरीस पिता मो शब्बीर ग्राम महुगढा व शम्भू भुइयां पिता बासुदेव भुइयां बरसोत के रहने वाले है। इस बाबत पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार ने बताया कि कोई भी असामाजिक गतिविधि या अवैध काम की सूचना पुलिस तक अवश्य पहुंचाएं। उनकी सूचना को गोपनीय बनाये रखते हुए कार्रवई जरूर की जाएगी।

# प्रशासन की रोक के बावजूद धड़ल्ले से हो रही है अवैध बालू की ढुलाई



**बरही । गत** 10 जून से पूरे राज्य में एनजीटी कानून लागू है. जिसके तहत आगामी 15 अक्टूबर तक राज्य के विभिन्न बालू घाटों से बालू निकासी पूरी तरह प्रतिबंधित है. इसे लेकर खनन विभाग ने भी स्थानीय प्रशासन को स्पष्ट निर्देश के बाबजूद बरही के जरहिया-हरीला, रेंजर कार्यालय के बगल स्थित ब्राहील मुहल्ला मार्ग, बाईपास होते हुए साधनापुरी मार्ग, रेलवे कॉलोनी स्थित कटिऔन मार्ग बालू ढुलाई के लिए सेफ जोन देखा जा रहा है. जहां प्रतिदिन अहले सुबह 4 से साढ़े पांच बजे के बीच बालू लदे दर्जनों ट्रैक्टर गुजरते देखे जा रहे हैं. जो प्रति ट्रैक्टर साढ़े तीन से पांच रुपये के बीच में बेचे जा रहे हैं. एनजीटी लगने से सबसे ज्यादा परेशानी अबुआ आवास के लाभुकों को हो रही है. जिन्हें औने पौने दर पर बालू खरीदना पड़ रहा है. नाम नहीं उजागर करने के शर्त पर एक ट्रैक्टर चालक ने बताया कि सिर्फ उड़न दस्ते से बचना है, बाकी सभी मैनेज हैं. बहरहाल जो भी हो आर्थिक क्षति जनता को ही उठाना पड़ रहा है. आश्चर्य वाली बात है कि जब बालू की आपूर्ति प्रतिबंधित है ऐसे में अबूआ आवास या अन्य निर्माण कार्य कैसे किए जा सकते है. इसके लिए सरकार को ग्रामीण स्तर पर औपबंधिक व्यवस्था पर ध्यान देने की आवश्यकता है. सरकार अबुआ आवास निर्माण के लिए दूसरी किस्त की राशि निर्गत कर चुकी है. जो धीरे-धीरे लाभुक के खाते में पहुंचने भी लगे हैं।

### मृत बिजली मिस्त्री किशोर कुमार के परिजनों को दी गई 10 लाख की मुआवजा राशि



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
बानादाग निवासी किशोर कुमार पोल पर 11 हजार बिजली तार तार को ठीक करने के लिए चढ़े हुए थे, इसी क्रम में बिजली विभाग के द्वारा पावर ऑन कर दिया गया और मौके पर ही किशोर कुमार की मौत हो गई जिसके बाद परिजनों ने मंगलवार को देर शाम जुलू पार्क स्थित जीएम कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया इस धरना प्रदर्शन में बानादाग के सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।ग्रामीणों को हक दिलाने के लिए मंगलवार को देर शाम धरना स्थल पर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा देर रात तक डटे रहे।तत्पश्चात देर रात मे मृतक की धर्मपत्नी सरिता देवी के नाम से एक पत्र जारी किया गया, जिसमें लिखा गया कि उन्हें 60 वर्ष तक पेंशन मिलता रहेगा, मृतक के बच्चों को 25 वर्ष आयु तक पेंशन प्राप्त होते रहेगी, 10 लाख रुपए का मुआवजा मिलेगा, परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी गई वहीं सदस्य की सैलरी 10 से 12 हजार होगी ।शव के अंतिम संस्कार के लिए एक लाख नगद दिया गया। उक्त पत्र गीतराज इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के महाप्रबंधक के द्वारा जारी किया गया था।धरने पर ग्रामीणों के साथ पूर्व मुखिया उदय साव भी बैठे थें।हर्ष अजमेरा के साथ उदय साव भी मौजूद थे। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि वंचितों के न्याय के लिए वे हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे।

## ज्ञान महिला समिति की बैठक में सांसद मनीष जायसवाल हुए शामिल

# चंद्रप्रकाश व सांसद मनीष जायसवाल को मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
ज्ञान महिला समिति की बैठक 12 जून को टाइगोर पथ बिजुलिया में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भानु देवी ने किया और संचालन पिंकी देवी ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल उपस्थित हुए। बैठक में ज्ञान महिला समिति की सदस्यों द्वारा हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और केन्द्रीय मंत्री मंडल में शामिल कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी को जीत की बधाई दी गई। साथ ही ज्ञान महिला समिति के सदस्यों ने चुनाव के बाद गठित नरेंद्र मोदी सरकार में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं करने पर आश्चर्य व्यक्त किया। समिति के सदस्यों ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक पत्र प्रेषित कर केंद्रीय मंत्री मंडल में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को शामिल करने की मांग की। मौके पर ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने कहा कि 6 महीने के बाद झारखंड में विधानसभा का चुनाव होना है। उन्होंने कहा कि यदि केंद्रीय मंत्री मंडल में गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल शामिल किया जाता है तो आनेवाले विधानसभा चुनाव में भाजपा के जीत की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। मौके पर ज्ञान महिला समिति के वार्ड नंबर 5 अध्यक्ष भानु देवी, सचिव पिंकी देवी, सीमा सिंह आदि ने नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर उन्हें बधाई दी।

**चंद्र प्रकाश चौधरी और मनीष जायसवाल को शामिल किया जाता है तो आनेवाले विस चुनाव में भाजपा के जीत की संभावनाएं बढ़ जाएंगी**

## छापामारी

## एसपी ने दी जानकारी, सामान भी हुए बरामद

# ट्रैक्टर चोर गिरोह के चार सदस्य किए गए गिरफ्तार





**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
विगत कुछ माह से मांडू थाना, वेस्ट बोकारो ओपी, कुज्जू ओपी, बरकाकाना ओपी एवं रामगढ़ थाना अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों से लगातार अज्ञात चोरों द्वारा ट्रैक्टर चोरी की घटना अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा अंजाम दिया जा रहा था। इस संदर्भ में सभी थाना / ओपी में कई काण्ड दर्ज किये गये। ट्रैक्टर की बरामदगी एवं अज्ञात चोरों के विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ० बिमल कुमार द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा तकनीकी एवं गुप्त सूचना के आधार पर सतत रूप से छापामारी अभियान विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया। छापामारी के दौरान प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर कोर्रा थाना (हजारीबाग) अंतर्गत सिंदुर में रह रहे ट्रैक्टर चोर गिरोह के चार अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी 12 जून को पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि चारों अभियुक्त से सख्ती से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया कि चारों विगत छह माह से गिरोह के हेड राजा मल्हार उर्फ कैलाश मल्हार के साथ मिलकर सभी अपने निजी एवं पारीवारिक एशो आराम को पूरा करने के लिए रामगढ़ एवं हजारीबाग जिला के विभिन्न थानों से ट्रैक्टर चोरी कर कोडरमा जिला के चन्दवारा थाना क्षेत्र में बेचते थे।

**गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम**

1. राजा मल्हार उर्फ कैलाश मल्हार, उम्र करीब 32 वर्ष, पे0-द्वारिका मल्हार
2. नगद्दा मल्हार, उम्र करीब 22 वर्ष, पे0-प्यारी मल्हार, दोनों सा0-आराकाटा, कुन्दरिया बस्ती मल्हार टोला, थाना-माण्डु (कुज्जू ओ0पी0), जिला-रामगढ़
3. शनिचरवा मल्होरिया, उम्र करीब 29 वर्ष, पे0 दशरथ मल्होरिया, स्थाई पता-सोनाजोरी मल्होर टोली, थाना-बुढ़ई, जिला-देवघर वर्तमान पता राधानगर, माण्डु, थाना-माण्डु, जिला-रामगढ़
4. पिन्टु मल्हार, उम्र-करीब 30 वर्ष, पे0- नकुल मल्हार, सा0-कोन्दरा, थाना-बरही, जिला- हजारीबाग

अभियुक्तों के पास से बरामद सामान

## गोरहर में बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन

### ग्राहक बीमा का लाभ अवश्य उठाएं : प्रमोद कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के गोरहर में बैंक ऑफ इंडिया का ग्राहक सेवा केन्द्र का उद्घाटन मंगलवार को शाखा प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह ने किया। मौके पर उन्होंने ग्राहकों को जागरूक करते हुए कहा कि सिनियर सिटीजन और सुपर सिनियर सिटीजन 666 स्कीम का लाभ अवश्य उठावें। साथ ही उन्होंने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा विभिन्न स्कीम के तहत ग्राहकों के लिए बीमा योजना लाई है। ग्राहकों को इसका लाभ अवश्य उठाना चाहिए। उन्होंने बताया कि ग्राहक 20 रुपए सालाना जमा कर दो लाख रुपए का दुर्घटना बीमा का लाभ एवं 436 रुपए जमा कर किसी भी तरह की मृत्यु पर दो लाख रुपए का बीमा लाभ ले सकते हैं। साथ ही उन्होंने अटल पेंशन योजना के विषय में लोगों को जानकारी दी। वहीं शाखा प्रबंधक ने कहा कि गोरहर में ग्राहक सेवा केंद्र खुलने से ग्राहकों को सहुलियत होगी साथ ही समय की बचत होगी। मौके पर शाखा प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह, अमरदीप कुमार, जगरनाथ शांडिल्य, कार्तिक मिश्रा, राकेश कुमार,अमर मिंज, बैजनाथ मुंडा, राजेश रजक,गोलू कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### विश्व बाल श्रम उन्मूलन दिवस पर 19 बिरहोर बच्चों को किया सम्मानित

**कोडरमा।** विश्व बाल श्रम उन्मूलन दिवस पर बुधवार को आदर्श फाउंडेशन द्वारा 19 होनहार बिरहोर बच्चों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सतगावां, डोमचांच, कोडरमा और बिरहोर कॉलोनी के पांच ऐसे बिरहोर बच्चों को 20-20 हजार रुपए दिए गए जो पहले महीने में सिर्फ चार से पांच दिन स्कूल आते थे। पर पिछले तीन माह में उनकी स्कूल में उपस्थिति 19 से 20 दिन के बीच रही है ' फाउंडेशन सचिव सुरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि आज का दिन दुनिया भर के बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संकल्प लेने का दिन है। इस दौरान पूजा कुमारी, गुड़िया, सुखड़ी, लता, खुशबू, नलिया, दीपा,अंशू बिरहोर, मंजीत बिरहोर, सुखदेव बिरहोर, किशन बिरहोर सहित कुल 19 बिरहोर बच्चों को सम्मानित किया गया। मौके पर फाउंडेशन कार्यकर्ता राहुल कुमार, लालो बिरहोर, हेमलता बिरहोरनी आदि मौजूद थे।

### दो वर्षीय मासूम की तालाब में डूबने से मौत

**कोडरमा।** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत सपही में मंगलवार की शाम तालाब में डूबने से दो वर्षीय मासूम की मौत हो गई। उसकी पहचान सपही निवासी आकाश आइंद पिता अमृत आइंद के रूप में की गई है। सूचना के बाद पुलिस ने बुधवार को मासूम के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार आकाश गत मंगलवार की शाम घर के बाहर खेल रहा था। इसी बीच वह नलवा स्कूल के पीछे स्थित तालाब की तरफ चला गया था। संभवतः इसी दौरान पैर फिसलने से वह तालाब में गिर गया होगा और डूबने से उसकी मौत हो गई होगी। इधर देर शाम तक बच्चा जब घर में नहीं मिला तो परिजन उसकी खोजबीन करने लगे। परिजन रातभर बच्चे को खोजते रहे, लेकिन वह नहीं मिला। बुधवार की सुबह कुछ लोगों ने बच्चे के शव को तालाब में उपलाता देखा।

### भीषण गर्मी से प्रखंड क्षेत्र में अनियमित बिजली की अपूर्ति

**सतगावां।** भीषण गर्मी इन दिनों अपनी चरम पर है और ऐसे में लगातार अनियमित बिजली ने लोगों को परेशान कर रखा है। प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले तीन दिनों से रात्रि में बिजली की आंख मिचौनी के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जबकि बिजली कटौती के कारण लोग पूरी रात-दिन जागकर अपना समय गुजार रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी बच्चे और बुजुर्गों को हो रही है। एक तरफ उमस भरी गर्मी और उपर से हवा नहीं चलने से लोग अपने -अपने घरों के बाहर या छतों पर हाथ के पंखे चलाकर पूरी रात जागते रहे। दिन- रात में कुल 12 से 15 घंटे ही बिजली आपूर्ति हो रही है। ग्रामीण सुबोध कुमार, रविन्द्र कुमार,विकास कुमार,शैलेंद्र कुमार,अजीत कुमार, विवेक कुमार,कुंदन कुमार आदि ने बताया कि न तो गर्मी में और न ही बरसात में कभी भी बिजली आपूर्ति ठीक ढंग से नहीं दिया जाता है।

## दो जगहों पर पेड़ से गिरने से दो लोग हुए गंभीर रूप से घायल



**सिमडेगा।** गर्मी का मौसम आने के साथ-साथ कई लोग धूप से बचते हैं तो वहीं कई जगहों पर शरारत भी कभी-कभी भारी पड़ जाता है। सिमडेगा में दो अलग-अलग जगह में पेड़ के ऊपर से गिरने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों ही घायलों को इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया ।जहां पर एक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा से राजधानी रांची रेफर कर दिया। पहली घटना सिमडेगा शहरी क्षेत्र के खिजरी की है जहां पर पेड़ पर चढ़कर बरगद की डाली काटने के दौरान फिसल कर गिरने से सुबक नायक नामक 40 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका उपचार चल रहा है । दूसरा मामला मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कोचेडेगा पहाड़ टोली गांव की है जहां एक 9 साल का बच्चा अभिजीत मिंज जामुन तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा था और गिरने की वजह से उसके दोनों हाथ टूट गए। तत्काल उसे निजी वाहन द्वारा सदर अस्पताल सिमडेगा लाया जहां पर उसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर ने राजधानी रांची रेफर कर दिया।

**सेवा सहयोग समिति ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन**

## छह सौ से भी अधिक लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन करा कर कराई जांच




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग स्थित शिव मंदिर पुराना प्रखंड में सेवा सहयोग समिति के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। पहले चरण में कटकमदाग के विभिन्न पंचायत में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 12 जून से प्रारंभ होकर 30 जून तक निरंतर कटकमदाग के विभिन्न पंचायत में लगाया जाएगा। वहीं दूसरे, तीसरे एवं चौथे चरण में सदर विधानसभा क्षेत्र के अन्य प्रखंडों में आयोजित किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष व युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने विधिवत रूप से किया। शिविर में मुख्य रूप से सुप्रसिद्ध चिकित्सक जनरल फिजिशियन एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ मौजूद रहे। शिविर के दौरान मरीज को निःशुल्क दवा भी उपलब्ध कराया गया। साथ ही ब्लड, बीपी, शुगर, पल्स एवं वजन की जांच की गई। इस शिविर में करीब 6 सौ से भी अधिक लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन करा कर जांच करवाया, शिविर के उद्घाटन समारोह में पंचायत के प्रमुख गण मौजूद रहे सभी को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने कहा कि उनका लक्ष्य समाज में शिक्षा स्वास्थ्य एवं रोजगार से संपूर्ण विकास करना है। स्वास्थ्य शिविर आरोग्यम अस्पताल के विशेष सहयोग से लगाया गया था। शिविर के दौरान युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के द्वारा ग्रामीण बच्चों एवं शिविर में पहुंचे सभी लोगों के बीच बिस्कुट का वितरण किया ।मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि ऐसी सुविधा काफी सराहनीय है हम लोगों को काफी मदद मिल रही है मुफ्त में दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई ।इस स्वास्थ्य जांच शिविर के आयोजन के लिए लोगो ने सेवा सहयोग समिति का आभार व्यक्त किया।

## न्यूज | बॉक्स

### बोलबा थाना परिसर में बकरीद त्योहार को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**बोलबा।** बोलबा थाना परिसर में बकरीद त्योहार को लेकर अंचल अधिकारी कमलेश उराँव की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में बकरीद त्योहार मनाने के संबंध में बात विचार किया गया ।बताया गया कि शान्ति समिति की बैठक प्रशासन के द्वारा हर त्योहार के मौके पर समिति के लोगो को बुलाती है। जिससे शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने के अपील करती है। जिसमे कहा गया कि कोई भी त्योहार में किसी प्रकार की अप्रिय घटना नही हो । इस मौके पर अंचल अधिकारी कमलेश उरांव, एसआई सोनू पाठक, जितेंद्र सिंह, सुनील टोपनो, मुखिया सुरजन बड़ाईक, बिनोद बड़ाईक, शशि कला तिर्की, स्नेहलता केरकेट्टा, अजय जायसवाल, गौरीशंकर सिंह, रमेश दास, इंद्रदेव सिंह, कपिला नंद प्रधान, एवं अन्य लोग मौजूद थे ।

### पेपर लीक मामलों से बेरोजगार छात्रों का सरकारों से विश्वास उठ रहा है : डॉ आरसी प्रसाद मेहता



**हजारीबाग।** भारत के सबसे विश्वसनीय मेडिकल एंट्रेंस परीक्षा नीट में पेपर लीक होने पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर किया गया है। यूपी में यूपीएससी पेपर लिक एमपी का मेडिकल एंट्रेंस व्यापम पेपर लीक घोटाला पटवारी पेपर लीक घोटाला बिहार में शिक्षक पेपर लीक घोटाला झारखंड में 11वीं जेपीसी पेपर लीक सीजीएल पेपर लीक हुआ है ।जिस कारण अनेको छात्र आत्महत्या कर रहे हैं,छात्रो का सरकार से विश्वास उठ रहा है। पेपर लीक करने वाले लोगों को कड़ी सजा देने में सरकारी नाकाम नजर आ रही है। बेरोजगार उग्र होते जा रहे हैं कहीं ना कहीं केंद्र एवं राज्य सरकारें पेपर लिक घोटाले में शक के दायरे में आते हैं। यह बातें कांग्रेस सदर विधानसभा के विजेता डॉ आरसी प्रसाद ने मटवारी स्थित अपने कार्यालय में कहा । माइनॉरिटी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ने कहा की की भारत का छवि धूमल करने वाली घटना है जिला उपाध्यक्ष डॉ दीपक बंधु ने कहा की पेपर लिखो ना देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। डॉ मेहता ने आगे कहा की झारखंड के अलग होने 24 वर्षों बात भी झारखंड की स्थिति में सुधार नहीं हुआ है, झारखंड में स्थानीय नीति लागू होना चाहिए। आज झारखंड बाहरियों का चारागाह बना हुआ है। 2024 लोकसभा चुनाव में पांच बाहरी सांसद चुने गए है, 40% नौकरियां एवं 50% व्यापार बाहरियों के कब्जे में है । राजनीति में 60% गैर झारखंडी का वर्चस्व है, जो झारखंड के उत्थान के लिए अनुचित प्रतीत हो रहा है। झारखंडी बुद्धिजीवों को पुनर्विचार करने की जरूरत है।

**हर घर नल जल योजना में अनियमितता पर ग्रामीण आक्रोशित**

### लाखों खर्च के बाद भी लोगों को नहीं मिल रहा पानी



**पदमा ।** हर घर नल-जल योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व अनियमितता का मामला प्रकाश में आया है। ताजा मामला पदमा प्रखण्ड के महकोल व बिहारी ग्राम का है। स्थानीय लोगों ने पदमा प्रमुख वीणा देवी को फोन कर नल जल योजना की स्थिति की जानकारी दी, उन्होंने तुरंत उक्त स्थल पर पहुँचकर जायजा लिया तत्पश्चात सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को फोन कर क्लास ली, प्रमुख ने कहा है कि काम में सुधार लायें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें, साथ ही कहा की नल जल योजना केंद्र सरकार की सबसे बड़ी योजना है, योजना पर आम जनता का अधिकार है, काम अच्छा होगा, तो लोगों को सालों शुद्ध पानी मिलेगा, परंतु अगर घटिया काम होगा तो महीने व दो महीने में योजना डेड पड़ जायेगी, इसलिए गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। ग्रामीणों का शिकायत है की पाइप भी सही से नहीं बिछाया गया है। ग्रामीणों ने बोरिंग में मानक से कम गुणवत्ता की केसिंग पाइप लगाने व निर्धारित गहराई तक केसिंग नहीं लगाने का आरोप लगाया। कहीं तीन इंच तो कहीं मात्र छह इंच गड्ढा खोदकर बिछाया गया है और जैसे तैसे घटिया मशाला से लीपापोती कर दिया गया है। सब कुछ आईने में देखने जैसा दिख रहा है। नल-जल योजना के जिस संवेदक को जहां मौका मिला वही लाखों-की लूट कर ली, बढ़ियाँ क्वालिटी की कुछ पाइप को मिट्टी के नीचे दबाया। फिर विभाग से अपना भुगतान पाया और चलते बने। लेकिन लोगों को शुद्ध पेयजल अब भी नसीब नहीं हो पा रहा है।

**लाखों खर्च करने के बाद भी ग्रामीणों को जलमीनार से नहीं मिल रहा पानी**

## जलमीनार लगाने के नाम पर लोगों का कर रहे भयादोहन : दिलीप कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सोमवार को लोगों की शिकायत पर कांग्रेस नेता दिलीप तिर्की ने सिमडेगा प्रखंड के बीरू पंचायत स्थित फुलवरटांगर गांव का दौरा किया। दिलीप ने बताया कि अपने दौरे के दौरान उन्होंने देखा की किस तरह पीएचडी विभाग के अधिकारी कैसे आंकड़ों में कामों को करते हैं, लेकिन धरातल पर काम धूल फांक रही है। उन्होंने बताया कि लोगों से मुलाकात करने पर लोगों ने कहा कि यहां कौन आता है क्या करता है कुछ पता नहीं चलता न किसी को जानकारी होती है कि खुदाई कितनी करनी है, पाइप कहां लगाने हैं? कोई बताते भी नहीं, बस जलमीनार लगा कर चले जाते हैं, परन्तु लगे जलमीनार से हमें पानी मिलता ही नहीं। इस दौरान दिलीप ने जलसहिया से भी मुलाकात की। जलसाहिया ने बताया कि विभाग से कौन आता क्या काम करता हमसे कोई पूछता भी नहीं और बताता भी नहीं, बस काम हो गया मैडम हस्ताक्षर कर दीजिए। जलसाहिया ने यह भी बताया कि मेरे मना करने पर भी जलमीनार ऐसी जगह लगा दिया जहां नहीं लगना चाहिए, अब उसे चालू करने के लिए कहने पर कहते हैं, कि इसे निरस्त कर दिया गया है। दिलीप ने कहा कि इस विभाग के कार्यपालक आंकड़ों का खेल जिले को दिखा रहे लेकिन पिछले वित्तीय वर्ष में लगे जलमीनार में सैकड़ों मीनार खराब हैं। जिसमे ठेकेदारों और विभाग दोनों की मिलीभगत से कुछ भी काम करके पैसे निकासी किया जा रहा। दिलीप ने यह भी कहा कि क्या फायदा ऐसे लाखों खर्च कर मीनार तैयार करने का जिसमें से एक बूंद पानी लोगों को नहीं मिल रहा। कम खुदाई करके जलमीनार लगा दिया गया परन्तु न ही इसमें पाइप लगा न ही नल। ऐसे कार्यों को अनदेखा नही किया जाएगा, इसके लिए जिला उपायुक्त से लिखित शिकायत करूँगा।

> जलसहिया ने बताया कि विभाग से कौन आता है, क्या काम करता है, हमसे कोई पूछता भी नहीं और बताता भी नहीं, खुदाई कितनी करनी है, पाइप कहां लगाने हैं

## मेरोमडेगा व बंगरु पंचायत में बाल श्रम निषेध दिवस मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**
बुधवार को सिमडेगा जिला के ठेठईटांगर प्रखंड एवं सिमडेगा प्रखंड के अंतर्गत मेरोमडेगा पंचायत एवं बंगरू पंचायत में समुदाय के साथ बैठक की गयी। महिलाओं एवं समुदाय के बच्चों के साथ बाल श्रम निषेध दिवस मनाया गया। जिसमें समुदाय के महिलाएं किशोरियों बच्चे एक रैली निकाली, जिसमें बाल श्रम नहीं करने के लिए स्लोगन का उच्चारण करते हुए पूरे पंचायत में यह रैली को घुमाया गया और प्रत्येक जन-जन को यह संदेश पहुंचाया गया कि बाल श्रम करना एक कानूनी अपराध है। जो बाल श्रम कराएंगे उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है और उन्हें दंड का भी भुगतान करना पड़ेगा। यह भी संदेश दिया गया कि बच्चों को स्कूल शिक्षा से वंचित न करें कार्य के कारण बच्चे अपने बचपन भी खो देते हैं और उन्हें शिक्षा से वंचित होना पड़ता है। जिससे उनका जीवन अंधकार मय भी हो जाता है बाल श्रम एक ऐसा अपराध है जो एक जीवन को नष्ट कर देता है। इस बैठक और रैली में पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी महिला प्रतिनिधि और बच्चे भी शामिल थे। इस कार्यक्रम के अवसर पर संस्था के प्रतिनिधि सुषमा मुंडा मुन्नी देवी गौरव प्रधान शांति देवी किशोरी मेहर एवं 30 महिलाएं और 20 किशोर किशोरियां भी शामिल थी।

## अतिक्रमण के कारण अपना अस्तित्व खो रहा जलडेगा का एकमात्र बाजार



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
प्रखंड मुख्यालय स्थित लगने वाला बाजार अतिक्रमणकारियों के कारण अपनी अस्तित्व खोते जा रहा है। अतिक्रमण करने वालों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि बाजार से गुजरने वाले सड़क के बीचो बीच दुकानों का सामान रख देते हैं। जिसके कारण ग्रामीणों को आने जाने में काफी कठिनाई होती है। ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासनिक अनदेखी के कारण नियमों को ताक पर रखकर इन दुकानदारों ने सड़क को भी नहीं बक्शा, एक समय था जब बाजार से गुजरने वाली सड़क पर बड़े वाहन आसानी से चलते थे वहीं अब आलम ये है कि आज ऑटो एवं मोटरसाइकिल को भी आने जाने में परेशानी होती है। वहीं दूसरी और ओड़गा रोड में सड़क के किनारे अस्थायी रूप से बल्लियों के सहारे कई दुकान अतिक्रमण किये हुए हैं तो थाना के नाक के नीचे सब्जी विक्रेता रोड में बैठकर सब्जियां बेच रहे हैं। जिसके कारण हर समय सड़क दुर्घटना का खतरा बना हुआ रहता है। ज्ञात हो कि पिछले कुछ महीनों में जलडेगा में सड़क दुर्घटना का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को गाड़ी का हेलमेट और पेपर ओके चाहिए लेकिन अतिक्रमण से निजाद दिलाना कोई नहीं चाहता।

## जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले के विरोध में बजरंग दल ने किया पुतला दहन

**पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों ने घात लगाकर शिव खोडी के निकट बस के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी कर बस चालक सहित 10 तीर्थ यात्रियों की हत्या कर दी**



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
जम्मू कश्मीर में धार्मिक यात्रा पर निकले हिन्दू श्रद्धालुओं पर माता वैष्णों देवी कटरा से शिव खोडी दर्शन को जाते समय 9 जून को इस्लामिक जेहादी पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों ने घात लगाकर शिव खोडी के निकट बस के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी कर बस चालक सहित 10 तीर्थ यात्रियों की हत्या कर दी। जिससे देशभर में भारी आक्रोश व्याप्त है। हिन्दू तीर्थ यात्रियों की हत्या के विरुद्ध बुधवार को महामहिम राष्ट्रपति के नाम सिमडेगा डीसी को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर जिला मंत्री कृष्णा शर्मा सहित बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल रहे। ज्ञापन सौंपने के पश्चात सिमडेगा के हृदयस्थली महावीर चौक में बजरंग दल की अगवाई में इस्लामी जिहादी आतंकियों के खिलाफ पुतला दहन करते हुए जमकर नारेबाजी की गई। मौके पर कहा गया कि लगातार इस प्रकार से नापाक हरकत पाकिस्तान पोषित आतंकियों के द्वारा किया जाता है जिसे हम विरोध करते हैं। लेकिन इसके बावजूद बार-बार वहां से इस प्रकार की घटनाएं सामने आती है जिसको लेकर भारत के जनमानस पूरी तरह से आक्रोशित है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं बजरंग दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित काफी संख्या में हिंदू जनमानस उपस्थित रहे।

**बड़ी समस्या** | **आज विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों का हो रहा है दोहन**

## देवनदी में शव जलाने के कारण नदी की पवित्रता हो रही दूषित : ग्रामीण



**कुछ साल पूर्व गर्मी के दिनों में आसपास के ग्रामीण नदी में स्नान के लिए पहुंचते थे, बच्चे गर्मी की छुट्टियों में नदी की जल धारा में अठखेलियां करते थे आज वह सभी खत्म हो गए**

**नवीन मेल संवाददाता। बानो**
किसी ने कहा है कि प्रकृति का दोहन मनुष्य से अधिक किसी ने नहीं किया है। आज विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कुछ अधिक हो रहा है और नदियों का दोहन कुछ अधिक ही हो रहा है। इन सभी समस्याओं को देखते हुए ग्रामीणों का कहना है कि आज नदियों का अस्तित्व बिगड़ता जा रहा है। नदी में बालू कम मिट्टी अधिक दिखाई दे रहा है। जिले के कोलेबिरा व बानो प्रखंड को छूती हुई उड़ीसा की ओर जाती हुई देवनदी का यही हाल है। देवनदी सूखता जा रहा है। जगह जगह बालू के उठाव होने से पानी ठहर नहीं हो पा रहा है। प्रशासन जल के संचय की बात तो करती है परंतु सिर्फ कागजों पर। कुछ साल पूर्व गर्मी के दिनों में आस पास ग्रामीण नदी में स्नान के लिए पहुंचते थे। बच्चों को गर्मी की छुट्टियों में नदी की जल धारा में अटखेलियां करते देखा जा सकता था। देवनदी में जगह जगह शव जलाने के कारण नदी पवित्रता भी दूषित होती जा रही है। जहां तहां अधजले लकड़ी पड़े रहने के कारण नदी तट प्रदूषित हो रही है। ग्रामीण अधजले लकड़ी व अन्य सामानों को नदी में बहाने के बजाए तट पर ही छोड़ जाते है। प्रखंड के केतुङ्गा धाम, बानो पम्प हाउस, बानो -लचरागढ़ मुख्य मार्ग के पुल के समीप भी कचरे देखे जा सकते हैं। इसी तरह सोय नदी में पुल के पास ही शव जलाया जाता है। जिसके मात्र 200 मीटर की दूरी पर नीचे चेक डेम है। पास में शव जलाने के कारण अब स्नान के लिये नहीं जाते हैं।आज पहल की जरूरत है कि शव जलाने की जगह निश्चित हो।

### एसपी से जानमाल की सुरक्षा की लगाई गुहार

**मरकच्चो।** नवलशाही थाना के पुलिसकर्मियों के खिलाफ डोमचांच थाना क्षेत्र के पचगावां निवासी सोनू कुमार मेहता ने जंगल में बंधक बना कर मारपीट करने व एक लाख की रंगदारी मांगने के साथ फर्जी मुकदमा में फंसाने की धमकी का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह को आवेदन देकर उक्त पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई और सुरक्षा की गुहार लगायी है। एसपी को दिए आवेदन में बताया है कि गत 11 जून की सुबह 5:30 बजे नवलशाही थाना के एसआई रवि कुमार, पुलिसकर्मी शशि कुमार और विकास पांडेय उसे पुरनानगर के रस्ते से उठा कर खेशमी जंगल ले गए। इस दौरान उनके साथ बेरहमी से मारपीट की।

**बकरीद को लेकर कोलेबिरा थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक**

## आपसी एकता और सौहार्दपूर्वक पर्व मनाएं : सीओ



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**
थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी अनूप कच्छप एवं थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह ने की। बैठक को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी अनूप कच्छप ने कहा कि बकरीद का पर्व हम सभी क्षेत्र वासियों का है, जिस तरह पूर्व में सभी त्योहारों को एकजुट होकर एक दूसरे का सहयोग कर त्योहार मनाते आए हैं। उसी प्रकार भविष्य में भी सहयोग करते रहें। सभी लोग आपसी एकता और सौहार्द पूर्वक पर्व को मनाएं। थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह ने कहा कि आगामी पर्व के मद्देनजर किसी को कहीं भी किसी प्रकार की सूचना मिले तो वे इसकी जानकारी प्रशासन को दें। जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग ने कहा कि पूरे कोलेबिरा प्रखंड का इतिहास रहा हैं कि यहां सभी धर्मों के पर्व त्योहार शांति एवं सौहार्द पूर्वक आपसी भाइचारे के साथ मनाते आएं हैं और आगे भी यही परम्परा कायम रहेगी बकरीद का त्योहार सभी लोग खुशी पूर्वक मनायें। इस अवसर को प्रेम व भाइ चारे के साथ मनायें। वहीं उन्होने पुलिस प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि पर्व के दौरान असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें ताकि कोई भी असमाजिक तत्वों के लोग अफवाह नहीं फैला सकें। जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, प्रखंड प्रमुख दूतामी हेमरोम, अंचलाधिकारी अनूप कच्छप, प्रखंड विकास पदाधिकारी बीरेंद्र किंडो, थाना प्रभारी पशशि शंकर सिंह संयुक्त रुप से सभी को बकरीद की बधाई देते हुए कहा कि अफवाहों को पीछे छोड़ त्योहार की खुशियां मनाएं।

> जिप अध्यक्ष ने कहा कोलेबिरा में आपसी भाइचारे के साथ पर्व मनाते आए हैं और आगे भी यही परंपरा कायम रहेगी

## एक नजर

### भोला दास हत्याकांड में तीन गिरफ्तार

**तोपचांची।** तोपचांची थाना क्षेत्र के खरनी गांव में हुई मजदूर भोला दास की हत्या मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। पुलिस ने मंगलवार को घटनास्थल से आरोपी दीनदयाल दास की पत्नी खिरिया देवी व बेटी लक्ष्मी कुमारी को हिरासत में लिया था। दीनदयाल दास और उसका बेटा राजू दास फरार था। बेटे राजू दास को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद तीनों को जेल भेज दिया। घटनास्थल से पुलिस ने दीनदयाल दास के एक नाबालिग बेटे को भी हिरासत में लिया था।

### घर में मिला नाबालिग छात्रा का शव

**भौंरा।** भौंरा नीचे सात नंबर निवासी सत्यनारायण गोस्वामी की बेटी पायल कुमारी (15) का शव घर के बाथरूम के पास पड़ा मिला। सत्यनारायण गोस्वामी फेरी का काम करते हैं, जबकि उनकी पत्नी कमली देवी दूसरे के घर में झाड़ू-पोंछा करती है। घटना के समय घर में कोई नहीं था। मां कमली देवी ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिलने पर बागान होते हुए दीवार फांदकर घर में घुसी, तो देखा कि बेटी बाथरूम के पास अचेत पड़ी है। उसकी मौत हो चुकी थी। पायल कुमारी भौंरा शिशु मंदिर विद्यालय की छात्रा थी।

### बीसीसीएल कर्मी की तबीयत बिगड़ी, मौत

**कतरास।** बीसीसीएल की सलानपुर कोलियरी में फोरमैन इंचार्ज के पद पर कार्यरत छाताबाद 10 नंबर निवासी बसंत यादव (50) की मौत मंगलवार की देर रात आवास पर हो गई। बंसत यादव दूसरी पाली की ड्यूटी समाप्त कर अपने आवास गए थे। आश्रित को प्रोविजनल नियोजन व मुआवजा की मांग को लेकर बुधवार को मृतक के परिजन संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों के साथ कोलियरी कार्यालय पहुंचे। वार्ता में प्रबंधन ने मृतक बसंत यादव के पुत्र मुनेन्द्र को तीन माह के अंदर नियोजन देने और मुआवजा के रूप में 75 हजार रुपये तुरंत देने का लिखित आश्वासन दिया।

### एएमपी कोलियरी के पीओ के खिलाफ सीवीसी में शिकायत

**कोलियरी।** बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र की एएमपी कोलियरी के प्रबंधक काजल सरकार को प्रमोशन देकर पुनः एएमपी कोलियरी में परियोजना पदाधिकारी पद पर पदस्थापित करने के मामले में बिहार जनता खान मजदूर संघ के क्षेत्रीय सचिव महेश कुमार ने मुख्य सतर्कता आयुक्त नई दिल्ली के पास शिकायत की है। सीवीसी ने शिकायत (संख्या-60841/2024) दर्ज कर ली है। महेश कुमार ने अपने आवेदन में कहा है कि काजल सरकार एएमपी कोलियरी में 2 वर्ष पहले कोलियरी प्रबंधक पद पर कार्यरत थे।

### टीएसयूआईएसएल व जेएनएसी की बैठक कर करें विकास कार्यों की समीक्षा

# नगरपालिका के साथ समन्वय नहीं : सरयू

*अखबारों में ही नजर आती है गंदे पानी को साफ कर नदी में छोड़े जाने की योजना*

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने उपायुक्त से कहा है कि जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र के अंतर्गत टाटा लीज और उसके बाहर हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा के लिए टाटा स्टील यूआईएसएल व जमशेदपुर अक्षेस के पदाधिकारियों की एक बैठक बुलायी जाये। ताकि लंबित विकास योजनाओं का शीघ्र क्रियान्वयन हो सके। श्री राय ने कहा है कि जमशेदपुर में दो नगरपालिका कार्यरत हैं। एक झारखंड सरकार की जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समीति और दूसरी टाटा स्टील की टीएसयूआईएसएल। झारखंड नगरपालिका अधिनियम के अनुसार यदि जमशेदपुर शहर में कोई औद्योगिक नगर समिति बनती है तो उसकी अध्यक्षता पूर्वी सिंहभूम जिला के उपायुक्त करेंगे।

#### कोई खास प्रगति की सूचना नहीं



सरयू राय ने कहा कि काफी पहले तय हुआ था कि मानसून से पहले शहर के बड़े जल निकास नालों की सफाई कर दी जाएगी और नागरिकों के घरों से होकर बड़े नालों तक पानी ले जाने वाली नालियों को सुदृढ़ किया जाएगा, परंतु इस विषय में कोई खास प्रगति की सूचना नहीं है। यदि है तो नगरपालिकाओं को यह प्रमाण सार्वजनिक करना चाहिए। फैक्ट्री से होकर सिदगोड़ा, भुइयांडीह और लिट्टी चौक होकर स्वर्णरेखा नदी पर गिरने वाले बड़े नाला के लिट्टी चौक से नदी तक के भाग की सफाई काफी दिनों से नहीं हो पायी है। ऐसे ही बमामाईंस में ट्रक पार्किंग के नीचे के नाले की सफाई भी काफी दिनों से नहीं हुई है। इस कारण आधा से एक घंटा की बारिश से ही नालों का पानी लोगों के घरों में घुसने लगता है। यह स्थिति सीतारामडेरा और बारीडीह के कई इलाकों में भी है।

#### नगरपालिकाओं की भूमिका की समीक्षा हो

विधायक सरयू राय ने उपायुक्त से कहा है कि बस्तियों एवं टाटा लीज क्षेत्र के आवासीय क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहा कब्जा इसका एक बड़ा कारण है। कानून व्यवस्था के नगरीय प्रशासन विभाग के विभिन्न पहलुओं के विषय में नगरपालिकाओं की भूमिका की समीक्षा भी होनी चाहिए, ताकि वहां की जनता चोरी, छिनतई से उबे बिना अमन-चैन की जिंदगी गुजार सके। नगरपालिका क्षेत्रों में जेपीएलई के मामलों में भी पक्षपातपूर्ण और चुनिंदा निर्णय हो रहे हैं, जिसकी समीक्षा आवश्यक है।

#### कई परियोजनाएं अधर में लटकीं

इसके अलावा 15वें वित्त आयोग की निधि तथा जिला योजना की निधि से होने वाली कई परियोजनाएं अधर में लटकी हुई हैं। मोहरदा पेयजल आपूर्ति परियोजना के फेज टू तथा मानगो पुल और बारीडीह, बिहारी बस्ती के बीच रीवर फ्रंट डेवलपमेंट का कार्य भी गति नहीं पकड़ रहा है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाकर नालों के गंदे पानी को नदी में गिरने से पहले साफ करने की खबरें जमशेदपुर अक्षेस और टाटा स्टील यूआइएसएल के माध्यम से विगत तीन वर्षों में आधा दर्जन से अधिक बार अखबारों में छप चुकी हैं, परंतु योजना पर एक इंच भी कार्य शुरू नहीं हुआ है। नगरपालिका क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति भी दिन प्रतिदिन बदतर होती जा रही है।

#### जमीन-आसमान की तरह अंतर

राय ने कहा है कि पिछले कुछ समय से वे महसूस कर रहे है कि दोनों नगरपालिकाओं के बीच समन्वय में जमीन-आसमान की तरह अंतर है। इस कारण पेयजल, बिजली, शहर की साफ-सफाई, आवासीय क्षेत्रों के जल निकास के नालों तथा सीवरेज-ड्रेनेज को सशक्त बनाने के लिए दोनों नगरपालिकाओं के बीच समन्वित तरीके से जो कार्य होने चाहिए वह नहीं हो पा रहे हैं।

## न्यूज बॉक्स

### बोकारो में अपराधियों ने आभूषण दुकान पर चलाई गोली



**बोकारो।** जिले के फुसरो थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह अज्ञात अपराधियों ने ज्ञान ज्वेलर्स की दुकान पर फायरिंग की। इससे आक्रोशित दुकानदारों ने सड़क पर जाम लगा दिया। बताया जाता है कि संचालक ज्ञानेश्वर प्रसाद सोनी दुकान पर बैठे थे। इस दौरान दो बाइक सवार उनकी दुकान के पास पहुंचे और फायरिंग कर भाग खड़े हुए। गनीमत रही कि गोली दुकान के शीशे में लगी, जिससे कारण वह बाल-बाल बच गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से खोखा व गोली बरामद किया है। दिनदहाड़े हुई इस गोलीकांड के बाद व्यवसायी संघ फुसरो व राजनीतिक दलों ने अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क पर जाम लगा दिया। घटना के संबंध में दुकान ज्ञानेश्वर प्रसाद सोनी ने बताया कि गोली किसने चलाई इसकी जानकारी नहीं है लेकिन एक सप्ताह पूर्व मैसेज के जरिये उन्हें रंगदारी की धमकी दी गयी थी। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना बेरमो पुलिस को दी।

### जिला स्तरीय खो-खो बालक-बालिका ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**रांची।** रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इक्कीस दिवसीय निःशुल्क रांची जिला स्तरीय खो-खो बालक-बालिका ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन लीची बागान प्रांगण, सेक्टर-2, धुर्वा एवं बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय, सेक्टर-2 , धुर्वा में किया गया। प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह के दौरान प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सब जूनियर एवं जूनियर बालक - बालिकाओं का मैत्रीपूर्ण मैचों का आयोजन किया गया। पूरे प्रशिक्षण की अवधि में सभी प्रशिक्षणार्थियों को चेन खो, 3-2-3 ,3-3-2, 7 कट की श्रृंखला का अभ्यास, पोल डाइव, ग्राउंड डाइव, कोवरिंग, पोल टर्न एवं कई नए-नए कौशल तथा सभी बालक-बालिका को खो-खो खेल का इतिहास, सब जूनियर, जूनियर/सीनियर ग्राउंड बनाने का अभ्यास मुख्य प्रशिक्षक अजय झा द्वारा कराया गया। पूरे प्रशिक्षण शिविर के दौरान सहायक प्रशिक्षक वरीय राष्ट्रीय खिलाड़ी संजय कुमार, निखिल कुमार, कौशल कुमार एवं सरिता कुमारी, खुशबू कुमारी, वेद प्रकाश तिवारी, सुभाष गांगुली द्वारा प्रतिदिन सुबह साढ़े पांच बजे से सुबह आठ बजे तक एवं शाम 4 बजे से शाम 6 बजे तक प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी एवं युवा नाट्य संगीत अकादमी के निदेशक ऋषिकेश लाल ने संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र कर सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर के संयोजक विवेक कुमार ने किया।

### रांची से गुजरने वाली कुछ ट्रेनें जून में रहेंगी रद्द



**रांची।** दक्षिण मध्य रेलवे में रोलिंग कॉरिडॉर ब्लॉक की वजह से रांची रेल मंडल से होकर परिचालित कई ट्रेनें रद्द रहेंगी। इनमें, ट्रेन संख्या 06065 तांबरम-धनबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (वाया रांची) यात्रा प्रारंभ 16 जून से अगले आदेश तक रद्द रहेगी।

**ये ट्रेनें रद्द रहेंगी**

- ट्रेन संख्या 06066 धनबाद-तांबरम साप्ताहिक स्पेशल 19 जून से अगले आदेश तक रद्द रहेगी।
- ट्रेन संख्या 06059 कोयंबतूर-बरौनी स्पेशल ट्रेन (वाया रांची) यात्रा 18 जून से अगले आदेश तक रद्द रहेगी।
- ट्रेन संख्या 06060 बरौनी-कोयंबतूर स्पेशल स्पेशल ट्रेन (वाया रांची) यात्रा 21 से अगले आदेश तक रद्द रहेगी।
- ट्रेन संख्या 06061 तांबरम-बरौनी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (वाया रांची) 20 जून से अगले आदेश तक रद्द रहेगी।
- ट्रेन संख्या 06062 बरौनी तांबरम साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (वाया रांची) 22 जून से अगले आदेश तक रद्द रहेगी।

### गिरिडीह में संदिग्ध हालत में मृत मिला आपूर्ति कार्यालय का चपरासी

**गिरिडीह।** जिला आपूर्ति कार्यालय में अस्थाई आदेशपाल 40 वर्षीय विजय कुमार का शव बुधवार को उसके कर्बला रोड स्थित आवास में संदेहास्पद स्थिति पड़ा मिला। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। बताया गया कि विजय की पत्नी उसके अत्यधिक शराब पीने से नाराज होकर मायके चली गई थी। घर पर वह अकेले रहता था और हर रोज ड्यूटी के लिए जाता था। बुधवार को जब उसके घर का दरवाजा दोपहर तक नहीं खुला तो आसपास के लोगों को संदेह हुआ। लोगों ने इसकी जानकारी नगर थाना पुलिस को दी। पुलिस की मौजूदगी में घर के मेन गेट का ताला तोड़ा गया। पुलिस के साथ स्थानीय लोग भी भीतर गए तो देखा कि विजय का शव कमरे में जमीन पर पड़ा हुआ है।

## टास्क फोर्स ने सेक्टर 9 में गैराज से 5 बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**बोकारो।** जिला टास्क फोर्स की टीम ने विश्व बाल मजदूरी निषेध दिवस पर बुधवार को श्रम विभाग के नेतृत्व में बोकारो शहर में बाल मजदूरी के खिलाफ अभियान चलाया। टीम ने सेक्टर 9 स्थित कार वाशिंग गैराज में छापेमारी कर वहां कार्यरत पांच बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा कि बाल मजदूरी कानूनन अपराध है। इस मामले में गैराज संचालक पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। रेस्क्यू किए गए बच्चों को बाल कल्याण समिति को सुपुर्द कर दिया गया है। इनमें से 3 बच्चे 14 वर्ष से कम उम्र के हैं। इन्हें पुनर्वासित किया जायेगा, जबकि दो की उम्र 16 वर्ष है, उनकी काउंसिलिंग की जा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जिले में किसी कीमत पर बाल मजदूरी व बाल तस्करी बर्दास्त नहीं की जाएगी। बच्चों के अधिकार के प्रति हर किसी को सजग होने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बच्चों से मजदूरी कराने या शोषण के मामलों की जानकारी होने पर उसकी सूचना तुरंत जिला टास्क फोर्स को दें। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाएगी। मौके पर सीडब्ल्यूसी सदस्य प्रीति प्रसाद, जिला बाल संरक्षण इकाई की सरिता कुमारी, चाइल्ड लाइन की अनीता कुमारी, श्रम विभाग के सुबल चंद्र गोप, नेपाल मुंडा, महेंद्र महतो, सहयोगिनी संस्था के फुलेंद्र रविदास, अनिल कुमार हेंब्रम आदि शामिल थे।

## हर माह के दूसरे व चौथे मंगलवार को मनेगा थाना दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**



**बोकारो।** बोकारो की डीसी विजया जाधव ने मंगलवार को समाहरणालय में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं। ज्यादातर लोग भूमि विवाद से संबंधित शिकायतें लेकर पहुंचे थे। जनता दरबार में यह बात सामने आई कि अंचल व थाना स्तर पर जमीन से संबंधित मामलों में कार्रवाई नहीं होती है। डीसी ने इसे गंभीरता से लेते प्रत्येक माह के दूसरे व चौथे मंगलवार को थाना दिवस आयोजित करने का निर्देश दिया। इस दिन सीओ व थाना प्रभारी की मौजूदगी में जमीन से संबंधित मामले निबटाए जाएंगे। डीसी ने इस बाबत एसडीओ, जिला भूमि उप समाहर्ता, सभी सीओ व थाना प्रभारियों को पत्र जारी किया है। थाना दिवस पर संबंधित अंचल के सभी भूमि विवाद, सरकारी भूमि पर कब्जा, तालाबों पर कब्जा, अवैध अतिक्रमण आदि की शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। डीसी ने उस दिन रात 8 बजे तक शिकायतों व निष्पादन की रिपोर्ट जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया है।

### बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

## भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण त्योहार मनाने की अपील



**नवीन मेल संवाददाता**

चक्रधरपुर : 17 जून को बकरीद मनाई जाएगी। इसे लेकर बुधवार की शाम चक्रधरपुर थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए थाना प्रभारी राजीव रंजन ने कई दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने त्योहार से पूर्व मुस्लिम इलाकों और सभी मस्जिदों वाले क्षेत्रों में साफ-सफाई करने की बात रखी। थाना प्रभारी राजीव रंजन ने सभी लोगों को कुबार्नी देने के बाद बचे हुए अपशिष्ट पदार्थ को चिह्नित स्थान पर मिट्टी में दबाने को कहा। जिससे किसी भी दूसरे समुदाय को कोई आपत्ति या किसी तरह का विवाद उत्पन्न ना हो। वहीं आपसी भाईचारा के साथ त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। बैठक में अंचलाधिकारी गिरिजानंद किस्कू, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राहुल यादव, सहायक अभियंता लोकेश यादव, तज्जमुल हुसैन, टीके राव, अनवर खान, मो। अशरफ, कमरुल शेख, हाजी अब्दुल हकीम के अलावे शांति समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## बरमसिया में शामिल हुए जयराम महतो जनता के सुख-शांति के लिए प्रार्थना की

**नवीन मेल संवाददाता**



**धनबाद।** धनबाद जिले अंतर्गत सिंदरी विधानसभा क्षेत्र गोविंदपुर प्रखंड बरवाअड्डा जोन के आसनबनी पंचायत बरमसिया गांव में श्री श्री मारुति नंदन यज्ञ समिति बरमसिया द्वारा आयोजित यज्ञ के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड भाषा खतियान संघर्ष समिति व झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष टाईगर जयराम महतो शामिल हुए,जय जयकारों से गूंज उठा पुरा बरमसिया आसनबनी क्षेत्र और पुरा पंचायत भक्तीमय हो गया । टाईगर जयराम महतो के द्वारा सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के जनताओं के सुख शांति समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया, झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति धनबाद जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो के द्वारा जानकारी दिया गया कि हमारे धनबाद जिले अंतर्गत सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के गांव गरीब किसान मजदूरों के साथ आज तक सरकार में रहने वाले जिला परिषद, विधायक और यहां के सांसद के द्वारा सिर्फ वोट लेकर ठगने का काम किया है इस बार आगामी विधानसभा चुनावी रुपी महायज्ञ में हमारे झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति व झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के द्वारा राक्षसी रुपी विपक्ष लापरवाह भ्रष्ट नेताओं को लोकतांत्रिक तरीके से आहूति दिया जाएगा और सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के गांव गरीब किसान मजदूरों, शिक्षित बेरोजगारों के सुख शांति समृद्धि, नियोजन रोजी रोजगार और गांव के जन जन तक ग्रामीण विकास का रोडमेप तैयार करके धरातलीय स्तर में क्रांतिकारी तरीके से काम किया जाएगा। मौके पर उपस्थित झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय महासचिव शंकर महतो केंद्रीय सचिव युवा मोर्चा पप्पु पहाड़ी महतो, बरवाअड्डा जोन अध्यक्ष हरेंद्र रजक केंद्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा छोटा टाईगर छोटू रजक, धनबाद जिला उपाध्यक्ष प्रेम रजक प्रवक्ता नीरज शर्मा उपाध्यक्ष युवा मोर्चा श्याम सुंदर दास, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र साव,रवि साव आदि आसनबनी क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति हुई।

### भीषण गर्मी

### रतनगड़ुरा गांव में दो माह से बिजली गुल

## आवेदन के एक माह बाद भी नहीं लगा ट्रांसफार्मर

**नवीन मेल संवाददाता**



**तिसरी।** एक तरफ जहां भगवान सूर्य की तपिश से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। वहीं इस प्रचण्ड गर्मी में लोग अपने घरों में पंखे, कूलर व एयर कंडीशनर के सहारे सुकून तलाश रहें हैं। लेकिन विधुत विभाग की लचर व्यवस्था के कारण कई लोग बेहाल हैं। मामला तिसरी प्रखंड अंतर्गत तिसरी पंचायत के रतनगडुरा गांव का है। जहां बिजली का ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण बीते दो माह से इस गांव में बिजली नहीं है। नतीजतन यहां रहने वाले लोग इस भीषण गर्मी में भारी परेशानी से जूझ रहें हैं। दिन भर के धूप और तपन को झेलने के बाद रात में इमरजेंसी लाईट,लालटेन,मोमबत्ती आदि जलाकर अंधेरा भगाने का प्रयास कर रहें हैं। इस संबंध में ग्रामीण दामोदर यादव ने बताया कि बीते दो माह पहले ही गांव में लगा ट्रांसफार्मर जल चुका है। एक माह पूर्व विधुत विभाग को आवेदन दिया गया है लेकिन अब तक विभाग की ओर से दूसरा ट्रांसफार्मर नहीं लगवाया गया है और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। जिसके कारण यहां के लोगों को इस भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रबिजली नहीं रहने के कारण बच्चों को पढ़ाई करने में भी कठिनाई हो रही है। उन्होंने कहा कि विभागीय कर्मीयों का कहना है कि गिरिडीह से ट्रांसफार्मर आने पर लगवा दिया जायेगा। वहीं ग्रामीण बासदेव यादव ने बताया कि बीते दो माह पहले ही गांव स्थित ट्रांसफार्मर जल गया है। विभाग को 7 मई को आवेदन भी दिया गया लेकिन अब तक ट्रांसफार्मर नहीं लगवाया गया है। बता दें कि रतनगडुरा गांव में लगभग 300 की आबादी है। दो माह से बिजली नहीं रहने के कारण यहां के लोग गर्मी से तो परेशान हैं ही बल्कि रात के वक्त रौशनी की भी जुगाड़ करनी पड़ती है। वहीं तिसरी पंचायत के मुखिया किशोरी साव ने भी विधुत विभाग से उक्त गांव में जल्द ट्रांसफर्मर लगाने की अपील की है। इस संबंध में विधुत विभाग के एसडीओ विनोद रजक से फोन पर सम्पर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि जेई को बोलकर मामले को दिखवा लेते हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**2nd Call**

**e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/F$_2$-02/2024-25**

**Dated :-11/06/2024**

1. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।
2. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का फोन नं0 और ई–मेल आईडी :– 06562-240100 eemidmed-cemr-jhr@nic.in
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 18/06/2024 (अपराह्न 04.00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28/06/2024 (अपराह्न 12.00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 29/06/2024 (अपराह्न 01.00 बजे)

| क्र0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | परसन नाला (बंदरचुआँ नाला) अमवादह छेछानी पर पक्का चेकडैम का निर्माण | चैनपुर | 55,31,142.12 | 1,10,700.00 | 10,000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार है।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होंगे।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** में लॉगआन करें।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR 326096 Minor Irrigation(24-25)D

**सुप्रभात** सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना है जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं: स्वामी विवेकानन्द

# शेयर मार्केट में उतार चढ़ाव जीवन का अंग है

**देश** में व्यापार जगत राजनीतिक अस्थिरता से बहुत प्रभावित होता है जिसका मानक शेयर मार्केट बनता है। बाजार एक ही दिन या छोटी अवधि में ऊपर-नीचे होता रहता है, तो इसका मतलब है कि बाजार अस्थिर है। जाहिर है, एक आम निवेशक इस अस्थिरता को चिंता का कारण मान सकता है, लेकिन यह व्यवहारिक नहीं, क्योंकि जिस तरह हमारे दिल की धड़कन ऊपर-नीचे होती रहती है, जो हमें जीवित रखती है, उसी तरह शेयर बाजार के सूचकांक शेयर बाजार को गतिमान रखने के लिए ऊपर-नीचे होते रहते हैं। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के कई कारक होते हैं, जिनमें स्थानीय एवं वैश्विक समाचार से लेकर राजनीतिक नतीजे, व्यापार चक्र और डर इत्यादि शामिल रहते हैं। फिर भी कुछ ऐसी घटनाएं होती हैं, जिनके कारण शेयर बाजार चरम स्थिति में पहुंच जाता है। विगत चार जून को जब लोकसभा चुनाव के परिणाम आने शुरू हुए थे, तब जिस तरह की चरम स्थितियां देखी गई थीं, वैसी घटना हाल के समय में वर्ष 2021 में कोविड लॉकडाउन की घोषणा के समय देखी गई थी। उस दिन यानी चार जून को, एस ऐंड पी बीएसई सेंसेक्स में 4,000 से अधिक अंकों और लगभग छह फीसदी की भारी गिरावट देखी गई, जो अभूतपूर्व थी। ऐसा लग रहा था, मानो घरेलू और विदेशी, दोनों निवेशक भारतीय बाजारों से बाहर निकलना चाहते थे। चुनाव परिणाम के दिन भारतीय शेयर बाजार में आई गिरावट पर बात करने के साथ हमें 19 मई की ओर लौटना चाहिए, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक टेलीविजन चैनल से बात करते हुए कहा था कि चार जून को शेयर बाजार रिकॉर्ड तोड़ देगा। ऐसा नहीं है कि सिर्फ उन्होंने ही ऐसा कहा था, बल्कि लोकसभा चुनाव के विभिन्न चरणों के दौरान उनके मंत्रिमंडल के कई प्रमुख सदस्यों ने इस तरह की टिप्पणी की थी। सत्तारूढ़ पार्टी के इस आत्मविश्वास को निवेशकों ने बाजार में निवेश करने के संकेत के रूप में समझा। नतीजतन मई के अधिकांश दिनों में, चुनावों के अंतिम चरण तक बीएसई सेंसेक्स ज्यादातर दिनों में बढ़ता ही रहा। इसे इस बात का संकेत माना गया कि बाजार सरकार की वापसी और उसकी नीतियों की निरंतरता में यकीन रखती है। बाजार के लिए जनता के मूड से संकेत लेना और भी दिलचस्प हो गया, क्योंकि एक जून को आए एग्जिट पोल में भाजपा की स्पष्ट और बड़ी जीत की भविष्यवाणी की गई थी। स्वाभाविक रूप से तीन जून को जब बाजार खुले, तो बाजार में भारी खरीदारी देखी गई। एग्जिट पोल के नतीजों के बाद सेंसेक्स में 2,600 अंकों की बढ़ोतरी देखी गई। तीन जून को विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 6,851 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने, जिनमें बैंक, बीमा कंपनियां, म्यूचुअल फंड और अन्य भारतीय संस्थान शामिल हैं, 1,914 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। हालांकि अगले ही दिन जब मतगणना शुरू हुई, तो चीजें उम्मीद के मुताबिक नहीं हुईं, खासकर शुरूआती रुझानों में। सरकार गठन को लेकर निवेशकों की चिंता के कारण शेयर बाजार के सेंसेक्स में दिन भर उतार-चढ़ाव देखा गया और यह 4,300 अंक से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ। विदेशी निवेशकों ने करीब 1.5 अरब डॉलर के भारतीय शेयर बेचे, जबकि घरेलू निवेशकों ने भी 3,300 करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की। बहुत से ऐसे सट्टेबाज थे, जिन्होंने सिर्फ ट्रेंड्स और सुनी गई खबरों के आधार पर ही बाजार में अपना पैसा लगाया था। यह भी संभव है कि इनमें कुछ नए निवेशक भी हों, जो बाजार के जोखिमों को नहीं समझते हों और सिर्फ अटकलों पर ही भरोसा करते हों। उन्होंने भी पैसे गंवाए, क्योंकि उन्होंने बाजार में गिरावट शुरू होते ही डर के मारे अपने पैसे निकाल लिए। अब एक ही दिन में 30 लाख करोड़ रुपये के नुकसान का आंकड़ा बताया जा रहा है। यह जरूरी नहीं कि इनमें से सारा पैसा निवेशकों का ही हो, क्योंकि नुकसान उठाने वालों में कई व्यापारी भी थे, जो बाजार के खिलाफ दांव लगाकर पैसे बनाने के लिए जाने जाते हैं। अन्य चर्चाओं के विपरीत, शेयर बाजार हर दिन को अलग-अलग तरह से देखता है, लेकिन यह भविष्य की संभावनाओं पर भी निगाहें रखता है। इसलिए बाजार की चाल से अवगत होने के कुछ ही दिनों के भीतर सेंसेक्स न केवल चार जून की गिरावट से उबर गया है, बल्कि यह तीन जून के उच्चतम स्तर को भी पार कर गया है। असल में इसने 10 जून को एक नई ऊंचाई को छुआ और उम्मीद है कि भविष्य में यह और आगे जाएगा।

इन दिनों

# तनाव ना हो तो 150 साल तक जी सकता है इंसान



विजय केसरी



**इंसान** के जीवन पर हुए वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि सिर्फ लाइफ स्टाइल में सुधार कर पूरी तरह स्वस्थ रहा जा सकता है। एक इंसान लाइफ स्टाइल में सुधार कर 150 वर्षों तक जीवित रह सकता है। अब तक विश्व भर के कई विश्वविद्यालयों में मनुष्य की आयु पर कई शोध हुए हैं। सभी शोधों का एक ही निष्कर्ष है कि इंसान अपने लाइफ स्टाइल में सुधार कर लंबा जीवन जी सकता है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि जिस इंसान के जीवन में जितना तनाव होता है, उसकी उम्र उतनी कम होती है। साथ ही जिस इंसान के जीवन में जितना कम तनाव होता है, उसकी उम्र इतनी लंबी होती है। इंसान अपने लाइफ स्टाइल के बल पर 150 वर्षों तक स्वस्थ रहकर अंत में आनंद के साथ मृत्यु को प्राप्त कर सकता है। अब सवाल यह उठता है कि एक इंसान का लाइफ स्टाइल कैसा होना चाहिए? इस संबंध में हमारे मनीषियों का एक बड़ा ही सुंदर कथन है,'सादा जीवन, उच्च विचार।' अब स्वयं को देखने की जरूरत है। जिस तरह हम जीवन जी रहे हैं, वह जीवन कैसा है? बदलती परिस्थितियों, भौतिकतावाद, आधुनिकता और एक दूसरे को आगे निकलने की महत्वाकांक्षा लोगों को तनाव से ग्रसित कर दिया है। जब हम पूरी तरह स्वस्थ रहते हैं, इन बातों पर विचार ही नहीं करते हैं। लेकिन जैसे-जैसे हमारा शरीर कई रोगों से ग्रसित हो जाता है, तब हम जागते हैं। तब तक काफी देर हो चुका होता है। इसलिए बाल कल से ही जागने की जरूरत है। आज संपूर्ण विश्व परिवार को इस विषय पर बहुत ही गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। आज भी भारत सहित विश्व के कई देशों में ऐसे लोग मिल जाएंगे, जिनकी उम्र डेढ़ सौ वर्षों से ज्यादा हैं यह लोग अभी भी स्वस्थ हैं। साथ ही आनंद के साथ जीवन जी रहे। तब फिर विश्व के लगभग लोगों का जीवन औसतन 70 वर्ष ही क्यों है? दुनिया भर में हर वर्ष लगभग 50 लाख से अधिक लोग असमय गंभीर बीमारियों के कारण मृत्यु को प्राप्त कर लेते हैं। जबकि लगभग बीमारियों से लड़ने की दवाएं विकसित हो चुकी है। दुनिया भर में शल्य चिकित्सा अपनी चरम सीमा पर है। जटिल से जटिल बीमारियों को शल्य चिकित्सा द्वारा ठीक किया जा रहा है। फिर भी औसतन लाइफ 70 में ही आकर रुक जाती है। इस विषय पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। अमेरिका में इंसानों के जीवन पर हुए एक वैज्ञानिक शोध ने यह स्पष्ट किया है कि इंसान 150 साल तक जिंदा रह सकता है। लेकिन आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी, एक दूसरे से आगे निकलने की हड़बड़ी, कम समय में बहुत कुछ पा लेने की महत्वाकांक्षा, तनाव युक्त जीवन शैली ने मनुष्य के जीवन को ही बदल कर के रख दिया है। धीरे-धीरे इंसान की उम्र घटती चली जा रही है। आप जहां रहते हैं, आस-पास में ही गौर करेंगे, तो यह बात स्पष्ट हो जाएगी। हमारे समाज में जो लोग सहजता के साथ जीवन जीते हैं, संयम के साथ जीवन जीते हैं, विलासिता से दूर रहते हैं, आध्यात्मिक जीवन जीते हैं, योग - साधना से जुड़े होते हैं, वे अन्य लोगों की वनिस्पत ज्यादा स्वस्थ और दीघार्यु होते हैं। जिनका जीवन तनाव भरा होता है। बहुत भागम भाग भरी जीवन शैली होती है, बहुत आगे बढ़ने की महत्वाकांक्षा होती है, उन लोगों का जीवन बहुत ही तनावपूर्ण होता है। और वे बहुत जल्द ही रोग ग्रसित हो जाते हैं। ऐसे लोग कम उम्र में ही इस दुनिया को अलविदा कह देते। आप एक इंसान है। भगवान नहीं है। आपके लिए कुछ सीमा तय हैं। जब इंसान अपनी सीमाओं को लाघंना शुरू कर देता है, वह मृत्यु के करीब जल्दी पहुंच जाता है। इंसान थोड़ा स धन पाकर, पद पाकर, शक्ति पाकर, वैभव प्रकार अपने आप को विशिष्ट बना लेता है। यह उसकी सबसे बड़ी भूल है। इंसान अपने जन्म से पहले क्या था? यह उसे ज्ञात नहीं है। मृत्यु के बाद उसका क्या होगा? इसका भी उसे ज्ञान नहीं है। तब फिर यह पद, धन, वैभव और शक्ति किस काम की है? एक इंसान को यह जरूर जानना ना चाहिए कि उसका जन्म इस धरा पर नग्न अवस्था में हुआ था। एक दिन उसे नग्न अवस्था में इस जहां से विदा होना है। जन्म से पूर्व धन, पद, वैभव, शक्ति का कुछ अता-पता नहीं होता है। मृत्यु के बाद भी धन,पद वैभव, शक्ति का कुछ भी आता पता नहीं होगा। यही जीवन का यथार्थ है जिस इंसान ने इस यथार्थ को समझ लिया, उसका जीवन बहुत ही सहज और सरल बना जाता है। वैज्ञानिक बताते हैं कि ऐसे लोगों की आयु अन्य लोगों की तुलना में काफी अधिक होती है। कहने का मेरा तात्पर्य यह है कि वर्तमान में जीना सीखें। भूतकाल की चिंता छोड़ दे। भविष्य में क्या होगा ? यह कोई नहीं जानता है। पल की खबर नहीं। फिर वर्षों की चिंता क्यों? जो भूत बीत गया, चाह कर भी उसे हम सब वर्तमान में ला नहीं सकते हैं। भूत से सबक लेकर अपना जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है। बार-बार भूत को माथे में लाने से तनाव बढ़ेगा। मनुष्य की घटती उम्र के लिए मनुष्य ही जिम्मेदार है। और कोई दूसरा जिम्मेवार नहीं। सहज, सरल जीवन ही श्रेष्यकर है। सत्य का जीवन जिए। जितना है, उतने में संतोष के साथ जीवन जिए। आपका जीवन बहुत ही सुंदर हो जाएगा। आप दीघार्यु बनेंगे। वैज्ञानिक शोधों में यह पाया गया है कि जब कम उम्र के बीमार पड़ते हैं, तब वे कम समय में स्वस्थ हो जाते हैं। वहीं दूसरी ओर ज्यादे उम्र में जब बीमार पड़ते हैं, तब उन्हें स्वस्थ होने में अधिक समय लगता है। ऐसा इसलिए होता है कि कम उम्र में हमारे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है। ज्यादा उम्र में हमारी प्रतिरोधक क्षमता काम हो जाती है। सहज और सादा जीवन हमारी प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है। वैज्ञानिकों ने अपने शोधों में पाया कि इंसान के अंदर इतनी क्षमता होती है कि वह सभी बीमारियों को परास्त कर सकता है। किसकी पहली शर्त है। व्यक्ति का जीवन तनाव भरा नहीं होना चाहिए। आपकी प्रतिरोधक क्षमता अच्छी रहे, इसलिए आपका मुस्कुराना, हंसना, गुनगुनाना, आनंद के साथ जीवन जीना जरुरी है। अगर आपने कुछ खो दिया है, तो उससे घबराने की जरूरत नहीं। खोने का अर्थ होता है, फिर से मेहनत करें। खोने का दुख न करें। मनुष्य का जीवन सत्य पर आधारित होना चाहिए। सत्य पर आप रहेंगे तो आपकी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी। सत्य पर आपका विश्वास होना चाहिए। अगर आपका जीवन झूठ पर आधारित होगा तो आपकी प्रतिरोधक क्षमता कम होगी। आप कमजोर होंगे। आपकी उम्र भी उसी हिसाब से कम होती चली जाएगी। दीघार्यु जीवन जीने के लिए तनाव को गेंद की तरह बाहर फेंक दीजिए। तनाव से सदा दूर रहें। वर्तमान में रहें। सदा मुस्कुराते रहें। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

# बड़े फैसलों पर आम सहमति ही 'राजधर्म'



राकेश दुबे

**देश** में नई सरकार तैनात हो गई हैया यूँ कहे कि नई केंद्रीय सरकार का 'राजधर्म' शुरू हो गया है। वैसे यह विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की विविधता और ताकत का समारोह मनाने का क्षण है। यह चुनाव आयोग, अन्य संस्थानों, कर्मचारियों और प्रक्रिया का आभार जताने का भी पल है। देश के मतदाताओं ने जो जनादेश दिया है, यह 'गठबंधन' सरकार भी लोगों की इच्छा की प्रतीक है, क्योंकि गठबंधन में ही बहुमत और राजधर्म निहित हैं। चूंकि यह गठबंधन की सरकार है, किसी एक दल के पक्ष में बहुमत का जनादेश नहीं है, तो उसके अर्थ ये नहीं हैं कि गठबंधन की निरंतरता और स्थिरता का ही रोना रोया जाए अथवा बहानों के लिए गठबंधन की आड़ में छिपा लिया जाए। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही यह एनडीए-3 सरकार है और 2014 की निरंतरता में ही है। फर्क सिर्फ इतना है कि भाजपा को बहुमत नहीं मिला है और सरकार की स्थिरता गठबंधन के घटक दलों के सहारे ही है। बिल्कुल ऐसा भी नहीं है, क्योंकि जब 1991 में नरसिम्हा राव सरकार बनी थी, तब कांग्रेस के 232 सांसद ही थे। सरकार पूरे पांच साल चली, यह दीगर है कि कुछ कलंक और दाग लग गए थे, जो लोकतंत्र को बदनाम करते हैं। सदन में बहुमत साबित करने के लिए सांसदों को खरीदा गया था, कुछ को मंत्री पद का लालच दिया गया था। कमोबेश अब भाजपा के पास 240 सांसद हैं और कुछ निश्चित समर्थक भी हैं। बहुमत के लिए खरीद-फरोख्त की नौबत, शायद, न आए। बहरहाल मौजूदा संदर्भ में तेलुगूदेशम पार्टी (टीडीपी) और जद-यू की ही चिंता नहीं करनी चाहिए। उन्हें भी समविचारक भारत सरकार की जरूरत है, जो उनकी बुनियादी जरूरतों की पूर्ति कर सके। दोनों ही दलों के राज्य गरीब और विपन्न हैं। दोनों ही राज्य कर्जदार हैं। अन्य सरकार उनकी जरूरतों को संबोधित नहीं कर सकती। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार का राजधर्म यह है कि जब भी कोई बड़ा और गंभीर फैसला लेना हो, तो विमर्श की मेज पर सभी सहयोगी दलों के नेता मौजूद हों और फैसला सर्वसम्मति से किया जाना चाहिए। वैसे खुद प्रधानमंत्री ऐसी भावना व्यक्त कर चुके हैं। गठबंधन सरकारों के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और डॉ. मनमोहन सिंह भी थे, जिन्होंने अपने कार्यकाल बखूबी निभाए। डॉ. मनमोहन सिंह तो 10 साल तक गठबंधन सरकार के प्रधानमंत्री रहे। दूरसंचार, पेंशन, सरकारी घाटे पर लगाम कसने की व्यवस्था, बिजली और बीमा क्षेत्र के कई बड़े सुधारवादी फैसले वाजपेयी सरकार के दौरान लिए गए। मनमोहन सरकार के दौरान अमरीका के साथ असैन्य परमाणु करार जैसे संवेदनशील फैसले के अलावा मनरेगा, खाद्य सुरक्षा, अनिवार्य-मुफ्त प्राथमिक शिक्षा, सूचना के अधिकार, भूमि अधिग्रहण कानून आदि पारित कराये गये। इनके अलावा पेट्रोलियम उत्पादों को बाजार के हवाले करने सरीखे बड़े फैसले भी लिए गए। चूंकि अब भाजपा अल्पमत में है, लिहाजा एनडीए की गठबंधन सरकार, गठबंधन धर्म और मोदी सरकार के राजधर्म की अग्निपरीक्षा का यह दौर है। हालांकि कोई बड़ा संकट या राजनीतिक दरारों के हालात नहीं लगते, क्योंकि आर्थिक विकास और आर्थिक सुधारों के पक्षधर चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार भी हैं। फिर भी असली चुनौती तब सामने आएगी, जब प्रधानमंत्री टीडीपी और जद-यू दोनों को ही निर्णय की मेज पर बुलाएंगे और सर्वमत नहीं बन पाएगा। बहरहाल प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए को 'ऑर्गेनिक' और 'सफलतम' गठबंधन करार दिया है। वह जनादेश के मर्म को जानते हैं और अलग-अलग राज्य और दल की भिन्नता महसूस करते हैं, लिहाजा कुछ समझौतापरस्त होना भी अपेक्षित है। **(भोपाल)**

## देश-विदेश

# रियासी के इस्लामी आतंकवादी हमले पर क्यों है चुप्पी ?



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**इस्लामिक** आतंकवाद का अकसर यह कहकर बचाव करते देखा जाता है कि आतंक का कोई मत, पंथ, रिलीजन, मजहब और धर्म नहीं होता। आतंक तो आतंक होता है, किंतु वास्तव में भारत एवं दुनिया के संदर्भ में जिस तरह की लगातार आतंकी घटनाएं एक खास वर्ग विशेष इस्लाम को मानने वाले मुसलमानों द्वारा घटित की जा रही हैं, वह बार-बार यही इंगित करती है कि आतंक का न सिर्फ विशेष मजहब होता है, बल्कि आतंकवाद एक विशेष उद्देश्य से और पूरी दुनिया को सिर्फ एक ही रास्ते पर चलाने की मंशा से जारी है। निश्चित ही इससे जुड़ी भविष्य की कल्पना बहुत डरावनी है। पहले इस्लाम के नाम पर भारत का विभाजन किया गया, अपनी जनसंख्या की तुलना में शेष भारत से अधिकांश भूमि एवं अन्य व्यवस्थाएं जुटाई गईं, फिर चुन-चुन कर नए इस्लामिक गणराज्य में गैर मुसलमानों को

> **कश्मीर में हिंदू श्रद्धालुओं पर इस्लामी आतंकियों ने जो हमला किया और उसके लिए जिस दिन का चुनाव किया, हम सभी जानते हैं कि वह मोदी द्वारा तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण करनेवाला था।**

निशाना बनाया गया जो अब भी (पाकिस्तान-बांग्लादेश में) जारी है। वस्तुतः यह प्रश्न आज सभी के सोचने के लिए हैं, कि आखिर सभी को मुसलमान बना देने या बात नहीं मानने वालों को मौत के घाट उतार देने की जिद क्यों इन आतंकियों और इस तरह की जिहादी मानसिकता रखनेवाले मुसलमानों ने पाल रखी है? यह इस्लाम लोगों को डराकर उनकी जान लेकर किस मानवता का भला कर रहा है? जम्मू-कश्मीर में हिंदू श्रद्धालुओं पर इस्लामी आतंकियों ने जो हमला किया और उसके लिए जिस दिन का चुनाव किया, हम सभी जानते हैं कि वह नरेन्द्र मोदी द्वारा तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण करनेवाला था। आखिर; यह क्या संकेत करता है? यह हमला किसको डराने के लिए है और किसको मैसेज देने के लिए हुआ? देखा जाए तो इन तमाम प्रश्नों का जो एक उत्तर है वह है, आतंकवादी मुसलमान भारत सरकार एवं यहां रह रहे बहुसंख्यक हिन्दू समाज के लिए खुला संदेश दे रहे हैं, हम जो चाहें, जहां चाहें, जैसा चाहें वैसा, इस भारत में कहीं भी 'कांड' कर सकते हैं। आप अपनी सशक्त सत्ता का कितना भी दम भरें, इससे (आतंकवादियों को) कोई फर्क नहीं पड़ता, हम अपने मंसूबों को जब चाहे तब कामयाब कर सकते हैं। इस हमले में आप देखिए, कैसे नन्हे गोद लिए बच्चों तक को नहीं बख्शा गया और उन पर भी चारों ओर से गोली बरसाई गईं। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# लगेगी आग तो आयेंगे घर कई जद में ...



निर्मल रानी

**विगत 6** जून को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर फिल्म अभिनेत्री व हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद कंगना रानौत के गाल पर वहां सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात सीआई एस एफ की महिला सिपाही कुलविंदर कौर ने थप्पड़ जड़ दिया। किसी भी सुरक्षा कर्मी द्वारा अति सुरक्षित स्थान पर ऐसा अभद्र व्यवहार किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय है। इस शर्मनाक घटना के बाद आरोपी महिला सिपाही कुलविंदर कौर को सीआईएसएफ ने तत्काल गिरफ़्तार कर उसे निलंबित भी कर दिया। इस घटना की पृष्ठभूमि यह है कि किसान आंदोलन के दौरान कंगना रानौत ने पंजाब के आंदोलनकारी किसानों को आतंकवादी तथा खालिस्तानी कहा था और यह भी कहा था कि किसान आंदोलन में शामिल प्रदर्शनकारी महिलाओं को सौ-सौ रुपये दे कर प्रदर्शन के लिये लाया गया था। खबरों के अनुसार किसानों के साथ शामिल महिला प्रदर्शनकारियों में महिला सिपाही कुलविंदर कौर की मां भी शामिल थी जो कंगना रानौत की 'महिलाओं को सौ-सौ रुपये लेकर प्रदर्शन करने' वाले बयान से बेहद आहत हुई थी। परिणाम स्वरूप उसी अपमानजनक बयान के बदले के रूप में यह अप्रत्याशित घटना सामने आई। किसान आंदोलन के दौरान ही कंगना ने ट्वीटर पर यह विवादित टिप्पणी भी की थी कि- 'कोई भी इसके बारे में बात नहीं कर रहा है क्योंकि वे किसान नहीं हैं, वे आतंकवादी हैं जो भारत को विभाजित करने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि चीन हमारे कमजोर टूटे हुए राष्ट्र पर कब्जा कर सके और इसे यूएसए की तरह एक चीनी उपनिवेश बना सके... बैठ जाओ मूर्ख, हम अपने देश को तुम बेवकूफों की तरह नहीं बेच रहे हैं।' हालांकि इस पोस्ट पर हुई आलोचना के बाद कंगना ने इस पोस्ट को भी हटा लिया था। निश्चित रूप से यदि सिपाही कुलविंदर कौर का कृत्य गलत है तो कंगना रानौत के ऐसे बयानों को भी सही नहीं ठहराया जा सकता। इस घटना के बाद कंगना रानौत द्वारा दिये गये एक और विवादित बयान ने इस मुद्दे पर चर्चा को और अधिक तूल दे दिया है जिसमे उन्होंने चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर अपने साथ हुई घटना का विवरण देने के अंत में कहा कि हमें इस बात की चिंता है कि पंजाब में जो आतंकवाद व उग्रवाद बढ़ रहा है हम उससे कैसे निपटते हैं।' उनके इस बयान के बाद किसान और भी कड़ी आपत्ति जता रहे हैं और कुलविंदर के समर्थन में एकजुट हो गए हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान व शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सहित अनेक नेताओं ने कहा है कि इस घटना को पंजाब में आतंकवाद व उग्रवाद फैलने से जोड़ना बिल्कुल गलत है और एक सांसद के नाते तो कंगना को ऐसी बात हरगिज नहीं करनी चाहिये। परन्तु कंगना के इस 'आतंकवाद' वाले बयान ने देश में पिछले कुछ दिनों के भीतर हुई ऐसी घटनाओं की याद दिलाते हुये 'आतंकवाद' व उग्रवाद पर एक बहस जरूर छेड़ दी है। याद कीजिये अभी गत 18 मई को जब उत्तर-पूर्वी दिल्ली से लोकसभा के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार कन्हैया कुमार अपने निर्वाचन क्षेत्र के उस्मानपुर इलाके में चुनाव प्रचार कर रहे थे उस समय उन पर पहले कुछ लोगों ने स्याही फेंकी और फिर उनके गाल पर थप्पड़ जड़ दिया। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## बोधि वृक्ष

# अद्भुत है पटना का महावीर मंदिर



**1956** में बोर्ड और ट्रस्ट के बीच इस बात पर समझौता हुआ कि यदि ट्रस्ट मदिर के हित में कोई कार्य करेगा तो बोर्ड उसमें दखल नहीं देगा। हालांकि मदिर में मठाधीसी और भ्रष्टाचार जारी रहा। आचार्य कुणाल बताते हैं, मदिर से जो कमाई हो रही थी, उसे बहुत कम बताया जा रहा था। मैंने फैसला कर लिया था कि यदि न्याय नहीं मिला तो आइपीएस की नौकरी से इस्तीफा दे दूंगा। बाद में सुप्रीम कोर्ट से हमारी जीत हुई।

**तब एसएसपी को मिली मंदिर निर्माण की जिम्मेदारी**

आचार्य किशोर कुणाल बताते हैं, साल 1983-84 के दौरान जब मैं पटना का एसएसपी था तो स्थानीय लोगों ने मदिर निर्माण करने के लिए मुझसे सपर्क किया। पहले तो मैंने मना किया लेकिन बाद में मंदिर के निर्माण के लिए शहर के प्रतिष्ठित लोगों की समिति बनाई। एमके सिन्हा अध्यक्ष बनाए गए। स्वतत्रता सेनानी देवेंद्र प्रसाद सिह सचिव बने। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश नद लाल उटवालिया को भी समिति में शामिल किया। सब जगह विज्ञापन लगवाया गया कि यदि इस मदिर के निर्माण के लिए कोई चदा माग रहा हो तो उसे पुलिस को सौंपें। आचार्य किशोर कुणाल बताते हैं, हमलोगों ने आम लोगों से अपील की कि अगर वे चाहते हैं कि मदिर बने तो वे एसबीआइ के फला खाता नबर में रुपये जमा करें। **(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# क्या आप जानते हैं रात को सोते समय एसी का तापमान कितना होना चाहिए ?



**अगर** आप भी रात को एसी रुम में सोते हैं, तो जान लें कितना तापमान एसी का होना चाहिए। बुजुर्गों के लिए एसी कितना तापमान सही होता है। इसके साथ ही जानें एसी के फायदे और नुकसान। देश भर में भीषण गर्मी का कहर जारी है। आग उगलने वाली गर्मी से बचने के लिए लोग अलग-अलग तरह से उपाय आजमा रहे हैं। गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए लोग नया एसी खरीद रहे हैं। इस भीषण गर्मी में पंखा और कूलर तो काम ही नहीं कर रहे। जिस वजह से लोग एसी खरीद रहे लेकिन आपको पता होना चाहिए कि आपके रुम का तापमान आपकी नींद को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। अगर आपके आस-पास काफी गर्मी है ऐसी स्थिति में नींद को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि रात के सोते समय एसी का तापमान कितना होना चाहिए।

**एक्सपर्ट ने बताया कितना हो एसी का तापमान**

एक्सपर्ट के अनुसार, रात को सोते समय एसी का आइडियल तापमान 20 सेल्सियस है। इस तापमाम पर नींद अच्छी आती है। वहीं अगर आप तापमान 20 डिग्री से कम करते हैं, तो ज्यादा ठंड की वजह से आपकी सेहत खराब हो सकती है।

**(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से पूछा

# क्या आपने टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई न करने के लिए बुधवार को दिल्ली सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट कम करने के लिए वह दिल्ली पुलिस को कार्रवाई का निर्देश दे सकता है। न्यायमूर्ति पी.के. मिश्रा की अध्यक्षता वाली अवकाश पीठ ने दिल्ली सरकार से पूछा, ₹यदि हिमाचल प्रदेश से पानी आ रहा है तो वह दिल्ली में कहां जा रहा है? क्या आपने इन टैंकर माफिया के खिलाफ कोई कार्रवाई की है। खबरें आ रही हैं कि दिल्ली में टैंकर माफिया सक्रिय हैं और पानी पर उनका कब्जा है, और आप उन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे। यदि आप कोई कार्रवाई नहीं करते हैं तो हम टैंकर माफिया पर कार्रवाई करने की जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस को सौंप देंगे।₹ इस पीठ में न्यायमूर्ति पी.बी. वराले भी शामिल थे। शीर्ष अदालत ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि जब जलापूर्ति की पाइप लाइनें सूखी हैं तो टैंकरों से पानी की आपूर्ति कैसे की जा रही है। पीठ ने कहा, यदि हर साल गर्मियों में पानी का संकट रहता है तो आपने यमुना से आने वाले पानी की बबार्दी रोकने के लिए क्या किया है?



### आम आदमी पार्टी बताए, टैंकर माफिया से उसका क्या रिश्ता है : शहजाद



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पानी की किल्लत को लेकर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट से दिल्ली सरकार को फटकार मिलने के बाद भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने राज्य में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) पर हमला बोलते हुए कहा कि उसे बताना चाहिए कि उसका वाटर टैंकर माफिया से क्या लेना-देना है। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली सरकार से पूछा कि टैंकर माफिया की वजह से दिल्लीवासियों को हर साल पानी के संकट का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उसने टैंकर माफिया पर लगाम कसने के लिए क्या कदम उठाए हैं?

### पानी की लीकेज 12 घंटे के अंदर होगी ठीक : आतिशी



भीषण गर्मी के चलते दिल्ली में जल संकट बरकरार है और दिल्ली की जनता अब त्राहिमाम कर रही है। दिल्ली के एलजी वी.के. सक्सेना ने दिल्ली के जल मंत्री आतिशी और मंत्री सौरभ भारद्वाज से मुलाकात के बाद एक पत्र जारी किया था, जिसमें बताया गया था कि दिल्ली में पानी तो भेजा जा रहा है लेकिन इसकी बबार्दी लीकेज और चोरी के चलते हो रही है। जिसकी वजह से दिल्ली वालों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली के जल मंत्री आतिशी ने एक लेटर को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर यह बताया कि एलजी की इस कंप्लेंट से पहले ही

### सपा मुखिया अखिलेश ने विस की सदस्यता से इस्तीफा दिया



**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी पार्टी के अयोध्या की मिल्कीपुर सीट से विधायक अवधेश प्रसाद ने सांसद बनने के बाद बुधवार को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने करहल सीट से विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया। अखिलेश यादव ने कन्नौज सीट से लोकसभा चुनाव जीता है। अब, अखिलेश यादव केंद्र की राजनीति में नजर आएंगे। इसी के साथ संसद में पति-पत्नी यानी अखिलेश-डिंपल की जोड़ी नजर आएगी। डिंपल यादव मैनपुरी से चुनाव जीती हैं। लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन से उत्साहित अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का अगला लक्ष्य 2027 में उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने का है। पार्टी अभी से ही इसकी तैयारी शुरू कर रही है। फैजाबाद की मिल्कीपुर विधानसभा सीट से सपा के दिग्गज विधायक अवधेश प्रसाद ने भी सांसद चुने जाने के बाद अपना इस्तीफा दे दिया है।

## मुख्यमंत्री नीतीश ने 29 मंत्रियों को सौंपा जिलों का प्रभार

**एजेंसी**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने मंत्रियों को विभिन्न जिलों की जिम्मेदारी दी है। इस संबंध में नीतीश की पार्टी जदयू ने बुधवार को इसकी सूची जारी की है। कुल 29 मंत्रियों को अलग-अलग जिलों का प्रभार दिया गया है। सूची के अनुसार उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पटना और उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को मुजफ्फरपुर और भोजपुर जिले का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। जदयू के वरिष्ठ मंत्री विजय कुमार चौधरी को पूर्णिया और नालंदा जिलक का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। जिलों के प्रभारी मंत्रियों में बिजेन्द्र प्रसाद यादव वैशाली, डॉ. प्रेम कुमार नवादा, श्रवण कुमार समस्तीपुर और मधेपुरा, संतोष कुमार सुमन औरंगाबाद, सुमित कुमार सिंह सारण, रेणु देवी सिवान, मंगल पाण्डे दरभंगा एवं बेगुसराय के नाम शामिल हैं।

इनके अलावा नीरज कुमार सिंह कटिहार, अशोक चौधरी सीतामढ़ी एवं जहानाबाद, लेशी सिंह



मधुबनी, मदन सहनी सुपौल, नीतीश मिश्रा अररिया एवं गया, नीतीन नवीन बक्सर एवं कैमुर, डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल सहरसा, महेश्वर हजारी खगड़िया, शीला कुमारी शेखपुरा एवं लखीसराय, सुनील कुमार पूर्वी चंपारण, जनक राम पश्चिमी चंपारण, हरी सहनी अरवल, कृष्णनंदन पासवान गोपालगंज, जयन्त राज रोहतास, मो. जमा खान किशनगंज एवं शिवहर, रत्नेश सादा जमुई, केदार प्रसाद गुप्ता मुंगेर, सुरेन्द्र मेहता बांका और संतोष कुमार सिंह भागलपुर के प्रभारी मंत्री बनाये गये हैं।

**विपक्ष का काम सवाल उठाना एनडीए सरकार आपसी सौहार्द पर बनी : जमा खान**

बिहार सरकार के मंत्री जमा खान ने केंद्र सरकार के गठन पर विपक्ष की ओर से उठाए जा रहे सवालों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम है सवाल उठाना, उसकी आलोचना मैं नहीं करूंगा। केंद्र में एनडीए की सरकार बनी है और हमारे नेता जो भी निर्णय लेते हैं, उस पर हम लोग चलते हैं और चलते रहेंगे। 'बैसाखी के सहारे सरकार चलेगी', विपक्ष के इस बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि आपसी सौहार्द पर यह सरकार बनी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस सरकार में शामिल हैं। इस सरकार को हम लोग पांच साल चलाएंगे। नीतीश कुमार ने सरकार को जो समर्थन दिया है, वह आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के लिए विशेष पैकेज को लेकर पहले भी लगे हुए थे और सीएम नीतीश कुमार आज भी लगे हुए हैं।

### नीट काउंसलिंग पर दिल्ली हाईकोर्ट ने नहीं लगाई रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने नीट की काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने पेपर लीक और प्रश्न पत्र में गड़बड़ियों की जांच की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 5 जुलाई को होगी। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि नीट का मामला सुप्रीम कोर्ट के साथ कई हाई कोर्ट में भी लंबित हैं। हम सुप्रीम कोर्ट में सभी मामलों को एक साथ सुनवाई के लिए ट्रांसफर याचिका दाखिल करेंगे। इस मामले में तीन मुख्य मुद्दे हैं। पहला ग्रेस मार्क, दूसरा एक सवाल का गलत होना और तीसरा पेपर लीक का। तब याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि कोर्ट को काउंसलिंग पर रोक लगाना चाहिए। याचिकाकर्ता ने कहा कि इस मुद्दे को कल सुप्रीम कोर्ट में उठाया जा चुका है। सुनवाई के दौरान मेहता ने ऐसा कोई आश्वासन देने से इनकार किया कि इस समय काउंसलिंग शुरू नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी मामले पर इस तरह का आदेश देने से मना कर दिया था।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने लाल किला हमले के दोषी मो. आरिफ की दया याचिका खारिज की



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 22 दिसंबर 2000 को लाल किला हमला मामले में दोषी ठहराए गए पाकिस्तानी आतंकवादी मोहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक की दया याचिका खारिज कर दी है। इस हमले में राजपूताना राइफल्स के तीन जवान बलिदान हो गए थे। आरिफ एक पाकिस्तानी नागरिक है और प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का सदस्य है। अधिकारियों ने राष्ट्रपति सचिवालय के 29 मई के आदेश का हवाला देते हुए बताया कि 15 मई को आरिफ की दया याचिका प्राप्त हुई थी, जिसे 27 मई को खारिज कर दिया गया। राष्ट्रपति के 25 जुलाई 2022 को कार्यभार संभालने के बाद यह दूसरी दया याचिका है, जिसे राष्ट्रपति ने खारिज किया है। सुप्रीम कोर्ट ने 3 नवंबर, 2022 को आरिफ की समीक्षा याचिका खारिज कर दी थी और मामले में उसे दी गई मौत की सजा को बरकरार रखा था। उल्लेखनीय है कि 22 दिसंबर, 2000 को हुए हमले में कुछ घुसपैठियों ने लाल किला परिसर में तैनात 7 राजपूताना राइफल्स यूनिट पर गोलीबारी की, जिसके परिणामस्वरूप तीन सैन्यकर्मी बलिदान हो गए। हमले के चार दिन बाद दिल्ली पुलिस ने आरिफ को गिरफ्तार किया था। मोहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक एक पाकिस्तानी नागरिक है, जो अवैध रूप से भारतीय क्षेत्र में घुसा था। आरिफ को हमले को अंजाम देने के लिए अन्य आतंकवादियों के साथ साजिश रचने का दोषी पाया गया था और ट्रायल कोर्ट ने अक्टूबर 2005 में उसे मौत की सजा सुनाई थी। दिल्ली उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय ने बाद की अपीलों में इस फैसले को बरकरार रखा।

### हनुमान चालीसा का पाठ करने के मामले में फिर टली सुनवाई

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता नवनीत राणा बुधवार को अपनी खराब तबियत के चलते कोर्ट में पेश नहीं हो पाए। नवनीत राणा के वर्ष 2022 में महाराष्ट्र के तत्कालीन सीएम उद्धव ठाकरे के आवास के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने पर विवाद हुआ था। वर्ष 2022 में नवनीत राणा ने पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के आवास के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने की घोषणा की थी। इस घोषणा के बाद शिवसेना (यूबीटी) के कार्यकर्ता नाराज हो गए थे। इसके साथ ही इलाके में तनाव की स्थिति पैदा हो गई थी। हालांकि बाद में पीएम मोदी के मुंबई दौरे के कारण इसे रद्द कर दिया था। लेकिन पुलिस ने उनको अप्रैल में गिरफ्तार कर लिया था। फिलहाल वे जमानत पर बाहर हैं। बता दें कि नवनीत राणा ने अमरावती सीट से लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन वे यहां से चुनाव हार गए थे। वहीं बुधवार को बॉम्बे हाईकोर्ट में इस मामले की पेशी थी। लेकिन भाजपा नेता नवनीत राणा बुधवार को खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए यहां की एक अदालत में पेश नहीं हुए।

## आज का राशिफल

**मेष** — कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा।

**वृषभ** — आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**मिथुन** — व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**कर्क** — कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**सिंह** — यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कन्या** — आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें।

**तुला** — लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा।

**धनु** — यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा।

**मकर** — मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कुम्भ** — आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**मीन** — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

### बांग्लादेशी सांसद के शव के टुकड़ों को अब भी ढूंढ रही सीआईडी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में मौत के घाट उतारे गए बांग्लादेशी सांसद अनवारुल अजीम अनार के शव के टुकड़ों को सीआईडी अभी भी ढूंढ रही है। पश्चिम बंगाल सीआईडी के अधिकारी इस मामले में गिरफ्तार दो आरोपितों से लगातार पूछताछ कर रहे हैं। एक सूत्र ने बताया कि रविवार को बागजोला नहर के किनारे से बरामद की गई हड्डियों को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि कुछ और सबूत भी बरामद किए जाएंगे। इसमें समय लग रहा है क्योंकि अपराध लगभग एक महीने पहले हुआ था। हमने कुछ निश्चित स्थानों की पहचान की है, जहां हम शव के अंगों की तलाश कर रहे हैं। राज्य सीआईडी ने रविवार को नेपाल पुलिस द्वारा भारत को प्रत्यर्पित किए गए सियाम से पूछताछ के बाद दक्षिण 24 परगना जिले में एक नहर के पास से मानव की कुछ हड्डियां बरामद की गई थीं। इसके अलावा सीआईडी अधिकारी जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपितों- मोहम्मद सियाम हुसैन और कसाई से लगातार पूछताछ कर रहे हैं।

**रेणुका स्वामी मर्डर केस**

## कर्नाटक के गृह मंत्री ने कहा कानून सबके लिए एक समान

**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** कन्नड़ एक्टर दर्शन, उनकी करीबी दोस्त पवित्रा गौड़ा और 11 अन्य आरोपियों को रेणुकास्वामी मर्डर केस के सिलसिले में मंगलवार को गिरफ्तार किया गया और उन्हें छह दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बुधवार को कहा कि दर्शन और बाकी सभी के लिए कानून एक समान है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जब पत्रकारों ने सवाल किया कि क्या दर्शन अपने पैसे और बाहुबल के चलते कार्रवाई से बच सकते हैं, तो इस पर डॉ. परमेश्वर ने कहा, उन्हें (दर्शन और उनके साथियों को) एक हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी जांच कर रहे हैं। कानून सबके लिए बराबर है। दर्शन और परमेश्वर के लिए भी यही है। इसलिए किसी को भी कानून नहीं तोड़ना चाहिए।" डॉ. परमेश्वर ने बताया कि पुलिस दर्शन के आदतन अपराधी होने के पहलू



की भी जांच करेगी। क्या दर्शन को पुलिस विभाग द्वारा हिस्ट्रीशीटर घोषित किया जाएगा? इस पर परमेश्वर ने कहा कि पुलिस की रिपोर्ट और सिफारिशें उपलब्ध होने के बाद ही इस पर फैसला लिया जाएगा। पुलिस कानून की किसी भी धारा को लागू करने के लिए स्वतंत्र है। परमेश्वर ने कहा, ₹करीबी दोस्त को अश्लील मैसेज भेजने पर एक्टर दर्शन रेणुकास्वामी के खिलाफ शिकायत दर्ज करा सकते थे। अगर शिकायत दर्ज कराई गई होती तो पुलिस तत्काल कार्रवाई करती। हत्या टल सकती थी और एक जान बच सकती थी।" परमेश्वर ने कहा, कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी। पुलिस को पूरी छूट है और वे जांच को आगे बढ़ाएंगे।

### फारुक अब्दुल्ला ने पाक के साथ फिर से बातचीत शुरू करने की वकालत की

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने पाकिस्तान के साथ फिर से बातचीत शुरू करने की वकालत करते हुए कहा कि पाकिस्तान की नई सरकार हमारे साथ शांतिपूर्ण माहौल बनाने के लिए तैयार है और भारत को उनके लिए वार्ता के दरवाजे खोलने चाहिए। उन्होंने दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन को 'पुनर्जीवित' करने की भी वकालत की। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने एक साक्षात्कार में कहा कि हमें अभी भी अपने पड़ोसी के साथ समस्या है, जो सैन्य कार्रवाई से हल नहीं होगी। जब तक हम अपने पड़ोसियों से बात नहीं करेंगे, तब तक हम इसे हल नहीं कर सकते। आतंकवादी सीमाओं के रास्ते आ रहे हैं और वे आते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमें इन हालातों से बाहर निकलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में अमरनाथ यात्रा होने वाली है। उसमें कोई भी छोटी घटना होने पर देश के बाकी हिस्सों में इसका बखान किया जाएगा।

## मरीज को कंधे पर लादकर अस्पताल ले जाते हैं लोग

*मूलभूत सुविधाओं से वंचित हिमाचल के उद्योग मंत्री का गांव*

**एजेंसी**

**शिमला।** सुदूरवर्ती क्षेत्रों को सड़क से जोड़ने का दावा करने वाली सरकार की हकीकत से रूबरू होना हो तो हिमाचल प्रदेश के टीकर गांव चले आइए। यह गांव आजादी के 75 साल बाद भी सड़क से वंचित है। देश अब 4जी से 5जी की ओर बढ़ चुका है, लेकिन ग्रामीण इलाकों के काम अभी भी कछुए की गति से चल रहे हैं। हमारे देश में अभी भी कई ऐसे गांव हैं जहां सड़क नहीं होने की वजह से बीमार लोगों को कंधे पर उठाकर पैदल ही अस्पताल पहुंचाना पड़ता है। ऐसी ही एक तस्वीर हिमाचल प्रदेश के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के विधानसभा क्षेत्र के टीकर गांव से सामने आई है। यहां शोभाराम नामक 65 वर्षीय एक बुजुर्ग को इलाज के लिए लोग कंधे पर उठाकर ले जाते हुए नजर आए। सड़क के अलावा भी इस गांव में



कई मूलभूत सुविधाओं की कमी है जिसके चलते ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मूलभूत सुविधाओं के लिए यहां के ग्रामीणों ने कई बार मांग भी उठाई है। लेकिन, किसी सरकार ने इसकी मांगें पूरी नहीं की। चुनाव के वक्त इन ग्रामीणों को तमाम राजनीतिक दलों से सिर्फ और सिर्फ आश्वासन मिलता है। टीकर गांव के रहने वाले नाथू राम बताते हैं कि प्रसव के दौरान यहां की महिलाओं को उठाकर लाना पड़ता है। इस दौरान कई महिलाओं ने रास्ते में ही बच्चों को जन्म दिया है। इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के क्रम में कई लोग दम तोड़ चुके है।

**पहल** / लोकसभा चुनाव के दौरान वायु सेना के हवाई बेड़े ने निभाई अहम भूमिका

# चुनावी मशीनरी को दूरस्थ स्थानों तक पहुंचाया

*सेना और बीएसएफ के हेलीकॉप्टरों को भी उड़ानों में शामिल किया गया*

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों के दौरान भारतीय वायु सेना की भी अहम भूमिका रही है। युद्ध और शांति काल में विभिन्न कार्य करने वाले वायु सेना के परिवहन और हेलीकॉप्टर बेड़े को चुनावों के बीच प्रशासनिक मशीनरी को एयरलिफ्ट करने के लिए तैनात किया गया था। वायु सेना के मीडियम लिफ्ट हेलीकॉप्टरों (एमआई-17 वेरिएंट), लाइट



यूटिलिटी हेलीकॉप्टरों (चेतक) और स्वदेशी रूप से निर्मित एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव ने इस दौरान पर्याप्त उड़ान भरकर पोलिंग पार्टी को दूरस्थ स्थानों तक पहुंचाने और वापस लाने का कार्य किया है। वायु सेना का हवाई बेड़ा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय अभ्यासों के दौरान लड़ाकू सैनिकों को हवाई मार्ग से ले जाने और शांतिकालीन भूमिका के अलावा राष्ट्र निर्माण की दिशा में कई कार्य करता है। नागरिक शक्ति की सहायता में भारतीय वायुसेना विशेष रूप से सबसे आगे रही है। हाल ही में हुए लोकसभा आम चुनाव के दौरान मीडियम लिफ्ट हेलीकॉप्टरों (एमआई-17 वेरिएंट), लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टरों (चेतक) और स्वदेशी रूप से निर्मित एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव ने पर्याप्त उड़ान भरी हैं।

वायु सेना इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) को पोलिंग पार्टी के साथ एयरलिफ्ट करने और चुनाव ड्यूटी पर भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) के कर्मियों को तैनात करने के कार्य में सक्रिय रूप से शामिल रही है। आम चुनावों के दौरान भारतीय वायु सेना ने देश के दूरदराज के इलाकों तक चुनाव कर्मियों की पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहां सड़क मार्ग से आवाजाही एक सुरक्षा चिंता का विषय थी। यह कार्य समयबद्ध था, क्योंकि मतदान अधिकारियों को चुनाव तिथि से दो दिन पहले प्रत्येक दूरस्थ मतदान केंद्र तक पहुंचाने के साथ ही मतदान के बाद वापस लाना था। भारतीय वायु सेना ने आम चुनाव के सात चरणों में से पांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें 1750 से अधिक उड़ानों में 1000 घंटे से अधिक की उड़ान भरी। सुरक्षा, मौसम, सड़क संपर्क आदि को ध्यान में रखते हुए परिसंपत्तियों के उपयोग को अनुकूलित करने के लिए नोडल अधिकारियों के माध्यम से ईसीआई और विभिन्न राज्यों के मुख्य चुनाव आयुक्तों (सीईसी) के साथ घनिष्ठ समन्वय के माध्यम से यह कठिन कार्य पूरा किया गया।

### ब्रिटेन का वीजा दिलाने के नाम पर बड़ौदा के दंपति से 15 लाख की ठगी

**बड़ौदा।** ब्रिटेन का वीजा दिलाने के नाम पर बड़ौदा के एक दंपति को पिता-पुत्री को जोड़ी ने 15 लाख रुपये का चूना लगा दिया। आरोपियों की पहचान योगेश जोशी और उनकी बेटी श्रेयांशी जोशी के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता रितेशा ने बताया कि वह 2022 से पढ़ाई के लिए लंदन में रह रही अपने ससुराल पक्ष की एक रिश्तेदार के जरिये श्रेयांशी के संपर्क में आई थी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, श्रेयांशी ने रितेशा और उसके पति को लंदन के लिए वर्क परमिट वीजा दिलाने की पेशकश की। उसने बताया कि इसमें 18 लाख रुपये का खर्च आएगा। रितेशा इस पर राजी हो गई। उसने श्रेयांशी के पिता को छह लाख रुपये का भुगतान किया। अधिकारी ने बताया कि एक महीने बाद श्रेयांशी लंदन से लौटी।

## आज के मैच



समय : 06:00 शाम
ब्रायन लारा स्टेडियम तरौबा, ट्रिनीडाड

रात : 08:00
अर्नोस वाले ग्राउंड, किंग्सटाउन, सेंट विंसेंट

# टूटा भारत का सपना, 2026 फीफा विश्व कप में नहीं बना पाया जगह

### कतर के खिलाफ विवादास्पद हार के खिलाफ अपील करेगा एआईएफएफ



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कतर के खिलाफ भारत की विवादास्पद हार के बाद, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने एक बयान जारी कर पुष्टि की है कि वे मैच के दौरान हुई गंभीर पर्यवेक्षण त्रुटि के खिलाफ अपील करेंगे, जिसके कारण भारत को फीफा विश्व कप क्वालीफायर राउंड 3 में जगह बनाने से हाथ धोना पड़ा। 2026 फीफा विश्व कप में जगह बनाने का भारत का सपना मंगलवार रात दोहा में कतर से 1-2 से हार के साथ टूट गया। एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने एक आधिकारिक बयान में कहा, मंगलवार रात फीफा 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 के प्रारंभिक संयुक्त योग्यता राउंड 2 के समापन मैच में कतर के खिलाफ हार पूरे भारतीय फुटबॉल जगत के लिए एक बड़ी निराशा थी। हालांकि जीत और हार खेल का एक अभिन्न अंग हैं, और हमने इसे विनम्रता से स्वीकार करना सीख लिया है, लेकिन कल रात भारत के खिलाफ किए गए दो गोलों में से एक ने कुछ सवालों को अनुत्तरित छोड़ दिया।

मैच के 37वें मिनट में लालियांजुआला छांगटे ने गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहले हॉफ की समाप्ति पर भारत 1-0 से आगे रहा।

दूसरे हाफ में मैच के 75वें मिनट में कतर के लिए यूसुफ अयमन ने नेट के पीछे से गोल मारा। गुरप्रीत द्वारा अयमन के हेडर को बचाए जाने के बाद भारतीय खिलाड़ियों को लगा कि गेंद खेल से बाहर चली गई है। रेफरी की सीटी नहीं बजी और भारतीय खिलाड़ियों ने विरोध करना शुरू कर दिया। वीडियो असिस्टेंट रेफरी की अनुपस्थिति में रेफरी ने असिस्टेंट रेफरी से सलाह ली।

गोल तो दे दिया गया लेकिन रीप्ले में साफ दिख रहा था कि गेंद खेल से बाहर चली गई थी। चौबे ने कहा, हम, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ में, हमेशा मानते थे कि खेल की भावना को बनाए रखा जाना चाहिए और नियमों का पालन बिना किसी संदेह के किया जाना चाहिए। इसी रुख को बनाए रखते हुए, हमने कतर के खिलाफ खेल के बाद, अपने मुख्य रेफरी अधिकारी के परामर्श से, फीफा क्वालीफायर के प्रमुख, एएफसी रेफरी के प्रमुख, एएफसी प्रतियोगिताओं के प्रमुख और खेल के लिए मैच कमिश्नर को लिखने का फैसला किया, जिसमें उनसे खेल के दौरान हुई गंभीर पर्यवेक्षण त्रुटि पर गौर करने का अनुरोध किया गया, जिसके कारण हमें फीफा विश्व कप क्वालीफायर राउंड 3 में जगह गंवानी पड़ी।

कतर ने मैच जीत लिया और भारत को फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में पहली बार जाने से रोक दिया। इस हार का मतलब यह भी है कि भारत को एएफसी एशियाई कप 2027 के लिए स्वतः योग्यता नहीं मिलेगी।

## एक नजर

### पूर्व भारतीय डिफेंडर और मशहूर कोच टीके चथुन्नी का निधन

**कोच्चि।** केरल के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी और कोच टी के चथुन्नी का निधन हो गया। बुधवार सुबह करीब 7:30 बजे एनार्कुलम के एक निजी अस्पताल में उनका निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। चथुन्नी के परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटियाँ हैं। उनका कैंसर का इलाज चल रहा था। 1960 और 1970 के दशक के जाने-माने डिफेंडर, चथुन्नी 1973 में कुआलालंपुर में आयोजित मर्डेका टूर्नामेंट में भारतीय टीम के सदस्य थे। उन्होंने राष्ट्रीय टीम के लिए छह मैच खेले। घरेलू फुटबॉल में, उन्होंने ईएमई सेंटर, सिकंदराबाद, वास्को क्लब, गोवा और ऑर्के मिल्स, मुंबई के लिए खेला। संतोष ट्रॉफी के लिए राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में, उन्होंने सर्विसेज के लिए खेला।

### बारिश की भेंट चढ़ा नेपाल और श्रीलंका का मैच

**लॉडरहिल।** नेपाल और श्रीलंका के बीच टी20 विश्व कप ग्रुप डी का मैच फ्लोरिडा में खराब मौसम के कारण रद्द कर दिया गया। बारिश की वजह से मैच का टॉस भी नहीं हो सका। इसके बाद दोनों टीमों को 1-1 अंक मिला। अंक मिलने से दोनों ही टीमों का विश्व कप 2024 में खाता खुल गया है लेकिन श्रीलंका को इससे बड़ा झटका लगा है, क्योंकि इस मुकाबले को जीतकर 2 अंक हासिल करना उसके लिए बेहद जरूरी था। मैच के रद्द होने के कारण ग्रुप-डी के समीकरण में भी सस्पेंस बढ़ गया है। इस ग्रुप में उसके अलावा दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, नीदरलैंड और नेपाल की टीम शामिल है।

# उम्मीदें जीवंत रखने के लिए एक दूसरे का सामना करेंगे बांग्लादेश और नीदरलैंड





**एजेंसी। किंग्सटाउन**

बांग्लादेश और न्यूजीलैंड टी20 विश्व कप के सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाने के लिए गुरुवार को यहां एक दूसरे का सामना करेंगे। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी से शीर्ष पर रहकर पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है। बांग्लादेश इस ग्रुप में अभी दूसरे स्थान पर है। उसके और नीदरलैंड के समान दो दो अंक हैं।

बांग्लादेश की टीम हालांकि बेहतर नेट रन रेट के आधार पर दूसरे स्थान पर है। नेपाल और श्रीलंका के एक-एक अंक हैं लेकिन उनके पास भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में जगह बनाने का मौका है। बांग्लादेश ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को दो विकेट से हराया था लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसके बल्लेबाज अपेक्षाकृत छोटा लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहे थे और उसे चार रन से हार का सामना करना पड़ा था। नीदरलैंड की टीम भी पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका से हार गई थी और वह भी वापसी करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी।

### टीम इस प्रकार हैं

**बांग्लादेश :** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तनजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम और तनजीम हसन साकिब।

**नीदरलैंड :** स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), आर्यन दत्त, बास डी लीडे, काइल क्लेन, लोगान वैन बीक, मैक्स ओ'डॉड, माइकल लेविट, पॉल वैन मीकेरेन, रयान क्लेन, साकिब जुल्फिकार, सिब्रांड एंजेलब्रेच, तेजा निदामनुरु, टिम प्रिंगल, विक्रम सिंह, विव किंगमा और वेस्ले बैरेसी।

### दुनिया में रोनाल्डो जितना खतरनाक कोई खिलाड़ी नहीं : सुनील छेत्री



**नई दिल्ली।** यूरो कप 2024 नजदीक है और पिछले दो दशकों की तरह इस बार भी सबकी नजरें क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर होंगी, जो पुर्तगाल के सबसे महान खिलाड़ी हैं। 39 वर्षीय खिलाड़ी ने नवंबर 2023 के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय गोल नहीं किया है। इतना ही नहीं उन्हें युवा स्ट्राइकर गोंकालो रामोस ने कई बार टीम में रिप्लेस भी किया। टूर्नामेंट से पहले, भारत के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर और भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान सुनील छेत्री ने आईएएनएस के साथ एक खास बातचीत में टीम में रोनाल्डो की भूमिका और महत्व के बारे में बात की। छेत्री ने आईएएनएस से कहा,मुझे उम्मीद है कि रोनाल्डो अधिक से अधिक मैच खेलेंगे। मैं उन्हें खेलते हुए देखना पसंद करूंगा। हो सकता है कि वह उतनी तेजी से टर्नअराउंड न कर पाएं और डिफेंसिव न खेल पाएं, लेकिन एक बार लय में आने के बाद उनके जैसा खतरनाक खिलाड़ी कोई नहीं है। पुर्तगाल की टीम सितारों से सजी है। वे गेंद को अपने पास रखने में बहुत अच्छे हैं, अधिकतर वे विरोधी टीम पर हावी रहते हैं।

# योगासन खेल से योग एथलीटों व कोच का भविष्य होगा उज्ज्वल : डॉ जयदीप आर्य




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला में योगासन भारत द्वारा द्वितीय राष्ट्रीय कोच प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ है। जिसका शुभारंभ एनएस एनआईएस निर्देशक डॉ कल्पना शर्मा एवं योगासन भारत के महासचिव डॉ जयदीप आर्य द्वारा दीप प्रचलन कर किया गया। जिसमें भारत के सभी राज्यों के योग में प्राप्त विशेष अनुभव 150 से भी अधिक कोचो को शामिल किया गया है, योगाचार्य महेश पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 जून 2024 तक चलेगा जिसमें योगासन खेल की बारीकियां के बारे में बॉडी मूवमेंट के बारे में एवं योग के अनुसार आहार शैली कैसी होना चाहिए और बॉडी को किस तरह फ्लैक्सिबल बनाते हुए विभिन्न प्रकार के एडवांस आसनों को सीखते हुए नेशनल और इंटरनेशनल व खेलो इंडिया में योग के खिलाड़ी किस तरह अच्छा परफॉर्मेंस कर सकते हैं। इस विषय से संबंधित विस्तार पूर्वक विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी, योगासन भारत, भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघ है। जो ग्राम स्तर से तहसील स्तर जिला स्तर स्टेट और नेशनल स्तर तक के बच्चों को योग के क्षेत्र में उनकी प्रतिभाओं को पहचान कर उनको आगे बढ़ता है और खेलो इंडिया नेशनल गेम्स एशियाई योगासन वर्ल्ड योगासन प्रतियोगिताओं में बच्चों को आगे बढ़ाने का कार्य करता है।

यह महासंघ योगासन खेल से संबंधित लगभग 12 प्रकार योगासन खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करवाता है योगासन भारत के महासचिव डॉ जयदीप आर्य ने अपने उद्बोधन में कहा की इस कोचेस ट्रेनिंग प्रोग्राम में जो कोच ट्रेनिंग ले रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर की उन कोचेस को विदेश में भी योगासन खेल के माध्यम से ट्रेनिंग और कोचिंग के लिए उन्हें आगे बढ़ाया जाएगा। जिससे कोचेस का भी भविष्य योगासन खेल महासंघ द्वारा उज्जवल हो सके।

# टी-20 विश्व कप : श्रीलंका-नेपाल मैच बारिश के कारण रद्द, दक्षिण अफ्रीका सुपर 8 में

फ्लोरिडा, 12 जून (हि.स.)। बुधवार को फ्लोरिडा के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में श्रीलंका और नेपाल के बीच टी 20 विश्व कप 2024 मैच में बारिश के कारण बिना टॉस के रद्द कर दिया गया। दोनों टीमों को इस मैच से एक-एक अंक मिला। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका सुपर 8 चरण के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गई है।

श्रीलंका के सुपर 8 की संभावनाओं को लगा झटका इस बारिश से श्रीलंका को सबसे ज्यादा नुकसान होगा क्योंकि उनके सुपर आठ क्वालीफिकेशन की संभावनाएँ खतरे में हैं। श्रीलंका अपने पहले दो मैच हारने और इस मैच के रद्द होने के बाद ग्रुप डी अंक तालिका में सबसे नीचे है, जबकि नेपाल केवल एक मैच हारने के कारण चौथे स्थान पर है।

श्रीलंका को अब नीदरलैंड के खिलाफ अपना अंतिम मैच जीतना होगा। लेकिन, उनकी किस्मत उनके हाथ में नहीं है क्योंकि अब बांग्लादेश को नेपाल और नीदरलैंड दोनों से हारना होगा। जब नेपाल के लिए क्वालीफिकेशन परिदृश्य की बात आती है, तो उन्हें दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश दोनों को हराना होगा और उम्मीद करनी होगी कि नीदरलैंड अपने अगले दो मैच हार जाए।

# इंडियन ग्रांड प्रिक्स -3 एथलेटिक्स में झारखंड की संघमित्रा ने 3000 मीटर में जीता रजत पदक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली एवं कर्नाटक एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में 12 जून को कर्नाटक के बंगलोर शहर के कांतिर्वा आउट डोर एथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित इंडियन ग्रांड प्रिक्स - 3 में झारखंड की संघमित्रा महथा ने 3000 मीटर में 9:55.60 से. का समय लेते हुए रजत पदक जीता वहीं इस स्पर्धा का स्वर्ण मध्यप्रदेश की आकांक्षा एवम कांस्य पदक महाराष्ट्र की प्राची देवकर ने जीता । इस उपलब्धि पर भारतीय एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक,झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सी.डी.सिंह सचिव एस.के. पांडेय, आलोक मिश्रा,आशीष झा,सुखैर भगत, फादर रामू,राकेश सिंह,बरूण कुमार,किरण रानी साहू, संजय त्रिपाठी,रविंद्र मुर्मू,बंधन टोप्पो, प्रभाकर वर्मा,कोच कोच बिनोद सिंह, योगेश यादव,आशू भटिया, अरविंद कुमार,प्रभात रंजन तिवारी, ,सिकंदर महतो, सरोज कुमार,अजीत साहू,अजय नायक, रनवीर सिंह, मुकुल टोप्पो,शशांक भूषण सिंह समेत संघ के पदाधिकारियों ने संघमित्रा महथा को बधाई दी ।

### रिजवान के नाम जुड़ा शर्मनाक रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप के ग्रप ए मैच में कनाडा के खिलाफ 7 विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत में मोहम्मद रिजवान ने इस दौरान अर्धशतक लगाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। हालांकि इस दौरान उनके नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया है। रिजवान टी20 विश्व कप में सबसे धीमा अर्धशतक लगाने वाले प्लेयर बन गए हैं। रिजवान ने कनाडा के खिलाफ 53 गेंदों पर 2 चौकों और एक छक्के की मदद से 53 रन बनाए और अर्धशतक के लिए 52 गेंदें ली। यह टी20 विश्व का सबसे धीमा अर्धशतक है। इससे पहले टी20 विश्व कप में सबसे धीमे अर्धशतक का रिकॉर्ड डेविड मिलर के नाम था जिन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ 50 गेंदों में फिफ्टी बनाई थी। बड़ी बात यह है कि मिलर ने भी न्यूयॉर्क में ही सबसे धीमा अर्धशतक लगाया था।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा भारत : वर्ल्ड बैंक




**एजेंसी। नई दिल्ली**

वर्ल्ड बैंक की ओर से कहा गया है कि भारत अगले तीन साल में 6.7 प्रतिशत की विकास दर से आगे बढ़ेगा। मजबूत घरेलू मांग, निवेश में उछाल और सर्विसेज सेक्टर में अच्छी गतिविधि के चलते भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। 'ग्लोबल इकोनॉमिक प्रोस्पेक्ट्स' रिपोर्ट में वर्ल्ड बैंक ने वित्त वर्ष 2025 में भारत के लिए अपने विकास पूर्वानुमान को 6.6 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। इसने कहा कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश बना रहेगा, हालांकि इसके विस्तार की गति थोड़ी धीमी हो सकती है। वर्ल्ड बैंक ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में अच्छी विकास दर के बाद, वित्त वर्ष 2024-25 से अगले तीन वित्तीय वर्षों के लिए औसतन 6.7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। वित्त वर्ष 2026 और वित्त वर्ष 2027 के लिए वर्ल्ड बैंक ने भारत की अर्थव्यवस्था के क्रमशः 6.7 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है। वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है, कृषि उत्पादन में सुधार और मुद्रास्फीति में गिरावट से निजी खपत वृद्धि को लाभ मिल सकता है। चालू व्यय को कम करने के सरकार के लक्ष्य के अनुरूप सरकारी खपत में थोड़ी धीमी हो सकती है। इससे पहले अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने 2024-25 के लिए भारत के विकास पूर्वानुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया था। आरबीआई ने पिछले हफ्ते चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के जीडीपी विकास पूर्वानुमान को 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि 2024-25 की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि 7.3 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 7.2 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 7.3 प्रतिशत और अंतिम तिमाही में 7.2 प्रतिशत रहने की संभावना है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने जनवरी-मार्च तिमाही में 7.8 प्रतिशत की मजबूत जीडीपी वृद्धि दर्ज की है, जबकि पूरे साल 2023-24 के लिए विकास दर 8.2 प्रतिशत है। यह वित्त वर्ष 2022-23 में 7 प्रतिशत थी।

### ऑल टाइम हाई लगाने के बाद 23,400 के नीचे निफ्टी बंद

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए बुधवार का कारोबारी सत्र उतार-चढ़ाव भरा रहा। बाजार के करीब सभी सूचकांक लाल निशान में बंद हुए हैं। निफ्टी 58 अंक या 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,322 अंक पर बंद हुआ है। कारोबारी सत्र के दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुख्य बेंचमार्क ने 23,441 का नया ऑल टाइम हाई बनाया, जो कि पहले 23,411 था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का बेंचमार्क सेंसेक्स 149 अंक या 0.20 प्रतिशत बढ़कर 76,606 अंक पर बंद हुआ। छोटे और मझोले शेयरों में जबरदस्त खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 559 अंक या 1.02 प्रतिशत बढ़कर 54,226 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 216 अंक या 1.23 प्रतिशत बढ़कर 17,788 पर बंद हुआ। सेक्टर के हिसाब से देखें तो पीएसयू बैंक, मेटल, मीडिया, एनर्जी, इन्फ्रा, हेल्थकेयर और पीएसई बढ़कर बंद हुए हैं।

# भारतीय वायुसेना में संगीतकार के पदों पर शुरू हुए आवेदन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय वायु सेना ने 01/2025 सेवन योजना के तहत अग्निवीरवायु (संगीतकार) के पदों पर भर्ती निकाली है। इन पदों के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के इच्छुक उम्मीदवार 05 जून (रात 11 बजे) तक अग्निवीरवायु की ऑफिशियल वेबसाइट पर अपने फॉर्म जमा कर सकते हैं। 03 से 12 जुलाई तक 3 एएससी सी/ओ एएफ स्टेशन कानपुर और 7 एएससी, नंबर 1 कब्बन रोड, बेंगलुरु में भर्ती परीक्षा आयोजित करवाई जाएगी।

इस भर्ती परीक्षा के तहत आवेदक को अंग्रेजी लिखित परीक्षा, शारीरिक फिटनेस परीक्षण क और क्क संगीत वाद्ययंत्र बजाने में दक्षता परीक्षण, अनुकूलन क्षमता परीक्षण-II और चिकित्सा नियुक्तियों में पास होना होगा। वहीं आप अधिक जानकारी के लिए ऑफिशियल वेबसाइट पर भी विजिट कर सकते हैं।

**क्वालिफिकेशन और आयु**

आवेदन के इच्छुक उम्मीदवार सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूल से मैट्रिकुलेशन या कक्षा 10 या इसके समकक्ष कक्षा पास होने चाहिए। वहीं 02 जनवरी 2004 और 2 जुलाई 2007 (दोनों दिन सम्मिलित) के बीच जन्मे उम्मीदवार इस भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**योग्यता**

आवेदन करने वाले उम्मीदवार को पिच, टेम्पो और एक पूरा गाना गाने में सटीकता के साथ संगीत में दक्षता हो। वह प्रारंभिक धुन और किसी भी नोटेशन पर प्रदर्शित कर सकें। जैसे- टैबलेचर/टॉनिक सोल्फा/स्टाफ नोटेशन/ हिंदुस्तानी/कर्नाटक आदि।

### महंगा हुआ सोना

**नई दिल्ली।** घरेलू सराफा बाजार में आज सोना एक बार फिर महंगा हो गया है। हालांकि आज चांदी के भाव में गिरावट दर्ज की गई है। आज देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,500 रुपये से लेकर 71,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,460 रुपये से लेकर 65,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के विपरीत चांदी के भाव में आज कमजोरी आई है। आज की गिरावट के कारण दिल्ली सराफा बाजार में चांदी 90,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 71,850 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 65,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# सरकार का इंफ्रास्ट्रक्चर और मैन्युफैक्चरिंग पर जारी रहेगा जोर : विकास खेमानी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

गठबंधन सरकार बनने से हमारी निवेश रणनीति बदलने वाली नहीं है। हमारा मानना कि आने वाले समय में बड़े सुधार देखने को मिलेंगे और सरकार का इन्फ्रास्ट्रक्चर और मैन्युफैक्चरिंग पर जोर जारी रहेगा। ये कहना है कि कार्नेलियन एसेट मैनेजमेंट के संस्थापक विकास खेमानी का।

एक मीडिया रिपोर्ट में खेमानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि उन्हें अगले पांच वर्ष में क्या करना है। नई कैबिनेट में भी कोई बड़ा फेरबदल नहीं किया गया है, जो कि दिखाता है कि सरकार की नीतियां निरंतरता जारी रहेगी। बाजार के लिए ये एक काफी सकारात्मक संदेश है।

उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि सरकार का इन्फ्रास्ट्रक्चर और मैन्युफैक्चरिंग पर जोर जारी रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी भी कई बार आत्मनिर्भर बनने की बात कह चुके हैं। मुझे लगता है कि अहम सेक्टर जैसे पावर और इन्फ्रास्ट्रक्चर में जो सुधार चल रहे हैं, वे जारी रहेंगे। मेरा फोकस पावर पर ज्यादा होगा, क्योंकि भारत में अगले कुछ वर्षों में बिजली की अधिक जरूरत होगी। इसके अलावा मेरा फोकस इन्फ्रास्ट्रक्चर में पोर्ट और लॉजिस्टिक्स पर होगा, क्योंकि भारत को तेजी से आगे बढ़ने के लिए सरकार यहां काफी कुछ कर रही है।

उन्होंने आगे बताया कि सरकार द्वारा किए गए सुधारों के कारण सरकारी कंपनियों के शेयरों में तेजी बनी हुई है।

बता दें, मोदी सरकार की ओर से पिछले कुछ वर्षों में काफी सुधार किए गए हैं। इसका असर पीएसयू शेयरों पर दिखा है। बीते एक वर्ष में एचएएल ने 164 प्रतिशत, बीएचईएल ने 242 प्रतिशत, बीईएल ने 143 प्रतिशत और एसबीआई ने 45 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

# इंटरनेट सेवा स्टारलिंक अब 100 देशों में : एलन मस्क

> हमारी कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा और विशेष रूप से हमारे युवाओं के लिए नए रास्ते खोलेगा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने बुधवार को कहा कि सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक अब 100 देशों में मौजूद है।

मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, स्टारलिंक अब 100 देशों में उपलब्ध है।"अफ्रीका का सिएरा लियोन इस सूची में शामिल होने वाला 100वां देश बन गया है। यह स्टारलिंक से जुड़ने वाला 10वां अफ्रीकी देश है। स्टारलिंक ने एक्स पर शेयर किया, यह दुनिया भर में 100वां बाजार है जहां स्टारलिंक का हाई-स्पीड लो-लेटेंसी इंटरनेट उपलब्ध है।" सिएरा लियोन के राष्ट्रीय संचार प्राधिकरण ने 2023 में शुरू होने वाले लगभग एक वर्ष के तकनीकी मूल्यांकन के बाद स्टारलिंक के लाइसेंस को मंजूरी दे दी। चीफ मिनिस्टर डेविड मोइनिना सेंगेह ने कथित तौर पर इसे यूनिवर्सल कनेक्टिविटी और शैक्षिक परिवर्तन के सरकार के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। पिछले सप्ताह कंपनी को श्रीलंका से उपग्रह सेवा शुरू करने की मंजूरी दे दी गई थी। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा कि यह शुरूआत हमारी कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा और विशेष रूप से हमारे युवाओं के लिए नए रास्ते खोलेगा। मई में मस्क ने इंडोनेशिया और फिजी में स्टारलिंक लॉन्च किया था। मस्क के अनुसार, स्टारलिंक के साथ हाई-स्पीड इंटरनेट सेवा का ऑर्डर देने के लिए किसी लॉन्ग टर्म कॉन्ट्रैक्ट की आवश्यकता नहीं है। मस्क ने कहा, "इससे 2 मिनट में ऑनलाइन ऑर्डर करना आसान है। इससे पहले टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क कहा था कि उनका अपना 'एक्स फोन' भी एक संभावित साझेदार के रूप में सैमसंग के साथ आने की संभावना है। उन्होंने कहा था कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने आईफोन और अन्य एप्पल डिवाइस में चैटजीपीटी के इंटीग्रेशन की भी आलोचना की थी। एक एक्स यूजर ने दावा किया था, "एक्स सैमसंग के साथ साझेदारी करके एक एक्स फोन बनाएगा।

## एक नजर

### बंदुआ इलाके में युवक की गोली मारकर हत्या

**चैनपुर।** 8 जून को पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के बंदुआ इलाके में लक्की नामक एक युवक की गोली मारकर हत्या हुई थी। इस मामले का खुलासा चैनपुर थाना पुलिस ने कर दिया है। मामले में जानकारी देते हुए सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मणि भूषण प्रसाद ने बताया कि मामूली आपसी विवाद में दोस्तों ने ही लक्की की गोली मारकर हत्या की थी। लक्की हमेशा अपने 4 दोस्तों के साथ रहता था, 8 जून को आपस में कुछ कहासुनी हुई और दोस्तों ने ही लक्की को गोली मार दी। मामले में पुलिस ने 2 आरोपी पवन कुमार और रोहित कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं फरार अश्वनी कुमार तिवारी और एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

### निर्माण पूर्ण होने पर शुरू हो टोल टैक्स स्थानीय को मिले छूट

**हरिहरगंज।** एनएच 139 से जुड़ा सभी तरह का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद ही इस सड़क पर टोल टैक्स चालू किया जाए। यह मांग स्थानीय लोगों ने रखी है। इसको लेकर बुधवार को भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन के अगुवाई में तकरीबन 80-90 लोग कौवाखोह स्थित टोल टैक्स स्थल पर पहुंचे, यहां उन्होंने आक्रोश प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी भी की और अपनी मांगे रखी। राजीव रंजन ने कहा कि अभी सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है और एनएचएआई टोल टैक्स चालू करने की सोच रही है। उन्होंने यह भी कहा कि टोल टैक्स पर स्थानीय लोगों को सुविधा मिलनी चाहिए। क्योंकि उन्हें अपने छोटे-मोटे कार्यों को लेकर दिन भर में कई बार टोल पार करने की जरूरत पड़ेगी। उनकी मांगों में 70 प्रतिशत रोजगार स्थानीय लोगों को दिया जाना भी शामिल है।

### दो पान गुमटियों में हुई चोरी, घटना जांच में जुटी पुलिस

**नावाबाजार (पलामू)।** नावा बाजार मुख्य पथ एनएच 98 बस स्टैंड के समीप दो पान की गुमटी में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। दुकान दारों में आशिक खान व शाहनवाज का नाम शामिल है।अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। जिसमें गुमटी में रखें कुरकुरे, सिगरेट, गुटका सहित नगद पैसे चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। चोरी के भुक्तभोगी दुकानदारों के द्वारा थाना को सूचना दिया गया। जहां नावाबाजार के एएसआई भुनेश्वर दुरी पहुंचकर चोरी के विरुद्ध जांच में जुट कर अगल-बगल लगे सीसीटीवी को खंगालने में लग गए हैं। बताया जा रहा है कि इन दिनों क्षेत्र में गजेड़ियों की संख्या बढ़ गया है। ऐसे युवक चोरी की घटना अंजाम दे सकते हैं। उनके प्रति पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

# मनरेगा कार्य के भुगतान में लापरवाही बीडीओ ने मुखिया पर लगाया अर्थदंड

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के परता पंचायत में मनरेगा कार्य के भुगतान में लापरवाही बरतने के विरुद्ध बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने मुखिया कमल कुमार को स्पष्टीकरण देते हुए एक हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाया है। स्पष्टीकरण संबंधी पत्र में कहा गया है कि मनरेगा अन्तर्गत क्रियान्वित योजना में परता के मुखिया द्वारा मजदूरी भुगतान टी+5 के अन्दर नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण मजदूरी भुगतान में विलंब हो रहा है। इसकी समीक्षा राज्य तथा जिला स्तर पर प्रतिदिन दूरभाष, व्हाट्सएप एवं पत्र के माध्यम से और प्रखण्ड स्तर पर हर सप्ताह समीक्षा बैठक में की जा रही है। इसके बावजूद मुखिया द्वारा पंचायत परता में 11।06।2024 को योजना संख्या (1) ग्राम कबरा में अब्दुल आजम की मिश्रित फल बागवानी टी+10, (2) ग्राम कबरा खुर्द में खुर्शिद अहमद की आम बागवानी टी +9, (3) परता में नीलम देवी की आम बागवानी टी+9 होने के बावजूद इनका भुगतान नहीं किया गया है, जो मुखिया के कार्य के प्रति लापरवाही को दर्शाता है।



हजार रुपये का अर्थदंड

पत्र के माध्यम से मनरेगा आधिनियम 2006 के तहत समयावधि में मजदूरों की मजदूरी भुगतान नहीं करने पर मुखिया पर एक हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाया गया है। पत्र के माध्यम से बीडीओ ने निर्देश दिया है कि दो दिनों के अंदर मुखिया अपना स्पष्टीकरण दें। इसके उनके विरुद्ध मजदूरों की मजदूरी भुगतान नहीं करने एवं निर्धारित समयावधि तक सुनिश्चित नहीं करने के इस कृत्य के लिए अनुशासनात्मक एवं अर्थदण्डात्मक कार्रवाई करने के लिए उच्चाधिकारियों को अनुशंसा कर दी जाएगी।

### हुसैनाबाद के युवाओं के लिए रोजगार के विजन : सूर्या सिंह

**हैदरनगर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के युवा नेता सूर्या सिंह ने हुसैनाबाद क्षेत्र के विकास व युवाओं के रोजगार के विजन को साझा किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं के रोजगार के नये विकल्प व अवसरों का रोडमैप तैयार है। सभी युवाओं को सपोर्ट करना व करियर में अवसर देना मुख्य विजन है। आगामी 25 वर्षों के लिये उनके पास विकास का रोडमैप जो है, किसी अन्य विरोधी के पास नहीं है। उन्होंने युवाओं से हुसैनाबाद के विकास के लिये उनके विजन से जुड़ने की अपील की है। उनका उद्देश्य सभी वर्ग व जाति के लोगों को आत्मनिर्भर बनाकर विकास की मुख्यधारा में जोड़ना है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति के विकास की प्रतिबद्धता जताया है। उन्होंने हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह के कार्यों की भी सराहना कर बताया कि उन्होंने क्षेत्र में कई विकास कार्य का क्रियान्वयन के अलावे वर्तमान में कई इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं तेजी से चल रही है।

## न्यूज बॉक्स

### समाजसेवी महिला पार्वती साहू की पांचवीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**हुसैनाबाद।** जपला धरहरा स्थित नहर मोड़ पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता की माता पार्वती साहू की पांचवीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह,रामप्रवेश सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार व श्रवण कुमार ने पार्वती साहू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि दिवंगत आत्मा को शांति और मोक्ष प्रदान करें। इस दुःख की घड़ी में हम सब आपके साथ हैं । दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि । मेरी प्रार्थना आपके और आपके परिवार के साथ है । वहीं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने कहा कि मेरी पूजनीय माँ की पांचवीं पुण्यतिथि पर मैं उनको नमन और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। मेरी माँ ने पग-पग पर मेरा साथ ही नहीं दिया, बल्कि जब जरूरत पड़ी मेरी ढाल बनकर मेरी रक्षा भी की है । मां ने तन से तो हमारा साथ छोड़ दिया।

### डायन बोलकर मारपीट करने की हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के चंकार गोपाल गांव निवासी रामबचन पल ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मेदिनीनगर के समक्ष परिवाद दायर कर गांव के ही प्रदीप पाल ,उनकी पत्नी संजू देवी व पुत्री रूबी कुमारी पर मार पीट करने व रामबचन पाल की पत्नी को डायन कह कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। परिवाद के आधार पर हुसैनाबाद थाना में प्रदीप पाल उनकी पत्नी संजू देवी व पुत्री रूबी कुमारी के खिलाफ 3/4 समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। रामबचन पाल के द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार विपक्षी द्वारा उनके खेत में बकरी चराने को लेकर विवाद हुआ था। बकरी चराने से मना करने पर संजू देवी ने ईट पत्थर चलाकर रामबचन पाल को मारने की कोशिश की थी। बाद में प्रदीप पाल संजू देवी व रूबी कुमारी उनके घर पर आकर गाली गलौज किया साथ ही रामबचन पाल की पत्नी के साथ प्रदीप पाल ने अश्लील हरकत की व डायन कहकर मारपीट की गई। हल्ला करने पर गांव के लोगों ने बीच बचाव कर छुड़ाया था। रामबचन पाल ने विपक्षियों पर कान की बाली छीन लेने का भी आरोप लगाया है। पुलिस मामले की छान बीन में जुट गई है।

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में समर कैंप का समापन

**लातेहार।** पीएम केंद्रीय विद्यालय, लातेहार में बुधवार को आयोजित एक सप्ताह का समर कैंप संपन्न हो गया। समर कैंप के अंतिम दिन विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने की अपील को लेकर पेंटिंग व पोस्टर मेकिंग की। मौके पर छात्र आदित्य राज, आध्या टैगोर, अमन कुमार व साक्षी प्रिया आदि ने आकर्षक पेंटिंग बनायी। विद्यालय के कला शिक्षक अनुराग ने छात्रों को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के दुष्परिणामों से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने जल संरक्षण के प्रति छात्रों को जागरूक किया और कहा कि बिना जल के हम जीवन की कल्पना नहीं कर सकते हैं। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पीके ठाकुर ने बताया कि गत पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस से विद्यालय में समर कैंप का आयोजन किया गया था। प्रत्येक दिन विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित कर बच्चों को पर्यावरण की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया गया। श्री कुमार ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए। इससे न सिर्फ धरती हरी भरी रहती है वरन पर्यावरण भी संतुलित होता है। असंतुलित पर्यावरण के कारण ही आज कहीं बाढ़ तो कहीं सूखा है।

### प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने जन वितरण प्रणाली दुकान का किया निरीक्षण

# कार्डधारियों से मिलकर वितरण की स्थिति की जानकारी ली

खबर का असर

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर प्रखंड के प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सखी चंद ने आज तोलरा गांव स्थित शोखा बाबा स्वयं सहायता समूह की ओर से संचालित जन वितरण प्रणाली दुकान का निरीक्षण किया। जहां कार्डधारियों से मिलकर खाद्यान्न वितरण की स्थिति की जानकारी ली। कार्डधारियों के द्वारा आधा किलो कम खाद्यान्न देने की शिकायत आपूर्ति पदाधिकारी से की गई। वहीं प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी दुकान का भी निरीक्षण किया। जहां खाद्यान्न वितरण से संबंधित सारे पंजी का अवलोकन करते हुए वर्तमान खाद्यान्न की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। वहीं दुकान की जांच व कार्डधारियों से मिली जानकारी का रिपोर्ट वरीय




अधिकारियों से करने की बात कहीं। 11 जून मंगलवार को 'लाभुक की डीलर की पति ने की पिटाई' शीर्षक नाम से राष्ट्रीय नवीन मेल ने खबर प्रकाशित किया था। जिसे गंभीरता से लेते हुए विश्रामपुर प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सखी चंद दास दुकान का निरीक्षण किया। विदित हो कि तोलरा गांव निवासी अमरेश तिवारी के साथ डीलर के पति दिलीप तिवारी व उसके परिवार के सदस्यों के द्वारा मारपीट की गई। मारपीट करने के पहले उसे घर में बंद किया गया। जहां तेज बनने की बात कह कर पिटाई किया गया। पीड़ित अमरेश तिवारी के द्वारा रेहला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है।अपना खाद्यान्न की बार-बार मांग करने पर डीलर पति दिलीप तिवारी उसके भाई अमित तिवारी और पिता जगन्नाथ तिवारी के द्वारा जबरन घर में बंद कर लाठी डंडे से पिटाई की गई। अमरेश तिवारी के अनुसार किसी तरह वहां से जान बचाकर भागे। फिर भी उनके द्वारा जान से मारने की धमकी दिया जाता रहा।

# पहाड़ी, गम्हेल रोड, गौसिया मुहल्ला में पेयजल की भारी किल्लत

*बर्तन लेकर पानी के लिए सड़क पर उतरे स्थानीय निवासी*

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** जिला मुख्यालय स्थित मेदिनीनगर नगर निगम के वार्ड 27 अंतर्गत आने वाले इलाके पहाड़ी मुहल्ला, गम्हेल रोड, गौसिया मुहल्ला में लोग पेयजल के लिए काफी परेशान हैं। यहां के लोग काफी दूर हॉस्पिटल चौक से पानी लाने पर मजबूर हैं। इस इलाके में जलापूर्ति का पानी नहीं पहुंच रहा है। नगर निगम की ओर से टैंकर से जो पानी दिया जा रहा है, वह भी बड़ी आबादी के कारण काफी कम पड़ रहा है। बुधवार को इस इलाके के परेशान लोग पानी के बर्तन लिए सड़क पर नजर आए। सारे लोग पेयजल की मांग कर रहे थे। इनमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। महिलाओंने कहा कि पानी के लिए उन्हें तरसना पड़ रहा है। मोहल्ले से काफी दूर अस्पताल चौक से सारे लोग पानी लाकर किसी तरह अपनी प्यास बुझा रहे हैं। मोहल्ले में सप्लाई पानी नहीं आ पाता। कुंड मुहल्ला में शिव मंदिर के पास से



जलापूर्ति का पानी उपरोक्त मुहल्लों के लिए बंद कर दिया गया है। यह स्थिति पिछले छह सात महीने से बनी हुई है। नगर आयुक्त मो. जावेद हुसैन को इस संबंध में लिखित जानकारी दी गयी थी, लेकिन एक माह बीतने के बाद भी जलापूर्ति का पानी मुहल्लों में भेजने को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। एक टैंकर से जो पानी आपूर्ति हो रहा है, वह भी काफी कम है। ऐसे में सभी घरों को पानी नसीब नहीं हो रहा है। कोयल नदी के सूख जाने के कारण चुवाड़ी से भी पानी नहीं मिल पा रहा है। मुहल्ले के लोगों ने जलमीनार स्थापित करने की मांग की, ताकि स्थानीय स्तर पर पानी समस्या का स्थायी निदान हो सके।

# प्रेमी निकला कातिल, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

नवीन मेल संवाददाता

**नावाबाजार, पलामू ।** नावा बाजार थाना क्षेत्र के अजनिया आहार के समीप एक नवनिर्मित कुआं से बरामद गुड़िया देवी उर्फ खुशबू देवी के हत्यारों की शिनाख्त कर ली गई। गुड़िया का प्रेमी खोड़ी गांव निवासी मोहम्मद इबरार ही कातिल निकला। नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार पुलिस बल के साथ उसे घर से गिरफ्तार करते हुए थाना कांड संख्या 14/24 में धारा 302, 201 भादवि के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 22 मार्च को नावाबाजार थाना क्षेत्र के अजनिया आहार के समीप एक नवनिर्मित कुआं में एक महिला का शव बरामद किया गया था। जिसकी पहचान सोहदाग खुर्द गांव निवासी काली साव की पुत्री गुड़िया देवी उर्फ खुशबू देवी के रूप में की गई थी। जिसकी शादी पांडू थाना क्षेत्र के



रतनाग गांव में हुई थी। नावाबाजार थाना प्रभारी छोटू कुमार ने बताया कि महिला की मोबाइल नंबर से कातिल प्रेमी की पहचान हो सका। महिला की मोबाइल की कॉल डिटेल निकलने से लंबे दोनों से उनके बीच बातचीत होने की जानकारी मिली। दोनों के बीच प्रेमी प्रेमिका के रूप में रिश्ता कायम हो चुके थे। घटना के बाद से इबरार गायब था। नावा बाजार पुलिस उसे संदिग्ध मानते हुए अपने स्तर से गिरफ्तारी का हरसंभव प्रयास में लगे हुए था। इबरार को घर पहुंचने की सूचना मिलते हीं से पुलिस ने दबोच लिया। जहां इबरार ने हत्या के कारणों का खुलासा करते हुए घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया। साथ हीं उसके निशानदेही पर पुलिस ने मृतक गुड़िया देवी का मोबाइल व सिम सहित अभियुक्त का सिम कार्ड बरामद कर लिया।

# बिजली विभाग ने मई में बिजली चोरी से संबंधित 118 एफआईआर कराई

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डाल्टनगंज शहरी, डाल्टनगंज ग्रामीण और पाटन को मिलकर बिजली विभाग ने पिछले महीने मई में 118 एफआईआर किया है। यह 118 एफआईआर बिजली की चोरी से संबंधित है। बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता शंभुनाथ चौधरी ने 118 एफआईआर किए जाने की पुष्टि की है। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि यह 118 एफआईआर बिजली की चोरी से संबंधित है। चौधरी ने कहा कि डाल्टनगंज शहरी क्षेत्र में कुछ लोगों ने बिजली चोरी के नया तरीका ढूंढ लिए है। यह नया तरीका पूरी तरह से गैर कानूनी है लोग बिजली के उपयोग कर लेते हैं पर उनके मीटर नहीं चलता है। कार्यपालक अभियंता शंभुनाथ चौधरी ने कहा कि इसको बिजली तार के बाईपास कहा जाता है। बिजली तार के बाईपास के मतलब हुआ कि बिना मीटर के चले भी घर ,दुकान में बिजली की उपयोग किया



गया। कार्यपालक अभियंता ने कहा कि यह एक बड़ा अपराध है। बिजली विभाग ने पिछले महीने में 118 एफआईआर किया और 471 छापे भी मारे। कार्यपालक अभियंता ने 471 छापे मारने की भी पुष्टि की है। बिजली की चोरी के लिए डाल्टनगंज शहरी क्षेत्र में 2 लाख 78 हजार के दंड लगाया गए गया।, कहा कार्यपालक अभियंता ने इसी तरह डाल्टनगंज ग्रामीण क्षेत्र में चार लाख 12 हजार के दंड लगाया गया। ,पाटन क्षेत्र में भी 3 लाख दंड बिजली चोरी पर लगाया गया है। इस तरह से कुल 9 लाख 96 हजार के दंड बिजली विभाग ने लगाया पिछले मई महीने में कहां कार्यपालक अभियंता शंभू नाथ चौधरी ने। जहां दंड लगा है 9लाख 96 हजार रुपए के वहीं बिजली के कुल बकाया डाल्टनगंज शहरी, डाल्टनगंज ग्रामीण और पाटन के 6लाख 55 हजार है। कार्यपालक अभियंता शंभू नाथ चौधरी ने बिजली के उपभोक्ताओं से बिजली के बकाया राशि के भुगतान की बात कही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से कहा कि वह बिजली की चोरी तुरंत बंद कर दे वरना पकड़े जाने पर एफआईआर तो हो कर रहेगा।

### डायन बिसाही को लेकर मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के चंकार गोपाल गांव निवासी रामबचन पाल ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मेदिनीनगर के समक्ष परिवाद दायर कर गांव के ही प्रदीप पाल, उनकी पत्नी संजू देवी व पुत्री रूबी कुमारी पर मारपीट करने व रामबचन पाल की पत्नी को डायन कह कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। परिवाद के आधार पर हुसैनाबाद थाना में प्रदीप पाल उनकी पत्नी संजू देवी, पुत्री रूबी कुमारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। रामबचन पाल द्वारा दिए गए, आवेदन के अनुसार विपक्षी द्वारा उनके खेत में बकरी चराने को लेकर विवाद हुआ था। बकरी चराने से मना करने पर संजू देवी ने ईट पत्थर चलाकर रामबचन पाल को मारने की कोशिश की थी। बाद में प्रदीप पाल संजू देवी और रूबी कुमारी उनके घर पर आकर गाली गलौज किया। साथ ही रामबचन पाल की पत्नी के साथ प्रदीप पाल ने अश्लील हरकत की व डायन कहकर मारपीट भी की। हल्ला करने पर गांव के लोगों ने बीच बचाव कर छुड़ाया था। रामबचन पाल ने विपक्षियों पर कान की बाली छीन लेने का भी आरोप लगाया है। पुलिस मामले की छान बीन में जुट गई है।

## पेज एक का शेष

### कुवैत के अपार्टमेंट में लगी भीषण आग में कई भारतीयों की हुई मौत

**इमारत के मालिक को गिरफ्तार करने के आदेश :** कुवैत के आंतरिक मामलों के मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबा ने पुलिस को मंगफ स्थित इमारत के मालिक को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा है कि इस हादसे के जिम्मेदार कंपनी और बिल्डिंग के मालिक हैं। उन्होंने कुवैत प्रशासन और नगर पालिका को इस मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### कठुआ में मुठभेड़, दूसरा आतंकी भी हुआ ढेर, सीआरपीएफ जवान शहीद

**मारे गए आतंकी से भारी मात्रा में हथियार और एक लाख की नकदी बरामद :** सुरक्षा बलों ने चल रही मुठभेड़ स्थल के आसपास हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। अधिकारी के अनुसार, बरामद हथियारों और गोला-बारूद में 30 राउंड वाली तीन मैगजीन, 24 राउंड वाली एक अन्य मैगजीन, अलग-अलग पॉलीथीन में 75 राउंड, तीन ग्रेनेड, एक लाख रुपये की करेंसी (500 रुपये के 200 नोट), खाने-पीने का सामान (पाकिस्तान में बनी चॉकलेट, सूखे चने और बासी रोटियां), पाकिस्तान में बनी दवाइयां और इंजेक्शन (दर्द निवारक), एक सिरिंज, ए4 बैटरी के 2 पैक और टेप में लिपटा एक हैंडसेट जिसमें एंटीना और हैंडसेट से लटके दो तार शामिल हैं। मंगलवार रात कठुआ की तहसील हीरानगर की गांव सैदा सोहल सैडा में आतंकियों ने एक घर में दबिश दी। आतंकियों की फायरिंग में एक व्यक्ति घायल हो गया। उधर, लोगों ने सुरक्षा बलों को सूचना दी। आतंकियों ने पुलिस से हुई मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी आतंकी मार गिराया गया।

**आतंकियों ने एसएसपी-डीआईजी की गाड़ी पर बरसाई गोलियां :** रात में मौके पर पहुंचे डीआईजी और एसएसपी की गाड़ी पर भी आतंकियों ने गोलियां बरसाईं। हालांकि इस हमले में दोनों अधिकारी किसी तरह जान बचाने में सफल रहे।

**सुबह फिर ऑपरेशन में तेजी लाई गई तेजी :** सुबह होते ही एक बार फिर यहां ऑपरेशन में तेजी लाई गई। आतंकियों की तलाश के लिए ड्रोन की भी मदद ली गई। एडीजीपी जम्मू मौके पर पहुंचे। वह ऑपरेशन पर करीब से निगरानी बनाए हुए हैं।

# बाहरी जानवरों को लाने के लिए लेनी होगी अनुमति : आशुतोष

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व को इंतजार है केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकार की अनुमति के। पलामू टाइगर रिजर्व को रांची ओरमांझी के भगवान बिरसा जैविक उद्यान से 300 जानवर को लाना है। इस 300 जानवर में चीतल की संख्या होगी 250 कोटरा 10, सांभर 10, काला हिरण 20, 8 नीलगाय और 2 बायसन । भगवान बिरसा जैविक उद्यान ने पलामू टाइगर रिजर्व को को ही सूचित कर दिया था कि वह 300 जानवर को पलामू टाइगर रिजर्व को देने के लिए तैयार है। पलामू टाइगर के क्षेत्र निदेशक कुमार आशुतोष ने कहा कि पलामू टाइगर रिजर्व में जब कभी बाहर से जानवर लाना होगा तो दो जगह से अनुमति लेना पड़ता है। एक है राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकार और दूसरे हैं केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकार। कुमार आशुतोष ने प्रेस को बताया कि राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकार ने अनुमति दे दी है। पलामू टाइगर रिजर्व को इंतजार है। राष्ट्रीय चिड़ियाघर प्राधिकार की अनुमति के।




बिना अनुमति के एक जानवर बाहर से नहीं लाया जा सकता है। कुमार आशुतोष ने कहा कि इस जून में राष्ट्रीय चिड़ियाघर प्राधिकार से 300 जानवर लाने की अनुमति मिल सकता है। वर्षा शुरू होते ही यदि तब तक अनुमति मिल जाती है तो 300 जानवर को पलामू टाइगर रिजर्व में लाया जाएगा। कुमार आशुतोष ने कहा कि अब हमारे पास बीमा ट्रक भी है इसलिए भगवान बिरसा जैविक उद्यान से 300 जानवर लाना कोई बड़ा काम नहीं हो न चाहिए।



# जिले में हर घर नल जल योजना फेल : प्रकाश राम

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा है कि लातेहार जिले में केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी हर घर नल हर घर जल योजना फेल हो चुका है। जिले से लेकर राज्य स्तर के अधिकारी संवेदक के साथ मिलकर इस योजना में लूट मचा रखी है। श्री राम पत्रकारों के सवालों के जवाब में यह बात कही। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रचंड गर्मी में लोग पानी के लिए त्राहि त्राहि कर रहे हैं। लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। इस योजना में कहीं नल लगाया गया है, तो वहां पानी नहीं है। कहीं पाइप बिछाई गई है तो कनेक्शन नहीं दिए गए हैं। अधिकांश सोलर जलमीनार खराब पड़ी है। कहीं तो बिना काम कराए ही पैसा निकाल लिया गया है। कहीं बोरिंग कम की गई है, तो कहीं मेटेरियल घटिया किस्म का लगाया गया। उन्होंने कहा कि वे इसके खिलाफ आन्दोलन करेंगे। मौके पर पवन कुमार, अनिल सिंह और विशाल चंद्र साहू मौजूद थे।




# कभी सरपंच थे माझी, आज बने ओडिशा के प्रधान

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** मोहन चरण माझी ने अपना सियासी सफर सरपंच से शुरू किया था और अंततः ओडिशा के प्रधान (मुख्यमंत्री) बन गए। माझी के नाम का एलान 11 जून को हुई विधायक दल की बैठक में किया गया था। भाजपा ने वरिष्ठ पार्टी नेता राजनाथ सिंह और भूपेंद्र यादव को ओडिशा में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। सीएम चुने जाने के बाद माझी ने कहा कि वह मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए पुरी जाएंगे।

**भाजपा ने जताया पूरा भरोसा** : चार बार एक ही विधानसभा क्षेत्र से जीत हासिल करने वाले माझी पर इस बार भारतीय जनता पार्टी ने भरोसा जताया और उन्हें ओडिशा का 15वां मुख्यमंत्री नियुक्त किया है। आपको बता दें कि इस बार ओडिशा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में बीजू जनता दल के विजयरथ को रोका और बड़ी जीत दर्ज की। 147 में से 78 सीटों पर जीत हासिल कर भारतीय जनता पार्टी ओडिशा में सबसे बड़ा दल बनकर उभरी। पार्टी ने मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए बिना पीएम मोदी के नेतृत्व में चुनाव लड़ा था। उधर, बीजू जनता दल को 51 सीटों पर जीत हासिल हुई।

**विधानसभा चुनाव में क्योंझर सीट से जीते** : आदिवासी नेता मोहन माझी ने विधानसभा चुनाव में क्योंझर सीट से जीत हासिल की है। इस चुनाव में उन्होंने बीजू जनता दल की मीना माझी को 11,577 मतों से शिकस्त दी। 52 वर्षीय भाजपा नेता की विधानसभा चुनाव में यह चौथी जीत है। वह पहली बार 2000 में क्योंझर (एसटी) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के विधायक चुने गए थे। इसके बाद 2004, 2019 और अब 2024 में भी क्योंझर सीट से जीते हैं। माझी ओडिशा विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक भी रह चुके हैं।

## ऐसा रहा है सियासी सफर

मोहन चरण माझी का जन्म 1972 में ओडिशा में हुआ था। उनके पिता का नाम गुनाराम माझी है। उनकी शादी डॉ. प्रियंका मरांडी से हुई है और उनके दो बेटे हैं। मोहन चरण माझी ने अपना सियासी करियर एक सरपंच के रूप में शुरू किया था। उन्होंने यह जिम्मेदारी 1997 से 2000 के बीच संभाली। 1997 में उन्हें भाजपा ओडिशा आदिवासी मोर्चा के सचिव की जिम्मेदारी मिली। इसके अलावा मोहन स्थानीय स्तर पर युबज्योति क्लब, रायकला के अध्यक्ष, बाबा धबलेश्वर महादेव मंदिर समिति, रायकला के सदस्य और भाजपा ओडिशा एसटी मोर्चा के महासचिव जैसे पदों पर भी रहे।







1.प्रधानमंत्री मोदी से मिलते ओडिशा के नए सीएम मोहन चरण माझी और 2.राज्यपाल रघुवर दास।

### घोटाला उजागर करने के लिए विस अध्यक्ष पर माझी ने फेंक दी थी दाल

2023 में माझी तब सुर्खियों में आए थे जब उन्होंने 700 करोड़ रुपये के मिड डे मील घोटाले को उजागर करने के लिए अनूठे तरीके से विधानसभा में विरोध किया था। माझी ने तब एक कटोरी बिना पकी दाल स्पीकर की तरफ उछाल दी थी।

### क्योंझर में राइजिंग स्टार क्लब फुटबॉल खिलाड़ी रहे हैं मोहन चरण माझी

हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में मोहन ने अपनी संपत्ति 1.97 करोड़ रुपये घोषित की थी। वह खुद को पेशे से किसान और समाजसेवक बताते हैं। शैक्षिक योग्यता की बात करें तो माझी स्नातक पेशेवर हैं। 1993 में सीएस कॉलेज चंपुआ से बीए किया है। इसके बाद मोहन ने 2011 में ढेंकनाल लॉ कॉलेज से एल.एल.बी. किया है। यात्रा और खेल का शौक रखने वाले मोहन रायकला, क्योंझर में राइजिंग स्टार क्लब के फुटबॉल खिलाड़ी रहे हैं।

## चंद्रबाबू ने भावुक होकर पीएम मोदी को गले लगाया

**विजयवाड़ा।** तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष नारा चंद्रबाबू नायडू बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद भावुक हो गए। लाखों लोगों और मशहूर हस्तियों की मौजूदगी में राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद नायडू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गले लगा लिया। दर्शकों की जोरदार जय-जयकार के बीच 74 वर्षीय नायडू ने तेलुगु में पद और गोपनीयता की शपथ ली। प्रधानमंत्री ने उन्हें बधाई देने के लिए गुलदस्ता भेंट किया। नायडू इस दौरान काफी भावुक दिखाई दिए, जब उन्होंने पीएम मोदी को गले लगाया। फिर वो अपनी पत्नी भुवनेश्वरी के बगल में अपनी कुर्सी पर वापस आकर बैठ गए।

2021 में नायडू ने अपनी पत्नी का वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के कुछ विधायकों द्वारा कथित रूप से अपमान किए जाने के बाद विधानसभा से वॉकआउट किया था और तभी उन्होंने कसम खाई थी कि वो एक दिन फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।मंत्री पद की शपथ लेने के बाद जन सेना नेता पवन कल्याण अपने बड़े भाई मेगास्टार चिरंजीवी के पास गए और उनके पैर छुए। चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश ने मंत्री पद की शपथ ली। टीडीपी महासचिव लोकेश ने अपने पिता, प्रधानमंत्री मोदी और राज्यपाल का आशीर्वाद लिया। विजयवाड़ा के गन्नावरम हवाई अड्डे के पास केसरपल्ली आईटी पार्क में आयोजित समारोह में एनडीए के कुल 24 मंत्रियों ने शपथ ली। मंत्रियों में जन सेना के तीन और भाजपा का एक मंत्री है। इस अवसर पर पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमन्ना, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जे.पी. नड्डा, नितिन गडकरी, राम मोहन नायडू, पेम्मासनी चंद्रशेखर, चिराग पासवान, किशन रेड्डी, रामदास आठवले, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डी. पुरंदेश्वरी मौजूद थे।

### नायडू ने की भाजपा की तारीफ

तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उन्हें राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके अलावा दक्षिण के सुपर स्टार और जनसेना पार्टी के संस्थापक पवन कल्याण ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, नितिन गडकरी, राम मोहन नायडू समेत कई मंत्री शामिल हुए। इसी बीच चंद्रबाबू नायडू का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह अपने सहयोगी दल भारतीय जनता पार्टी की तारीफ करते दिखे।





### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीएम चंद्रबाबू नायडू को दी बधाई

नई दिल्ली, 12 जून (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को एन. चंद्रबाबू नायडू को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर समारोह की तस्वीरें साझा करते हुए पोस्ट किया, आंध्र प्रदेश की नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुआ।

### 'मेगास्टार ब्रदर्स' का हाथ थामकर प्रधानमंत्री मोदी ने किया जनता का अभिवादन

**विजयवाड़ा।** तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उन्हें राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। वहीं, दक्षिण के सुपरस्टार और जनसेना पार्टी के संस्थापक पवन कल्याण ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह का एक वीडियो सामने आया है। इसमें पीएम मोदी मंच से चिरंजीवी और पवन कल्याण का हाथ पकड़कर लोगों का अभिवादन करते हैं। मोदी दोनों भाईयों का गले भी लगाते हैं।

## संविधान संशोधन, 400 पार के नारे के दावे से हुआ नुकसान : एकनाथ शिंदे

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद एनडीए में अब आगामी विधानसभा चुनावों में में नफा - नुकसान के मद्देनजर किचाइन शुरू हो गया है। लोकसभा चुनाव के परिणाम आने , लोक सभा सीटों में कमी आने के बाद महाराष्ट्र के सत्ताधारी गठबंधन में उथल-पुथल है। एक तरह अजित पवार वाली एनसीपी में नोक झोंक की खबरें हैं, तो दूसरी तरफ शिवसेना (शिंदे) गुट में चिंता है। इस दौरान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बयान दिया है कि बीजेपी और उनके गठबंधन को विपक्ष के संविधान से जुड़े दावे ( भाजपा के कई सांसदों द्वारा बयान देना कि इस लोकसभा चुनाव भाजपा जब दो तिहाई से ज्यादा सीटें जीतेगी तभी कई नियम बदलने के लिए संविधान बदल सकेगी , इसलिए 400 सीटें जीतनी जरूरी है। जिस पर कांग्रेस ने कहा कि भाजपा 400 पार सीटें जीती तो संविधान बदल देगी, आरक्षण खत्म कर देगी।) और 400 पार के नारे के रहते हार का सामना करना पड़ा है। शिंदे ने मुंबई में एक बैठक में कहा कि चुनावों के दौरान हमें कुछ जगहों पर हार का सामना करना पड़ा, इसकी वजह गलत बयानबाजी किया जाना था। सीएम शिंदे ने कहा, ह्लविपक्ष ने गलत बयानबाजी की कि संविधान में बदलाव किया जाएगा और आरक्षण खत्म किया जाएगा ।लेकिन वास्तव में ऐसा कुछ नहीं होने वाला था। हमारे 400 पार नारे ने गलत धारणाएं पैदा की और लोगों के मन में आशंकाएं पैदा कीं कि भविष्य में यह मुद्दा बनेगा।ह्ममालूम हो कि शिंदे की शिवसेना ने 15 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ा और उनमें से 7 पर जीत हासिल की, जबकि भाजपा ने राज्य में 28 सीटों पर चुनाव लड़कर 9 सीटें जीतीं। इस बारे में शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) नेता संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा को जो नुकसान हुआ है, वह अजित पवार और एकनाथ शिंदे की वजह से हुआ है। राउत ने आगे कहा, एकनाथ शिंदे ने पैसे और पुलिस की ताकत से 7 सीटें जीती हैं। 400 पार का नारा नरेंद्र मोदी ने दिया था। क्या उनमें इतनी हिम्मत है कि वे जाकर उनसे कहें कि यह नारा गलत था ?ह्वराउत ने महाराष्ट्र से जुड़ी बड़ी खबरों में यह भी है कि शरद पवार की एनसीपी में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। एक बैठक के दौरान पार्टी के नेता रोहित पवार और प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल के बीच नोक-झोंक की बात भी सामने आई है।

## जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने इटली जाएंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** लगातार तीसरी बार पदभार ग्रहण करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को इटली की यात्रा पर जाएंगे। यहां वो 13-15 जून तक पुगलिया में आयोजित होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के न्योते पर शुक्रवार को जी7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में हिस्सा लेंगे। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा, ₹यह यात्रा प्रधानमंत्री मोदी को जी7 शिखर सम्मेलन में मौजूद दूसरे विश्व नेताओं के साथ भारत और ग्लोबल साउथ के लिए कई अहम मुद्दों पर बातचीत करने का अवसर प्रदान करेगी। यह 11वीं बार होगा जब भारत जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेगा और इसमें प्रधानमंत्री मोदी की लगातार पांचवीं भागीदारी होगी।

## देश के नागरिकों के लिए जीवनयापन आसान बनाएगी सरकार : सीतारमण

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को पूरा करने के लिए तदनुसार नीति निर्माण की अपील की*

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि सरकार अपने नागरिकों के लिए जीवनयापन आसान बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा वह इस दिशा में और कदम उठाएगी। मोदी सरकार 3.0 में एक बार फिर वित्त मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने यह बात कही। सुबह नॉर्थ ब्लॉक पहुंचने पर वित्त सचिव टी.वी. सोमनाथन और वित्त एवं कंपनी मामलों के मंत्रालयों के अन्य सचिवों ने उनका स्वागत किया तथा मौजूदा नीतिगत मामलों की जानकारी दी।



### नितिन गडकरी ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली।** नितिन गडकरी ने बुधवार को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मंत्री का कार्यभार संभाल लिया। उनके साथ राज्यमंत्री अजय टम्टा और हर्ष मल्होत्रा भी मौजूद रहे। लगातार तीसरी बार नितिन गडकरी को सड़क परिवहन मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले उन्होंने वर्ष 2014 और 2019 में भी इस मंत्रालय का कार्यभार संभाला था। गडकरी ने मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद 'एक्स' पोस्ट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद किया।

## विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह कुवैत जाएंगे

**नई दिल्ली।** कुवैत में आग की घटना में कई भारतीय कामगारों की मौत और घायल होने के बाद आवश्यक समन्वय के लिए विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह इस मध्य एशियाई देश की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री के निर्देश के अनुसार विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह आग त्रासदी में घायल हुए लोगों की सहायता की निगरानी करने और मारे गए लोगों के अवशेषों को शीघ्र स्वदेश वापस लाने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के लिए कुवैत की यात्रा करेंगे। उल्लेखनीय है कि दक्षिणी कुवैत के मंगफ शहर में बुधवार तड़के एक कंपनी के श्रमिक शिविर में भीषण आग लगने से 45 प्रवासी श्रमिकों की मौत हो गई और कम से कम 50 लोग झुलस गए।

**दौरा** / प्रधानमंत्री मोदी की तरह मैं भगवान द्वारा निर्देशित नहीं हूं, मैं एक साधारण इंसान हूं

## राहुल ने कहा- दुविधा में हूं किसे चुनूं, वायनाड या रायबरेली

*राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के रायबरेली और केरल के वायनाड दोनों जगह से जीत हासिल की है*

एजेंसी

**कोझिकोड।** जनता का आभार जताने केरल के वायनाड पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि वह दुविधा में हैं कि उन्हें कौन सी सीट छोड़नी चाहिए और कौन सी रखनी चाहिए। वायनाड या रायबरेली। इससे पहले राहुल गांधी सुबह कोझिकोड हवाई अड्डे पर पहुंचे और मलप्पुरम जिले के एडवाना के लिए रवाना हुए, जो उनके निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा है। यहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। जीत के बाद अपनी पहली सार्वजनिक सभा में उन्होंने कहा कि वह वायनाड और रायबरेली को लेकर दुविधा में हैं। गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी की तरह मैं भगवान द्वारा निर्देशित नहीं हूं... मैं एक साधारण इंसान हूं। भगवान ही सब निर्णय लेते हैं। मेरे भगवान भारत के गरीब लोग हैं। मेरे भगवान वायनाड के लोग हैं। मैं आपसे बात करूंगा। मैं वायनाड और रायबरेली की जनता से जो वादा करूंगा... मैं जो भी फैसला लूंगा... आप सभी खुश होंगे। गांधी ने लगातार दूसरी बार वायनाड सीट आसानी से जीत ली, लेकिन कम अंतर से। 2019 में वो 4.37 लाख से जीते थे लेकिन इस बार वो 3.64 लाख वोट से जीते हैं। वह अपनी दूसरी सभा को भी करेंगे और बाद में दिल्ली लौट आएंगे।

राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के रायबरेली और केरल के वायनाड दोनों जगह से जीत हासिल की है। उन्हें दो में से एक सीट खाली करना होगा। इससे पहले राहुल गांधी मंगलवार को रायबरेली गए थे। इस दौरान उन्होंने जनता का आभार जताते हुए केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला था। उनके साथ प्रियंका गांधी भी थीं।

राहुल गांधी ने कहा था कि अगर उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव लड़तीं तो वह प्रधानमंत्री मोदी को दो से तीन लाख वोटों से हरा देती। राहुल गांधी रायबरेली लोकसभा सीट से बड़े अंतर से चुनाव जीतने में सफल रहे हैं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को करारी शिकस्त देकर अपने पारिवारिक गढ़ को बरकरार रखा है।



## गाजा में युद्ध विराम समझौता लागू होने की ब्लिंकन को उम्मीद

एजेंसी

**यरूशलेम।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि गाजा संघर्ष में युद्ध विराम के प्रस्ताव का हमास द्वारा स्वागत करना एक अच्छा संकेत है। इजरायल के कान टीवी न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, ब्लिंकन ने यह टिप्पणी हमास के वरिष्ठ प्रवक्ता सामी अबू जुहरी द्वारा मंगलवार को यह कहे जाने के बाद की कि उसने युद्ध विराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। ब्लिंकन फिलफाल युद्ध विराम समझौते को लेकर मिडिल ईस्ट की यात्रा पर हैं। इससे पहले सोमवार को, हमास ने टेलीग्राम पर एक बयान में कहा कि वह गाजा में युद्ध विराम, इजरायली बलों की पूर्ण वापसी और बंधकों के बदले फिलिस्तीनी कैदियों की अदला-बदली का समर्थन करने वाले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का स्वागत करता है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया, ब्लिंकन ने हालांकि गाजा में हमास नेताओं से प्रस्ताव पर साफ तौर पर पुष्टि करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ₹यही चीज मायने रखती है, जिसकी हमें अभी भी कमी है।

उन्होंने सोमवार रात को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की और कहा कि नेतन्याहू ने युद्धविराम प्रस्ताव पर अपनी प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की है।